www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 12 मई, 2024

वर्ष – 17 | अंक –36 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

साहित्य
पिस्टल वाला जीत रहा है पृष्ठ 06
रायबरेली में गरमाने लगा चुनावी पारा पृष्ठ 10

सरकार बनी तो सीबीआई-ईडी के मामले लिए ... पृष्ठ 02

■ आम आदमी पार्टी को कुचलने व खत्म करने में प्रधानमंत्री...
■ जीत सुनिश्चित करने के लिए युद्धस्तर पर करना होगा ... 03

■ इजराइल ने राफा के अन्य हिस्सों को खाली करने का दिया आदेश
■ रूसी हमलों के चलते यूक्रेन में बिजली की भारी किल्लत 07

## सार संक्षेप

### शोपियां में दो आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में दो आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शोपियां पुलिस, सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 14 बटालियन की संयुक्त टीम ने दोनों आतंकवादी सहयोगियों को मलिक चेक क्रॉसिंग पर गिरफ्तार किया।

### कार में आग लगने से दूल्हा समेत चार की मौत



**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी-कानपुर हाईवे के पारीछा ओवर ब्रिज पर एक तेज रफ्तार डीसीएम ने आगे चल रही कार में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार में आग लग गई और उसमें सवार दूल्हे समेत चार लोगों को जलकर मौत हो गई। यह दुर्घटना शुक्रवार देर रात झांसी बड़ागांव थाना क्षेत्र में कानपुर हाईवे पर पारीछा ओवर ब्रिज पर हुई ।

### पटना में रोड शो करेंगें प्रधानमंत्री मोदी



**पटना।** लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 मई को पटना पहुंच रहे हैं। पटना में 12 मई को रोड शो करने के बाद प्रधानमंत्री 13 मई की सुबह पटना साहिब स्थित तख्त श्री हरमंदिर पहुंचेंगे और गुरु के दरबार में मत्था टेकेंगे। नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री होंगे जो तख्त श्री हरमंदिर साहिब पहुंचेंगे। पीएम मोदी के आगमन को लेकर तख्त श्री हरमंदिर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

### सुरजीत के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** पंजाबी के प्रख्यात कवि, गद्यकार, अनुवादक और शिक्षाविद् सुरजीत पातर के निधन पर साहित्य अकादमी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पातर का शनिवार सुबह निधन हो गया। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने एक शोक संदेश में कहा कि 79 वर्ष के जीवनकाल में उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से पंजाबी भाषा और साहित्य को देश-विदेश में प्रतिष्ठा दिलाई। उनका पहला काव्य-संग्रह कोलाज था और पहला गजल संग्रह 1978 में हवा विच लिखे हरफ के नाम से प्रकाशित हुआ।

### चारधाम जाने वालों की परेशानी बढ़ी

**नई दिल्ली।** चारधाम के लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गुजरात से चलने वाली अधिकांश ट्रेनें फुल हो गई हैं। सभी ट्रेनों में दो महीने की वेटिंग है। आलम ये है कि स्लीपर, एसी क्लास की सभी श्रेणी की सीटें बुक हो चुकी हैं। दूसरी ओर 29 जून से शुरु हो रही अमरनाथ यात्रा में भी जून-जुलाई में ज्यादातर दिनों में सीटें उपलब्ध नहीं हैं। सबसे ज्यादा परेशान दिल्ली जाने वाले यात्रियों को हो रही है। क्योंकि अधिकांश श्रद्धालुओं ने दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में ही बुकिंग करवाई है।

## बिहार में इंडिया गठबंधन की बैठक में खड़गे का दावा

# मोदी सरकार बनना अब मुश्किल

■ भाजपा के खिलाफ जनता में है काफी रोष

**पटना,** 11 मई (देशबन्धु)। बिहार में इंडिया गठबंधन के बैनर तले शनिवार को दिग्गजों का जुटान हुआ। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पटना पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब तक तीन चरणों में चुनाव हो चुके हैं। 381 लोकसभा सीट पर चुनाव पूरा हो जाएगा। मोदी के लिए सरकार बना पाना अत्यंत मुश्किल है। इसलिए, वह अब अपनी चुनावी सभाओं में विकास को लेकर कुछ नहीं बोलते हैं। आम लोगों की परेशानी कैसे कम हो इस पर भी चर्चा नहीं करते। वे वोट के लिए हिंदू-मुस्लिम को बांटना चाहते हैं, लेकिन जनता उनकी हर चालाकी को समझ गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 साल के शासन को लेकर जनता में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ काफी रोष है। बेरोजगारी-गरीबी से जनता त्रस्त है। महंगाई से भी हर कोई परेशान है। बेरोजगारी इतनी बढ़ रही है कि जनता उसका भार सह नहीं पा रही है। इन्होंने पहले बहुत वादे किए थे।




अपनी चुनावी सभाओं में विकास पर बात करने की बजाय हिंदू-मुस्लिम कर रहे मोदी : **मल्लिकार्जुन खड़गे**

### प्रधानमंत्री सब बात पर ही झूठ बोलते जाते हैं

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पीएम को पहले काम करना चाहिए। आप आमिरों के कर्ज 16 लाख करोड़ माफ कर देते हैं और गरीब किसानों के आपको याद नहीं आता है। लेकिन, आप अमीरों के पक्ष में अमीरों को अमीर बनना चाहते हैं। यह झूठ बोलने वाली सरकार है।

हर साल दो करोड़ नौकरी के वादे किए थे। लेकिन, उन्होंने नहीं दिया। अब उसके बारे में कुछ नहीं बोलते। पटना के होटल मौर्या में प्रेस वार्ता आयोजन किया गया। हालांकि, राष्ट्रीय जनता दल की ओर पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव नहीं शामिल हुए। राजद से मनोज झा और वामदल से दीपांकर भट्टाचार्य, कांग्रेस की वरीय नेत्री मीरा कुमार समेत कई दिग्गज शामिल हुए। 15 लाख की बात की लेकिन किसी को धोखा नहीं दिया।

### चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखेंगे खड़गे

*बता दें कि चुनाव आयोग ने देशभर में जारी लोकसभा चुनाव में बाधा डालने के लिए कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को फटकार लगाई है। आयोग ने लाइव चुनाव अभियानों में उनके बयानों को आक्रमक बताया है। इसे लेकर मीडिया ने खड़गे से सवाल किया, तो वह तिलमिला गए। उन्होंने कहा कि मैं अस्वीकृति का कारण पूछने के लिए एक चिट्ठी लिखने वाला हूं, लेकिन जब तक यह चुनाव आयोग के पास पहुंच नहीं जाता, तब तक मैं इसे प्रेस के सामने जारी नहीं करूंगा।*

### एक राष्ट्र एक नेता की राह पर मोदी : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** 39 दिन बाद तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी कार्यालय में पहला चुनावी भाषण दिया। उन्होंने 21 मिनट के भाषण की शुरुआत हनुमान जी से की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तानाशाही, वन नेशनल वन लीडर, भ्रष्टाचार, देश, विपक्षी गठबंधन से होते हुए प्रभु यानी भगवान पर खत्म की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक राष्ट्र, एक नेता की राह पर जा रहे हैं। प्रधानमंत्री अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। क्या भाजपा उन्हें लालकृष्ण आडवाणी की तरह रिटायर करेगी। अगर भाजपा ये चुनाव जीतती है तो मोदी अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाएंगे। सरकार बनने के 2 महीने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को पद से हटाया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि मैं इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं इनके खिलाफ लड़ूंगा। केजरीवाल को कभी किसी पद का लालच नहीं हुआ। मैं मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री नहीं बनाना चाहता। इनकम टैक्स कमिश्नर की नौकरी छोड़कर झुग्गियों में काम किया। पहली बार सीएम बनाया तो उसूलों के लिए 49 दिन में इस्तीफा दे दिया था।

# लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का प्रचार थमा

**नई दिल्ली,** 11 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में दस राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार छह बजे थम गया। चौथे चरण का मतदान सोमवार को कराया जाएगा जिसमें 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा।

कुल सात चरणों के इस चुनाव में चौथे चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतदान कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। चुनाव आयोग ने चौथे चरण की वोटिंग को लेकर पूरी तैयारियों कर ली है और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो जाएगी। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराए गए।



- 10 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट
- अंतिम दिन राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार में झोंकी पूरी ताकत
- चौथे चरण में 1717 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा

### इन सीटों पर होगा मतदान

लोकसभा चुनाव के चौथ चरण में आंध्र प्रदेश 25 और तेलंगाना 17 की सभी सीटों पर चुनाव होगा। इसके अलावा उत्तर प्रदेश 13, बिहार 5, जम्मू-कश्मीर 1, झारखंड 4, मध्य प्रदेश 8, महाराष्ट्र 11, उड़ीसा 4, पश्चिम बंगाल 8 सीटों पर मतदान होगा। देश में अब तक तीन चरणों में 284 सीटों पर चुनाव हो चुका है। सभी क्षेत्रों की मतगणना चार जून को एक साथ कराई जाएगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। वहां भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेलुगू देशम पार्टी के साथ गठबंधन किया है।

# देश की अदालतों में बढ़ी महिला न्यायाधीशों की संख्या

■ पिछले पांच सालों में 27 से 34 फीसदी पर पहुंची ■ स्टेट ऑफ द ज्यूडिशियरी की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। भारत की अदालतों में पिछले पांच साल में महिला न्यायाधीशों का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। अदालतों में महिला न्यायाधीशों की संख्या 27 फीसदी (2018) से बढ़कर 34.6 फीसदी (2023) हुई है। सुप्रीम कोर्ट की 'स्टेट ऑफ द ज्यूडिशियरी' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। देश के सर्वोच्च न्यायालय में दिसंबर 2023 तक 32 न्यायाधीशों में से केवल तीन महिलाएं थीं। हालांकि, 2018 में यह चार फीसदी कम था। 2018 में, उच्च न्यायालयों में 696 न्यायाधीशों में से केवल 10 प्रतिशत महिलाएं थीं। 2023 तक उच्च न्यायालयों में कुल 737 न्यायाधीशों में से महिला न्यायाधीशों का अनुपात बढ़कर 13.4 प्रतिशत हो गया है।



### अधीनस्थ न्यायालयों में 27.6 प्रतिशत महिला जज

अधीनस्थ न्यायालयों में स्थिति काफी बेहतर है। 2018 में, देश की अधीनस्थ अदालतों में 27.6 फीसदी महिला न्यायाधीश थीं। 2023 तक, यह संख्या बढ़कर 36.3 प्रतिशत हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट की स्वतंत्र अधिवक्ता तन्वी दुबे ने कहा, न्यायपालिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत ही महत्वपूर्ण

### दिल्ली व बॉम्बे हाईकोर्ट में संख्या अधिक

आंकड़ों के अनुसार, पंजाब और हरियाणा, दिल्ली और बॉम्बे हाईकोर्ट में महिला न्यायाधीशों की संख्या क्रमश: 13, 10 और 9 (सबसे अधिक) है। ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे उच्च न्यायालयों में महिला न्यायाधीशों का प्रतिनिधित्व उल्लेखनीय रूप से कम है। इन राज्य उच्च न्यायालयों में से प्रत्येक में केवल एक महिला न्यायाधीश है। वहीं, पटना, उत्तराखंड, त्रिपुरा, मेघालय और मणिपुर में कोई महिला जज नहीं है।

## आंध्र के कडपा में विपक्ष पर बरसे राहुल

# आंध्र को चला रही भाजपा की बी टीम

**कडप्पा,** 11 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के कडपा में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और अन्य विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने इस दौरान भाजपा को भी घेरा। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश को भाजपा की बी टीम चला रही है। 'बी' यानी बाबू (टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू), 'जे' से जगन (आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी) और 'पी' से पवन (जनसेना के नेता एक्टर पवन कल्याण) हैं। इन तीनों नेताओं का रिमोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि ये तीनों नेता पीएम मोदी के नियंत्रण में हैं, क्योंकि उनके पास सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियां हैं। कांग्रेस नेता ने बताया कि राजशेखर रेड्डी उनके पिता के लिए भाई समान थे।

### रैली में किया चंद्रशेखर रेड्डी का जिक्र

पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे आंध्र प्रदेश में राजशेखर रेड्डी की पदयात्रा उनकी भारत जोड़ो यात्रा के लिए प्रेरणा थी। सीएम जगन मोहन की बहन वाईएस शर्मिला आंध्र की प्रदेश कांग्रेस प्रमुख हैं। वे कडपा से ही पार्टी की उम्मीदवार भी हैं। राहुल ने कडपा में ये भी कहा कि राजीव गांधी आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी को भाई जैसा मानते थे। दोनों नेताओं के बीच व्यक्तिगत संबंध भी थे।



भाजपा की बी टीम का मतलब बी से बाबू, जे से जगन व पी से पवन है : **राहुल गांधी**

### कांग्रेस 50 सीटों से नीचे सिमटेगी : नरेंद्र मोदी



**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के कंधमाल, बोलांगीर और बरगढ़ में चुनावी रैलियां कीं। उन्होंने कंधमाल की रैली में कहा इस चुनाव में कांग्रेस 50 सीटों से नीचे सिमटने वाली है। चार जून को पार्टी देश के संसद में विपक्ष भी नहीं बन पाएगी। ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक को चुनौती देते हुए कहा कि नवीन बाबू लंबे समय से ओडिशा के मुख्यमंत्री हैं। मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि वे ओडिशा के सभी जिलों का नाम बिना कुछ देखे बताएं। कंधमाल में मोदी ने स्टेज पर पद्मश्री विजेता पूर्णमासी जानी के पैर छुए। पूर्णमासी एक कवयित्री और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्हें 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

# भारतीय सेना को मिलेगा पहला हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोन

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। भारतीय सेना को पहला हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोन 18 जून को मिलेगा। इससे पाकिस्तान सीमा पर निगरानी क्षमता में इजाफा होगा। हर्मीस-900 को दृष्टि 10 ड्रोन नाम दिया गया है। अदाणी डिफेंस सिस्टम्स इसकी आपूर्ति सेना, नौसेना समेत भारतीय सेनाओं को कर रहा है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना के हासिल किए जाने वाले दो ड्रोनों में से पहला ड्रोन 18 जून को हैदराबाद में सौंपा जाएगा। यह आपूर्ति रक्षा मंत्रालय की ओर से बलों को दी गई आपातकालीन शक्तियों के तहत हस्ताक्षरित सौदे का हिस्सा है। सेना अपने भठिंडा बेस पर ड्रोन की तैनात करेगी जहां से वह पाकिस्तान के साथ लगती पूरी पश्चिमी सीमा पर नजर रख सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि पहला हर्मीस-900 इस साल जनवरी में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। दूसरा ड्रोन सेना ले रही है। इसके अलावा, तीसरा अब नौसेना को आपूर्ति किया जाएगा और चौथा सेना को दिया जाएगा। सेना ने आपातकालीन प्रावधानों के तहत फर्म से इनमें से दो ड्रोन के लिए ऑर्डर दिए हैं। इन प्रावधानों के अनुसार विक्रेताओं की ओर से आपूर्ति की जाने वाली प्रणालियां 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी होनी चाहिए और मेक इन इंडिया के तहत होनी चाहिए।



- भठिंडा बेस पर होगी ड्रोन की तैनाती
- पाकिस्तान सीमा पर बढ़ेगी निगरानी क्षमता

### यह है ड्रोन की खासियत

हर्मीस-900 ड्रोन 30 घंटे से अधिक समय तक हवा में रहने में सक्षम हैं। आमतौर पर इस ड्रोन का इस्तेमाल टोही मिशनों के साथ-साथ हवाई बमबारी सहित विभिन्न सैन्य अभियानों के लिए किया जाता है। यह 30 हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है और 450 किलो पेलोड ले जा सकता है।

# उत्तर भारत में बदलेगा मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने देश के 13 राज्यों में बारिश, गरज और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। इनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलावा उत्तराखंड, तमिलनाडु, दक्षिणी पंजाब, हरियाणा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, कर्नाटक और केरल शामिल हैं। आईएमडी के मुताबिक महाराष्ट्र, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में 12 और 13 मई को आंधी और ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पुदुचेरी में तेज बारिश का अनुमान है। हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।



### सात राज्यों में तापमान 40 डिग्री के पार

देश के सात राज्यों में गर्मी का असर भी देखने को मिल रहा है। गत दिनों राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, महाराष्ट्र, हरियाणा और तेलंगाना में तापमान 40 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के कुछ हिस्सों में आज लू की चेतावनी है। मौसम विभाग ने बताया कि गुजरात में अगले 5 दिन तक उमस भरी गर्मी का दौर जारी रहेगा।

# भाजपा नेता देवराजे गौड़ा गिरफ्तार

## प्रज्वल के वीडियो लीक करने का आरोप



**बेंगलुरु,**11 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस में शुक्रवार देर रात पुलिस ने भाजपा नेता और एडवोकेट जी देवराजे गौड़ा को चित्रदुर्ग जिले के गुलीहाल टोल गेट से गिरफ्तार किया। गौड़ा पर सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल और पीड़ित महिलाओं के वीडियो लीक करने का आरोप है। मामले की जांच कर रही एसआईटी ने उन्हें पूछताछ के लिए भी बुलाया था। हालांकि, वे पूछताछ के लिए गए थे या नहीं, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। जानकारी के मुताबिक, गौड़ा के खिलाफ हासन के होलेनरसीपुर की एक महिला ने यौन शोषण के भी आरोप लगाए हैं। महिला ने देवराजे के खिलाफ 1 अप्रैल 2024 को केस दर्ज कराया था। एफआईआर में महिला ने आरोप लगाए कि गौड़ा ने उसकी संपत्ति बेचने में मदद करने के बहाने दस महीने तक शोषण किया।

## तैयारी | *बदला कोरोना का टीका*

# ओमिक्रॉन व एक्सबीबी स्वरूप से बचाव करने में सक्षम

**नई दिल्ली,11 मई (एजेंसियां)। नए फॉर्मूले पर बने कोरोना रोधी टीके को भारत में आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति देने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया है। यह पहला ऐसा टीका है जो कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन और एक्सबीबी स्वरूप से बचाव करने में सक्षम है। बीते सप्ताह केंद्र सरकार की विशेषज्ञ कार्य समिति (एसईसी) ने कुछ शर्तों के साथ एडजुवेंटेड 2023-2024 फॉर्मूले पर आधारित इस टीके को अनुमति देने की सिफारिश की है।**

पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने हाल ही में इस नए अपडेट टीके को भारत में बिक्री और वितरण की अनुमति मांगी थी। साथ ही कंपनी ने अमेरिका में चल रहे नैदानिक परीक्षण और प्रीक्लिनिकल अध्ययन की रिपोर्ट भी साझा की, जिसके आधार पर समिति ने निर्णय लिया। दरअसल कुछ समय पहले अमेरिकी कंपनी नोवा वैक्स के कोरोना टीके को भारत में आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति मिली। इसका उत्पादन भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया और पूरी दुनिया में करीब 200 करोड़ खुराक उपलब्ध कराईं। अब इसी नोवा वैक्स टीका को नए फॉर्मूला के जरिए अपडेट किया है जो कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन और एक्सबीबी.1.5 स्वरूप से बचाव में असरदार है।



■ आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति देने का प्रस्ताव मंजूर

### डब्ल्यूएचओ की सूची में भी शामिल

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस अपडेट टीका को आपातकालीन उपयोग सूची में शामिल किया है। विशेषज्ञ कार्य समिति (एसईसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि टीके को लेकर अंतिम फैसला केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के जरिए होगा। फिलहाल कंपनी से देश में चौथे चरण का अध्ययन कराने के लिए कहा है जिसकी रिपोर्ट तीन माह के भीतर समिति के आगे पेश करनी होगी। बूस्टर यानी एहतियाती खुराक के लिए इस टीका का इस्तेमाल 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की आबादी में किया जा सकता है। समिति ने यह भी शर्त रखी है कि जो स्वास्थ्य कर्मचारी यह टीका लगाने वाले हैं उन्हें फैक्टशीट और मार्गदर्शन मिलना बहुत जरूरी है।

# देश

**उवाच**

“ लोकसभा चुनाव के रण में आए दिन राजनीतिक बयानबाजी तेज होती जा रही है। शुद्धिकरण सोनिया गांधी करेंगी क्या? उनका क्या अधिकार है, उनका कौन सा धर्म है और अगर उन्होंने ऐसा किया तो क्या हिंदू चुप बैठेगा? हिंदू उनको आसपास भी नहीं जाने देगा: **हिमंता बिस्वा सरमा, असम सीएम**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38.7 | 24.9 |
| मुंबई | 33.9 | 26.4 |
| कोलकाता | 35.2 | 26.6 |
| चेन्नई | 37.4 | 28.2 |

# सरकार बनी तो सीबीआई-ईडी के मामले लिए जाएंगे वापस : खड़गे

**पटना,** 11 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए तमाम सियासी मुद्दों पर खुलकर अपनी राय जाहिर की। इस दौरान महागठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता उपस्थित रहे। इंडिया गठबंधन के पीएम चेहरे के सवाल के जवाब में खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर कोई परेशानी नहीं है। गठबंधन के लोग बैठकर विचार करेंगे और जिनका नाम तय होगा, वह इंडिया गठबंधन की तरफ से देश का प्रधानमंत्री बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि पहले भी हम लोगों ने गठबंधन की सरकार सफलतापूर्वक चलाई है और कई अच्छी योजनाएं भी लाई है। उन्होंने आगे कहा कि अगर देश में गठबंधन की सरकार बनती है तो सीबीआई और ईडी की ओर से जो मामले दर्ज किए गए हैं, उन्हें वापस लिए जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो मामले कानून सम्मत दर्ज किए गए हैं, वो चलेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनको झूठ बोलने का अधिकार प्राप्त है और बोलते रहते हैं। वे बेरोजगारी और महंगाई तथा किए गए वादों को लेकर कुछ नहीं बोल रहे, केवल धर्म और हिन्दू-मुसलमान की बात कर रहे हैं। जनता उनके बांटने की नीति को समझ गई है। महंगाई और बेरोजगारी को लेकर लोग परेशान और गुस्से में हैं। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर के बयान को लेकर खड़गे ने सफाई पेश करते हुए कहा कि सैम पित्रोदा ने खुद इस्तीफा दिया और कांग्रेस ने उसे स्वीकार भी कर लिया, इसके बाद बात खत्म हो गई। वहीं मणिशंकर अय्यर के बयान पर उन्होंने कहा कि भाजपा का काम ही पुराने बयानों को हवा देना है। वे सभी बयानों को तोड़-मरोड़ कर पेश करती रहती है। खड़गे ने पांच किलो मुफ्त अनाज दिए जाने पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम लोग 35 किलो अनाज देते थे, लेकिन कभी इसका प्रचार नहीं किया। भाजपा इसके जरिए चुनावी लाभ लेने की जुगत में जुटी हुई है।

**प्रधानमंत्री के चेहरे को लेकर कोई परेशानी नहीं है। गठबंधन के लोग बैठकर विचार करेंगे और जिनका नाम तय होगा, वह इंडिया गठबंधन की तरफ से देश का प्रधानमंत्री बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि पहले भी हम लोगों ने गठबंधन की सरकार सफलतापूर्वक चलाई है और कई अच्छी योजनाएं भी लाई है: मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष कांग्रेस**



## ‘इंडिया’ गठबंधन की बनेगी सरकार, भाजपा का जाना तय : सुप्रिया श्रीनेत



महाराजगंज पहुंचीं कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन को मिल रहे अपार जनसमर्थन से घबराए पीएम अब 400 पार के दावे नहीं कर रहे हैं। उन्हें एहसास हो चुका है कि भारी बहुमत के साथ ‘इंडिया’ गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। सुप्रिया श्रीनेत कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने महाराजगंज पहुंचीं थीं। इस दौरान, उन्होंने लोगों से कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि 4 जून को भाजपा नहीं, बल्कि ‘इंडिया’ गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। संविधान बदलने वालों को मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। लोगों को इस बात का एहसास हो चुका है कि अगर भाजपा सत्ता में आएगी, तो बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को बदलेगी। इसी वजह से लोगों ने भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का मन बना लिया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, ‘पिछले 10 साल से भाजपा की किसानों, दलितों, शोषितों के नाम पर की जाने वाली राजनीति का इस बार अंत होने जा रहा है। ‘इंडिया’ गठबंधन सत्ता में आने के बाद समाज के दबे कुचले लोगों के हित में काम करेगी।’

## मल्लिकार्जुन खड़गे के पटना पहुंचते ही कांग्रेस के दो नेताओं ने दिया पार्टी से इस्तीफा

**पटना।** बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर जारी गहमागहमी के बीच कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पटना पहुंचते ही कांग्रेस के दो नेताओं ने पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देते हुए दोनों नेताओं ने कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। दरअसल, लोकसभा चुनाव के तीन चरण की वोटिंग संपन्न होने के बाद 13 मई को चौथे चरण का मतदान होना है। बिहार की बाकी सीटों पर होने वाले चुनाव में एनडीए के खिलाफ रणनीति तय करने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पटना में सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक की और बीजेपी को धूल चटाने की रणनीति तय की। हालांकि खड़गे के पटना पहुंचते ही कांग्रेस के दो नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विनोद शर्मा और अरविंद ठाकुर ने कांग्रेस के सभी पदों के साथ-साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। दोनों नेताओं ने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेज दिया है। विनोद शर्मा ने कहा कि राष्ट्रहित और राज्यहित में दुखी मन से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बिहार में जंगलराज-2 की शुरुआत के लिए आरजेडी के सामने घुटने टेक दिए हैं।

### दरभंगा में तेजस्वी यादव की हुंकार, कहा

# ‘मुझे नहीं, पीएम मोदी को बेड रेस्ट की जरूरत’

**दरभंगा,** 11 मई (एजेंसियां)। दरभंगा लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव प्रचार का दौर अब से कुछ देर में थम जाएगा। तमाम राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों को जीताने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोनकी में एक चुनावी सभा को संबोधित किया और भाजपा सरकार को निशाने पर लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि ललित यादव के हाथ में लालू यादव ने लालटेन थमाया है। हम आप सभी लोगों से अपील करने आए हैं कि लालटेन छाप पर बटन दबा कर ललित यादव को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। ललित यादव के हाथ मे जब-जब लालटेन थमाया गया, तब-तब वह विजयी हुए। इन्होंने विधायकी में छक्का मारा है, दरभंगा सीट से जीत दर्ज करने के बाद ललित यादव दरभंगा में परिवर्तन लाने का काम करेंगे।

तेजस्वी यादव ने कहा की कमर में परेशानी की वजह से डॉक्टर ने आराम करने को कहा है। मेरे कमर की हड्डी में चोट है। कमर पर लगाए बेल्ट को दिखाते हुए उन्होंने कहा, ‘हम अभी बेल्ट लगा कर घूम रहे हैं। मैंने डॉक्टर से कहा कि आप बोल रहे हैं तीन सप्ताह आराम करने के लिए, इसमें तो चुनाव खत्म हो जाएगा। मैंने डॉक्टर को कहा, अभी तेजस्वी बेड रेस्ट नहीं लेगा। जब तक पीएम मोदी को हम हटा नहीं देते तब तक हमें बेड रेस्ट की जरूरत नहीं है, मोदी को बेड रेस्ट की जरूरत है।’ बता दें कि 13 मई को होने वाले चौथे चरण के मतदान के लिए शनिवार शाम पांच बजे प्रचार-प्रसार का दौर थम जाएगा। प्रचार के आखिरी दिन वोटर्स को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा और राजद के नेताओं की रैलियां और रोड शो की जा रही हैं।



**डॉक्टर साहब आप बोल रहे हैं तीन सप्ताह आराम करने के लिए, इसमें तो चुनाव खत्म हो जाएगा। मैंने डॉक्टर को कहा, अभी तेजस्वी बेड रेस्ट नहीं लेगा। जब तक पीएम मोदी को हम हटा नहीं देते तब तक हमें बेड रेस्ट की जरूरत नहीं है, मोदी को बेड रेस्ट की जरूरत है।’ : तेजस्वी यादव**

## सार संक्षेप

### तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने पुलवामा हमले पर उठाए सवाल

**हैदराबाद।** 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तानी आतंकियों के खिलाफ के किए गए सर्जिकल स्ट्राइक पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने सवाल उठाया है। शनिवार को एक कार्यक्रम में रेवंत रेड्डी ने कहा कि केंद्र सरकार ने आज तक पुलवामा हमले का खुलासा नहीं किया। उन्होंने सरकार से पूछा कि इस हमले के पीछे किसका हाथ था, हमले में इस्तेमाल विस्फोटक कहां से आया, इसकी जांच क्यों नहीं की गई। रेवंत रेड्डी ने सवाल किया की आखिर सरकार की खुफिया एजेंसियां क्या कर रहीं थीं। इस हमले को क्यों नहीं रोका गया। कांग्रेस नेता ने पूछा कि सरकार ने अब तक मामले की जांच कराकर हमले को रोकने में विफल रहे लोगों को कटघरे में क्यों नहीं खड़ा किया।

### सासाराम सीट से कांग्रेस प्रत्याशी के बेटे पर लगे दुष्कर्म के आरोप को पीड़िता ने बताया निराधार

**सासाराम।** सासाराम लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज कुमार के बेटे पर लगे अपहरण और दुष्कर्म के मामले में नया मोड़ आ गया है। पीड़िता और उसकी मां ने खुद सामने आकर बताया कि आरोप बेबुनियाद हैं। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी मनोज कुमार के निजी स्कूल में पढ़ती थी। इस दौरान, उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए गए। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, पीड़िता और उसकी मां ने मीडिया के सामने आकर सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। पीड़िता ने भी कोर्ट में दिए अपने बयान में सभी आरोपों को निराधार ठहराया।

### ऋषिकेश-बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पर श्रद्धालुओं की गाड़ी पर गिरे पत्थर, चार घायल

**श्रीनगर।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। इसी बीच हादसों का सिलसिला बढ़ने लगा है। जहां यमुनोत्री धाम में यात्रा के पहले दिन ही दो श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत हो गई, वहीं अब ऋषिकेश-बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पर तोताघाटी के पास दिल्ली के यात्रियों के वाहन के ऊपर बड़े-बड़े पत्थर गिरे हैं। हादसे में चार लोग घायल हो गए। सभी पर्यटक दिल्ली के रहने वाले हैं। ये लोग केदारनाथ धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। पर्यटकों की गाड़ी पर अचानक से तोता घाटी के पास पहाड़ी से एक पत्थर गिरने लगे। जिससे गाड़ी की छत दब गई और गाड़ी में बैठे 4 पर्यटक घायल हो गए।

## साइबर अपराधियों की खैर नहीं केंद्र व राज्य सरकारें मिलकर कसेंगी नकेल

**नई दिल्ली,** 11 मई (देशबन्धु)। संगठित साइबर अपराध के खिलाफ अब केंद्र व राज्य सरकारें मिलकर कार्रवाई करेगी। इसके लिए केंद्र व राज्य सरकारो के प्राधिकार एकजुट होकर निपटने के लिए राजी हो गए हैं। साझा कोर ग्रुप बनाया जा रहा है, जो तय समय सीमा में खासतौर पर ऐसे अपराधियो पर कार्रवाई करेगा, जिन पर कई राज्यों में साइबर अपराध करने का आरोप है। कोर ग्रुप प्राथमिक जांच को 7 दिन के भीतर पूरा करेगा। इस ग्रुप में केंद्रीय दूरसंचार विभाग, गृह विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग और सभी राज्यों की साइबर अपराध शाखा पुलिस के अधिकारी मिलकर काम करेंगे। साइबर अपराध से निपटने के लिए केंद्र सरकार के आईटी समेत विभिन्न कानूनों में बदलाव, साइबर अपराध-वित्तीय साइबर अपराध से निपटने के लिए अलग विंग, राष्ट्रीय स्तर पर एकीकृत ऑनलाइन शिकायत, बैंकिंग टेलीकॉम और सोशल मीडिया क्षेत्र से जुड़े नियम शामिल हैं। लेकिन संगठित या असाधारण मामलों से निपटने जैसे आपराधिक मामलों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जांच टीम, समूह या एजेंसियां हैं। वैसे ही पूरे देश में एक संगठन, व्यक्ति या फिर कंपनी द्वारा किए गए अपराध से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के प्राधिकारों का कोर ग्रुप कार्रवाई करेगा। सूत्रों के मुताबिक बड़े साइबर अपराध के मामले में यह ग्रुप तय समय में प्राथमिक जांच पूरी करेगा और रिपोर्ट पर केंद्र-राज्य दोनों के अधिकारी मिलकर आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

# बंगाल में चुनाव की निष्पक्षता के लिए ‘प्रारंभिक कार्रवाई फॉर्मूला’ अपनाएगा चुनाव आयोग

**कोलकाता,** 11 मई (एजेंसियां)। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) पश्चिम बंगाल में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आगामी चार चरणों के लोकसभा चुनावों में ‘प्रारंभिक कार्रवाई फॉर्मूला’ अपनाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक सूत्र ने ‘प्रारंभिक कार्रवाई फॉर्मूले’ को समझाते हुए शनिवार को कहा कि यह रणनीति बहुआयामी होगी। सबसे पहले, मतदान शुरू होने के पहले घंटे से ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान मतदान केंद्रों के आसपास राजनीतिक दलों के समर्थकों को इकट्ठा होने से रोकेंगे। सूत्र ने कहा, ‘संभावित उपद्रवियों व अपराधियों के मामले में कठोर कार्रवाई की जाएगी।’ दूसरा, चिन्हित किए गए ‘प्रभावशाली’ स्थानीय नेताओं की लगातार निगरानी की जाएगी। उन्हें मतदान केंद्रों के पास अपने सहयोगियों के साथ लंबे समय तक इकट्ठा होने से रोका जाएगा। इसे मतदान शुरू होने के पहले घंटे से ही लागू कर दिया जाएगा। तीसरा, आदतन अपराधियों को दिन भर के लिए हिरासत में लिया जाएगा और मतदान बंद होने के एक घंटे पहले रिहा किया जाएगा, ताकि वे मतदान कर सकें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि ‘प्रारंभिक कार्रवाई फॉर्मूला’ को सात मई को चुनाव के तीसरे चरण में एक सीमित सीमा तक लागू किया गया था।




**यह रणनीति बहुआयामी होगी। सबसे पहले, मतदान शुरू होने के पहले घंटे से ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान मतदान केंद्रों के आसपास राजनीतिक दलों के समर्थकों को इकट्ठा होने से रोकेंगे: चुनाव आयोग**

### जम्मू-कश्मीर : पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने की चुनाव आयोग के नोटिस की निंदा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी) ने पार्टी अध्यक्ष सज्जाद लोन द्वारा एक्स पर शेयर एक गाने के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा नोटिस जारी करने पर उसकी आलोचना की है। पार्टी प्रवक्ता अदनान अशरफ मीर ने कहा, यह गीत पार्टी ने नहीं, बल्कि कश्मीरी युवाओं ने तैयार किया है। यह कश्मीरियों की भावनाओं का प्रतीक है। यह उनकी पीड़ा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस गाने को चुनावी मानदंडों के उल्लंघन के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।’ उन्होंने चुनाव आयोग से नियमों को समान रूप से लागू करने का आग्रह किया। प्रवक्ता ने कहा, ‘यह निराशाजनक है कि चुनाव आयोग दूसरों के प्रति उदारता दिखाते हुए हमारी पार्टी को जांच के लिए चुनता है। उन्होंने कहा, बिना किसी पूर्वाग्रह के सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर उपलब्ध कराया जाना चाहिए।’

## तीसरे चरण के मतदान का नया संशोधित आंकड़ा 65.68 प्रतिशत के पहले स्तर पर

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। चुनाव आयोग की ओर से शनिवार को जारी संशोधित आंकड़ों के अनुसार लोक सभा चुनावों के तीसरे चरण में सात मई को 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ। आयोग की ओर से शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के सात और आठ मई को जारी दो प्रेस विज्ञप्तियों के क्रम में इस समय चल रहे आम चुनाव 2024 के चरण-3 में 93 निर्वाचन क्षेत्रों में 65.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीसरे चरण के चुनाव में सात मई को वोट डाले गए थे। अयोग द्वारा आठ मई को जारी विज्ञप्ति में भी मतदान का आंकड़ा 65.68 प्रतिशत दिया था। सात मई को रात 11 बजे जारी विज्ञप्ति में मतदान का प्रतिशत 64.4 प्रतिशत बताया गया था। आयोग की ताजा विज्ञप्ति के अनुसार तीसरे चरण में पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 66.89, महिलाओं का 64.41 प्रतिशत और लिंग-वर्ग तृतीय (उभयलिंगी) के मतदाताओं का प्रतिशत 25.2 था। तीसरे चरण में असम के चार संसदीय क्षेत्रों में सर्वाधिक 85.45 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर सबसे कम सबसे कम 57.55 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। इन चुनावों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को हुए पहले और दूसरे चरण में क्रमशः 66.1 प्रतिशत और 66.7 प्रतिशत वोट पड़े थे। इन तीन चरणों में लोक सभा के कुल 543 निर्वाचन क्षेत्रों में से 283 सीटों के लिए मतदान सम्पन्न हो चुका है। चौथे चरण का मतदान 13 मई को होगा जिसमें 10 राज्यों और केंदशासित प्रदेशों की कुल 96 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

## ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो इस बार सरकार जरूर बदलेगी : मायावती

**श्रावस्ती,** 11 मई (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने शनिवार को श्रावस्ती में भाजपा पर हमला बोला और कहा कि ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो इस बार सरकार जरूर बदलेगी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा, भाजपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा कि भाजपा व उनके सहयोगी दलों के जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों के कारण उनकी कथनी व करनी में अंतर है। इससे लगता है कि भाजपा सत्ता में वापस आने वाली नहीं है। आम लोगों में चर्चा है कि यदि ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो इस बार सरकार जरूर बदलेगी। इस बार उनकी कोई जुमलेबाजी और गारंटी नहीं चलेगी। मायावती ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर कहा कि देश में बसपा ही ऐसी पार्टी है जिस पर इसको लेकर कोई आरोप नहीं है। दूसरी पार्टियों ने धन्ना सेठों व पूंजीपतियों से पैसा लिया है। कांग्रेस, भाजपा व अन्य दल आपको गुमराह कर सत्ता में आना चाहते हैं। पूंजीपतियों की पोषक इन पार्टियों के वायदों में न फंस उन्हें सत्ता से बाहर कर दें। मायावती ने कहा कि कांग्रेस की तरह पूंजीवादी सोच के चलते भाजपा राज में भी दलित, गरीब, मुस्लिम व आदिवासियों का उत्थान नहीं हो पाया। ऊंची जाति के गरीबों का भी कोई भला नहीं हुआ। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ब्राह्मणों की हालत सपा ने खराब कर दी थी। अब भाजपा कर रही है।



**भाजपा व उनके सहयोगी दलों के जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों के कारण उनकी कथनी व करनी में अंतर है। इससे लगता है कि भाजपा सत्ता में वापस आने वाली नहीं है: मायावती, मुखिया, बहुजन समाज पार्टी**

## महबूबा मुफ्ती का प्रशासन पर चुनाव में बेइमानी की कोशिश का आरोप

**श्रीनगर,** 11 मई (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन चुनाव में बेइमानी की कोशिश कर रहा है। शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने पुलवामा में धारा 144 के तहत शनिवार शाम 6:30 बजे से 48 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। यह इलाका सोमवार को होने वाले श्रीनगर लोकसभा सीट का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ‘आज शाम 6:30 बजे से पुलवामा जिले में धारा 144 लागू कर दी गई है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि जहां चुनाव होने हों, वहां पाबंदियां लगाई जाएं और वह भी चुनाव खत्म होने तक। प्रशासनिक मशीनरी लोग को परेशान करने की कोशिश कर रही है, ताकि वे मतदान के लिए बाहर न निकलें।’ महबूबा ने कहा कि चुनाव में फर्जीवाड़ा की तैयारी की जा रही है। चुनाव फिक्स प्रतीत होता है।



# समाज में नफरत फैला रहे हैं मोदी : प्रियंका गांधी

### प्रियंका ने चेवेल्ला निर्वाचन क्षेत्र के तंदरू में व जहीराबाद निर्वाचन क्षेत्र के कामारेड्डी में जनता को संबोधित किया

**हैदराबाद,** 11 मई (एजेंसियां)। तेलंगाना में चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने चेवेल्ला निर्वाचन क्षेत्र के तंदरू में और जहीराबाद निर्वाचन क्षेत्र के कामारेड्डी में जनता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर समाज में नफरत फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी की सच्चाई लोगों के सामने आ गई है क्योंकि वह अपने प्रदर्शन के आधार पर वोट नहीं मांग सकते। वह केवल धर्म के नाम पर वोट मांगते हैं। वह केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए समाज में नफरत फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी ने काम किया होता, सड़कें बनाई होतीं, स्कूल, अस्पताल और उद्योग लगाए होते तो वह इन मुद्दों के आधार पर वोट मांगते। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने शासन के 10 वर्षों में पीएम मोदी ने गरीबों, किसानों, श्रमिकों, महिलाओं और छोटे व्यापारियों के लिए कुछ नहीं किया। मोदी सरकार ने केवल और केवल नोटबंदी, जीएसटी, महंगाई, बेरोजगारी और नफरत का उपहार देश की जनता को दिया है। कांग्रेस का मानना है कि हमारे देश का निर्माण प्रेम, अहिंसा और सत्य के आधार पर हुआ और सभी देशवासी भाई-बहन हैं। उन्होंने पीएम मोदी पर देश के संसाधनों को कुछ दोस्तों को देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कुछ अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। देश की जनता जाग चुकी है। वह नफरत नहीं चाहती, वह रोजगार और विकास चाहती है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने लोगों से बदलाव लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसी सरकार लाओ जो ईमानदारी और लोकतंत्र की राजनीति को फिर से स्थापित कर सके। आपको यह तय करना होगा कि क्या आप ऐसा नेता चाहते हैं जो कभी किसी गरीब के घर नहीं गया या ऐसा नेता जो चार हजार किमी चलकर गरीबों से मिला हो। क्या आपको ऐसा नेता चाहिए जो झूठ बोलता हो या ऐसा नेता चाहिए जो सच्चाई के रास्ते से कभी पीछे न हटे।



**पीएम मोदी की सच्चाई लोगों के सामने आ गई है क्योंकि वह अपने प्रदर्शन के आधार पर वोट नहीं मांग सकते। वह केवल धर्म के नाम पर वोट मांगते हैं : प्रियंका गांधी, महासचिव कांग्रेस**

**चुनाव** *सिंहभूम में दो महिला उम्मीदवारों के बीच कांटे का मुकाबला*

# झारखंड में चौथे चरण के चुनाव में अर्जुन मुंडा की प्रतिष्ठा दांव पर

**रांची, 11 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में झारखंड की जिन चार सीटों पर 13 मई को मतदान होने वाला है, उनमें से तीन खूंटी, सिंहभूम और पलामू में एनडीए और ‘इंडिया’ ब्लॉक के प्रत्याशियों के बीच सीधी टक्कर है। लोहरदगा में ‘इंडिया’ गठबंधन से बागी होकर बतौर स्वतंत्र प्रत्याशी मैदान में उतरे झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।**

चौथे चरण में सबसे हैवीवेट प्रत्याशी अर्जुन मुंडा हैं, जो केंद्र सरकार में कृषि और जनजातीय मामलों के मंत्री हैं। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित खूंटी सीट पर उनका मुकाबला कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से है। यह सीट वर्ष 2009 से लगातार भाजपा के कब्जे में है। वर्ष 2019 में यहां तत्कालीन सांसद और लोकसभा के उपाध्यक्ष रहे कड़िया मुंडा को अधिक उम्र के कारण रिटायरमेंट देने के बाद भाजपा ने अर्जुन मुंडा को चुनाव मैदान में उतारा था। तब भी अर्जुन मुंडा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा से मात्र 1445 मतों से जीते थे।

इस बार अर्जुन मुंडा ने पिछली जीत के फासले को बड़ा करने के लिए पूरी ताकत झोंकी है, तो दूसरी ओर कालीचरण मुंडा ने भी पिछले चुनाव में रह गए फासले को पाटकर संसद में पहुंचने की कोशिश में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। झामुमो के कोलेबिरा इलाके के पूर्व विधायक बसंत लोंगा निर्दलीय के रूप में मैदान में हैं, जबकि खूंटी के बहुचर्चित पत्थलगड़ी आंदोलन की लीडर रहीं बबीता कच्छप भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी के तौर पर उतरी हैं। इन दोनों को उनके खास प्रभाव वाले क्षेत्रों में मिलने वाले वोटों से समीकरणों पर थोड़ा-बहुत असर तो जरूर पड़ रहा है, लेकिन आखिरकार यहां लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच ही है। इस फेज की दूसरी जिस सीट पर सबकी निगाहें हैं, वह है सिंहभूम। यह भी एसटी के लिए आरक्षित सीट है। यहां दो कद्दावर महिला लीडर भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो की जोबा मांझी के बीच मुकाबला है।

पूर्व सीएम मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा 2019 में यहां कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज कर संसद पहुंची थीं। वह तीन महीने पहले भाजपा में शामिल हो गईं। इंडिया गठबंधन ने हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री रही जेएमएम की जोबा मांझी को उतारा है। झारखंड के मौजूदा सीएम चंपई सोरेन भी सिंहभूम से आते हैं, इसलिए यह सीट उनके लिए प्रतिष्ठा का सवाल मानी जा रही है। यहां गीता कोड़ा के लिए पीएम मोदी और जोबा मांझी के लिए राहुल गांधी की रैलियां हुई हैं।

अनुसूचित जाति के लिए झारखंड में एक आरक्षित सीट पलामू में भाजपा के मौजूदा सांसद झारखंड के डीजीपी रह चुके विष्णु दयाल राम तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं और हैट्रिक लगाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका मुकाबला राजद की ममता भुइयां से हो रहा है। इंडिया गठबंधन के तहत झारखंड की यह एकमात्र सीट है, जहां राजद का प्रत्याशी है। बहुजन समाज पार्टी के टिकट से मैदान में उतरे पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश की, लेकिन ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुकाबला सीधे भाजपा और राजद के प्रत्याशी के बीच है।



■ **‘इंडिया’ गठबंधन से बागी होकर बतौर स्वतंत्र प्रत्याशी मैदान में उतरे झामुमो विधायक चमरा लिंडा ने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया**

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

लड़की : तुम क्या कर रहे हो ?
लड़का : मच्छर मार रहा हूं
लड़की : कितने मारे अब तक ?
लड़का : 5 मारे,2 मेल और तीन फिमेल
लड़की : तुम्हे कैसे पता चला कि ये फिमेल है और ये मेल ?
लड़का : तीन आईने के सामने बैठी थे और 2 बीयर के पास

### सीएम केजरीवाल ने कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाकर लिया आशीर्वाद , बोले

# आम आदमी पार्टी को कुचलने व खत्म करने में प्रधानमंत्री मोदी ने कोई कसर नहीं छोड़ी

**नई दिल्ली,** 11 मई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी मुख्यालय में शनिवार को प्रेसवार्ता कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक छोटी सी पार्टी है। हमारी दिल्ली और पंजाब में सरकार है। हमारी 10 साल पुरानी पार्टी है। हमारी पार्टी को कुचलने और खत्म करने में प्रधानमंत्री ने कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री जी ने एक साथ हमारी पार्टी के शीर्ष के चार नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन को जेल भेज दिए। बड़ी-बड़ी पार्टियों के अगर शीर्ष के चार नेता जेल चले जाएं तो पार्टियां खत्म हो जाती है। इन्होंने आम आदमी पार्टी के शीर्ष के चार नेताओं को जेल भेज कर सोचा कि पार्टी खत्म हो जाएगी। लेकिन यह पार्टी नहीं है, यह सोच है। ये आम आदमी पार्टी को जितना खत्म करना चाहते हैं, उतना ही यह बढ़ती जाती है। प्रधानमंत्री आम आदमी पार्टी को कुचलना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि जो लोग मोदी जी से मिलने जाते हैं, उनमें से कई लोग मुझे भी जानते हैं। वो लोग बाहर आकर हमें बताते



**भाजपा ने 'आप' के शीर्ष चार नेताओं को जेल भेज कर सोचा कि पार्टी खत्म हो जाएगी। लेकिन यह पार्टी नहीं है, यह सोच है : अरविंद केजरीवाल**

हैं कि मोदी जी सबसे पहले आम आदमी पार्टी के बारे में 10 से 15 मिनट बात करते हैं। उनको कहते हैं कि आने वाले समय के अंदर आम आदमी पार्टी ही देश को भविष्य देने वाली है। यह बात पीएम मोदी भी मानते हैं। इसीलिए मोदी जी चाहते हैं कि आज ही आम आदमी पार्टी को बढ़ने से रोका जाए और इनको कुचल दिया जाए। यह तानाशाही है। अगर उनको लगता है कि आम आदमी पार्टी आने वाले समय में भाजपा को चुनौती देने वाली है तो आप अच्छे काम करो। आप देश को भविष्य दो। आज केंद्र के अंदर आपकी सरकार है, आप देश के लिए काम करेंगे तो आम आदमी पार्टी को कोई पूछेगा ही नहीं। इन्होंने 'आप' को कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मोदी जीने मुझे क्यों गिरफ्तार किया ? उन्होंने केजरीवाल को गिरफ्तार कर पूरे देश को संदेश दिया है कि अगर मैं केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकता हूं तो किसी को भी गिरफ्तार कर सकता हूं। कोई केस नहीं होगा, कोई मामला नहीं होगा।

### जब भी किसी ने बड़ा होने का भ्रम पाला, जनता ने उसका भ्रम तोड़ दिया : भगवंत मान

**नई दिल्ली।** इस दौरान पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि देश में लगातार तानाशाही फैल रही थी। मैं इसे 'थी' कहूंगा, क्योंकि पहले तीन राउंड में मोदी जी को पता चल गया है कि अबकी बार 400 पार नहीं, बल्कि उनका बेड़ा पार भी नहीं हो रहा है। इसलिए उन्होंने भाषण की टोन बदल ली है। ये अरविंद केजरीवाल के समर्थकों का दिन है, उनके मन के काफी दिनों से इस अत्याचार के प्रति रोष था, यहां तक की विरोधी भी यह बात कह रहे थे कि ये गलत हो रहा है। आप विपक्ष के नेताओं पर ईडी, सीबीआई की रेड डलवाकर, उन्हें अंदर करके जीतना चाहते हो, ऐसा नहीं होगा। ये लोकतंत्र है, इसमें लोग बड़े हैं। जब भी किसी नेता ने यह भ्रम पाला है कि मैं लोगों से बड़ा हूं, तभी लोगों ने उसके भ्रम को तोड़ दिया है। क्योंकि लोकतंत्र में जनता जब चाहे आदमी अर्श पर, जनता जब चाहे आदमी फर्श पर होता है। उन्होंने तंज सकते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी कार्यालय में बहुत खुशी का माहौल है और यहां से कुछ ही दूर पर सन्नाटा पसरा हुआ है।

## जीत सुनिश्चित करने के लिए युद्धस्तर पर करना होगा काम : देवेन्द्र यादव

**नई दिल्ली,** 11 मई (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली में चुनाव प्रचार अभियान को नई गति देने के लिए शनिवार को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में मीडिया स्ट्रेटजी कमेटी, सोशल मीडिया कमेटी और मीडिया पेनालिस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मौजूद पदाधिकारियों को सभी सातों लोकसभा सीटों में चल रहे चुनाव प्रचार अभियान को नई गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अब ज्यादा समय नहीं है, हमें इंडिया गठबंधन के सातो उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए मिलकर युद्धस्तर पर काम करना होगा। इसके अलावा प्रदेश कार्यालय में बूथ मैनेजमेंट कमेटी की बैठक हुई।

बैठक में देवेन्द्र यादव के अलावा स्ट्रैटेजी कमेटी के चेयरमैन हारुन युसूफ, पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन और पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, एआईसीसी की प्रवक्ता रागिनी नायक, बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग, अली मेंहदी, नेशनल कोऑर्डिनेटर राहुल शर्मा, हिदायतुल्लाह, अनिरुद्ध शर्मा, हर्ष चौधरी, रमेश पोपली और तस्वीर सोलंकी मुख्य रूप मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि सोशल मीडिया एक टूल है जो अपनी बात को बहुत जल्द सीधा जनता तक पहुंचाता है। सोशल मीडिया वारियर के कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और आप लोग कांग्रेस की गारंटी को सोशल मीडिया के माध्यम से सीधा जनता तक पहुंचाकर अपना काम बखूबी निभा रहे हैं। यादव ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस उम्मीदवारों के साथ-साथ दिल्ली की बाकी चारों सीटों पर जहां इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल के उम्मीदवार मैदान है, उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए गली-गली, मोहल्ले में कांग्रेस की 5 न्याय और 25 गारंटी का प्रचार कर रहे है।



**इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद कांग्रेस की गारंटियों के द्वारा एक नई दिशा दी जाएगी : देवेन्द्र यादव**

## सार संक्षेप

### पवित्र व स्वार्थ से रहित है मां व बच्चे का संबंध : राजिन्दर सिंह



**नई दिल्ली।** मदर्स डे एक ऐसा दिन है जोकि सारे संसार में अपनी माताओं को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। मां और बच्चे का संबंध ही सिर्फ एक ऐसा प्रेम है जो कि एक पवित्र व स्वार्थ से रहित है। यदि हम अपने जीवन से उदाहरण लें तो हम देखते हैं कि सबसे उंची व अच्छी मिसाल मां और बच्चे के सांसारिक प्रेम की ही है। हम देखते हैं कि कैसे एक छोटा बच्चा अपनी मां के बालों को खींचता है और उसके गालों पर थप्पड़ मारता है तो भी मां को उसकी इन हरकतों पर क्रोध नहीं आता। यहां तक कि अगर बच्चा गंदगी से लिपटा हुआ अपनी मां के पास आता है तो भी वह बच्चे को गले से लगा लेती है। एक मां का प्रेम अपने बच्चे के लिए दिल से दिल की राह है। मां और बच्चे के रिश्ते के बीच लालच का कोई स्थान नहीं है।

### भाजपा ने केजरीवाल के खिलाफ जारी किया नया पोस्टर




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर बजरंगबली के दर्शन किए। सीएम केजरीवाल शनिवार से ही चुनाव प्रचार अभियान में भी उतरने जा रहे हैं। इस बीच भाजपा ने आम आदमी पार्टी मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक नया पोस्टर जारी कर जमकर निशाना साधा है। भाजपा के दिल्ली प्रदेश इकाई ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केजरीवाल को 'भ्रष्टाचार का बेताज बादशाह' बताते हुए नया पोस्टर जारी कर कहा भ्रष्टाचारी चाहे जेल के अंदर हो या बेल पर बाहर, भ्रष्टाचारी, भ्रष्टाचारी ही होता है। दरअसल, भाजपा यह मान कर चल रही है कि अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल अपने स्टाइल में चुनाव प्रचार अभियान को नई दिशा देने की कोशिश कर सकते हैं।

### 'आप' ने दिल्ली को सबसे प्रदूषित राजधानी बनाया : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की प्रेस कॉफ्रेंस को छलावा करार देते हुए गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 50 हजार के मुचलके पर छूटे अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर से झूठ बोलने का सिलसिला शुरु कर दिया है। यह दिल्ली की जनता को तय करना है कि पैरोल पर छूटे अपराधी को वोट देना है या फिर पिछले 10 सालों में विकास की नई परिभाषा लिखने वाले मोदी सरकार को। उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल 50 दिन तक जेल के अंदर रहकर आए हैं और उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा है कि उन्होंने चोरी की है।

# दिल्ली में तेज आंधी से 2 की मौत, 23 घायल

**नई दिल्ली,** 11 मई (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर में बीती रात अचानक आई तेज आंधी और तूफानी हवाओं ने तबाही मचा दी। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में पेड़ गिरने की वजह से 2 लोगों की मौत हो गई और 6 लोगों के घायल होने की सूचना मिली है। साथ ही अलग-अलग इलाकों में कई मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं जिसकी वजह से 17 लोग घायल हुए हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी में 55 कॉल मकान डैमेज होने की मिलीं। मकान क्षतिग्रस्त होने की वजह से 17 लोगों के घायल होने की खबर आई है। वहीं, पेड़ गिरने और मकान क्षतिग्रस्त होने की वजह से कुल 23 लोग घायल हो गए हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक राजधानी भर में 152 पेड़ों के उखड़ने की सूचना मिली। वहीं, अलग-अलग इलाकों में 202 कॉल बिजली से जुड़ी हुई समस्या को लेकर प्राप्त हुई।



**पेड़ उखड़े, मकान गिरे, बत्ती भी हुई गुल**

आंधी-तूफान आने की वजह से काफी जगहों पर बिजली जाने और तार टूटने आदि की समस्याएं भी सामने आई। तेज आंधी और तूफानी हवाओं की वजह से अलग-अलग इलाकों में लोगों के चपेट में आने और घायल होने की बड़ी संख्या में पीसीआर कॉल की गई। इसके अलावा दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में पेड़ गिरने और टहनियों के टूटने की बहुत सी घटनाएं सामने आई। जिनकी कोई पीसीआर कॉल नहीं की गई है। इस सबको हटाने के लिए शनिवार सुबह एमसीडी का हॉर्टिकल्चर और सेनिटेशन डिपार्टमेंट कार्रवाई में सुबह से जुट गया। हालांकि, दिल्ली में कई जगहों पर सडकों के बीचों बीच तेज और तूफानी हवाओं की वजह से पेड़ उखड़ कर या फिर बड़ी डालियां टूटकर गिर गई।

### धराशायी हुआ शादी का पंडाल

शुक्रवार देर रात अचानक से आई आंधी और धूल भरे तूफान ने पूरी दिल्ली में आम जन जीवन को अस्त व्यस्त करके रख दिया। आंधी-तूफान की वजह से दिलली-एनसीआर के कई इलाकों में काफी नुकसान देखने को मिला। दिल्ली के रोहिणी इलाके में धूल भरी आंधी से भारी नुकसान होने की खबर आई। रोहिणी इलाके के स्वर्ण जयंती के पास बना शादी का पंडाल तहस नहस हो गया। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन इसमें काफी नुकसान जरूर हुआ है। हालांकि गनीमत की बात ये रही कि इस तूफान में पंडाल के गिरने से कोई हताहत नहीं हुआ।

### लोगों को गर्मी से मिली राहत

राजधानी दिल्ली में अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन धूल भरे तूफान से कई जगह भारी नुकसान भी हुआ। दिल्ली के रोहिणी और आस पास के इलाकों में आंधी तूफान से कई पेड़ टूट गए तो वहीं दूसरी ओर स्वर्ण जयंती पार्क के पास बनने शादी विवाह का पंडाल हवा में क्षतिग्रस्त हो गया। जिस तरीके से धूल भरा तूफान आया था, उसको देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि राजधानी दिल्ली में कई इलाकों में भारी नुकसान होने की आशंका है।



■ नई दिल्ली महरौली में रोड शो करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान।

फोटो : इम्तियाज खान

### दिल्ली की सभी सीटों पर भाजपा ने किया प्रचार

**नई दिल्ली,**11 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री वी.के. सिंह, राजस्थान के दोनों उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा के साथ राजस्थान सरकार के मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में जमकर चुनाव प्रचार किया।

केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने उत्तर पश्चिम दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार योगेंद्र चंदोलिया और पश्चिम दिल्ली से पार्टी उम्मीदवार कमलजीत सहरावत के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव देश के अगले प्रधानमंत्री को चुनने का चुनाव होता है। इसलिए देश के विकास के लिए देशवासी एक बार फिर से प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी को देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुद्दा चाहे आंतरिक सुरक्षा का हो या फिर सीमा पर या दुश्मन देशों को मुंहतोड़ जवाब देने का, मोदी सरकार ने हर मोर्चे पर पिछली सरकारों की तुलना में बेहतर काम किया है।

## अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट जरूर करें : शेख जलील



**नई दिल्ली,** 11 मई (देशबन्धु)। नवरंग कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख जलील ने प्रेस क्लब इंडिया में अपने सभी उम्मीदवारों के साथ दिल्ली की जनता से अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए नवरंग कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट देने की अपील की कहा कि दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर नवरंग कांग्रेस पार्टी जिसका चुनाव चिन्ह गिलास है उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। नवरंग कांग्रेस पार्टी के सभी उम्मीदवार मतदाताओं के बीच जाकर उनसे वोट मांगेंगे। शेख ज़लील ने बताया कि दिल्ली लोकसभा चुनाव की जिम्मेदारी नेशनल पैंथर्स पार्टी भीम के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राजीव जोली खोसला को दी जो पूरी निष्ठा से दिल्ली में चुनाव मैदान में उतरे हुए उम्मीदवारों का साथ देंगे राष्ट्रहित के लिए शेख साहब ने बताया कि चांदनी चौक लोकसभा सीट से वह खुद चुनावी मैदान में है।

दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से लखन सिंह, उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से प्रवीन गौतम,नई दिल्ली लोकसभा सीट से प्रेम सिंह, पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से ए गोपाल कृष्णन, पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट से ए जे राजन और उत्तर-पूर्वी लोकसभा सीट से सुनीता उम्मीदवार हैं। नवरंग कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख ज़लील ने कहा की में दिल्ली की जनता से अपील करता हूँ कि हमारे सभी उम्मीदवारों को वोट देकर कामयाब बनाए। शेख जलील ने बताया कि पार्टी के घोषणा पत्र में हमने कई घोषणा की है जिसमें 50 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक को 7500 रुपए महीना दिया जाएगा, किसानों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा, हर घर को मुफ्त बिजली भी दी जाएगी, हम उद्योगों की स्थापना के लिए विदेशी निवेश लगाएंगे और ब्याज मुक्त ऋण भी देंगे,गैस सिलेंडर की कीमत को 350 से 400 रुपए तक निर्धारित किया जाएगा,विदेशी शिक्षा का खर्च भी सरकार द्वारा किया जाएगा, हर गरीब परिवार की निशुल्क चिकित्सा का जिम्मा भी सरकार का होगा। आकस्मिकत मृत्यु वाले व्यक्ति के परिवार को सरकार 10 लख रुपए देग

### बाबा साहेब और भगत सिंह को दिल-दिमाग से निकाल चुके हैं सीएम केजरीवाल : राजकुमार आनंद



**नई दिल्ली**, 11 मई (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रेस कांफ्रेंस पर दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और बसपा प्रत्याशी राजकुमार आनंद की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने आईएएनएस से खास बातचीत में सीएम केजरीवाल को जादूगर बताते हुए चुटकी ली।

उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल ने कहा है कि वह 24 में से 36 घंटे काम करेंगे, वह कोई जादूगर हैं जो 24 में से 36 घंटे काम कर सकता है। उनके इस बयान से पता चलता है कि उनकी कथनी और करनी में कितना फर्क है। जो पार्टी बाबा साहेब का फोटो लगाकर दलितों को गुमराह करती है, दलितों की हकमारी करती है, मैं उस पार्टी में नहीं रह सकता। दलितों के फंड को डायवर्ट किया गया है। उन्होंने इन आरोपों की जांच कराने तक की बात कही।

राजकुमार आनंद ने कहा कि सीएम केजरीवाल 50 दिन के बाद जेल से बाहर आये हैं। उन्होंने दिल्ली की जनता के बारे में नहीं बोला। उन्होंने इस बात पर कोई बात नहीं की कि दिल्ली की जनता का क्या हाल है? उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस से बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर और भगत सिंह की फोटो गायब थी। आज सारा विपक्ष संविधान बचाओ का नारा लगा रहा है और ऐसे समय में सीएम केजरीवाल ने एक बार भी संविधान और बाबा साहेब का नाम नहीं लिया। मुझे लगता है उन्होंने अपने दिल, दिमाग और अपनी दुनिया से इन महापुरुषों के नाम निकाल दिए हैं। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मंत्री पद से इस्तीफा देने का निर्णय ठीक था क्योंकि जिन लोगों के नाम से राजनीतिक पार्टियां खड़ी की गई (बाबा साहेब और भगत सिंह) आज उनका नाम नहीं लेते है।

## नि:शुल्क रेबीज रोधी टीकाकरण अभियान चलाया

**नई दिल्ली,** 11 मई (देशबन्धु)। आवारा कुत्तों के काटने के बढ़ते मामलों को देखते हुए, नगर निगम के केशव पुरम जोन के पशु चिकित्सा विभाग और दिल्ली सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा मॉडल टाउन क्षेत्र के डॉग लवर्स के सहयोग से एक रेबीज रोधी टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान का आयोजन गोटेवाला पार्क में कल किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुबह सैर करने वाले लोगों को भारत सरकार के पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 के अनुसार कुत्तों के साथ दया पूर्ण व्यवहार करने के लिए प्रोत्साहित करना था। इसमें आवारा कुत्तों की आबादी को नसबंदी और रेबीज टीकाकरण के माध्यम से नियंत्रित करना और कुत्तों को एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानांतरित करने को हतोत्साहित करना शामिल था।

■ **कुत्तों के साथ दया पूर्ण व्यवहार करने के लिए प्रोत्साहित करना था कार्यक्रम का उद्देश्य**

निगम और दिल्ली सरकार की टीमों ने डॉग लवर के साथ मिलकर मॉडल टाउन के विभिन्न बाजारों, आवासीय क्षेत्रों और गलियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैर नसबंदी वाले कुत्तों की पहचान की गई और गैर सरकारी संगठन फरेंडीकोस सेका के नसबंदी केंद्र में भेज गया।

जांच के दौरान यह पाया गया कि इनमें से अधिकांश कुत्तों की पहले ही नसबंदी हो चुकी है। जिन कुत्तों को पहले टीका नहीं लगाया गया था उन्हें रेबीज के खिलाफ टिशु कल्चर वैक्सीन दी गई। कुल मिलाकर 60 आवारा कुत्तों को रेबीज के खिलाफ टीका लगाया गया, जो उन्हें इस घातक वायरस से बचाने और इसके प्रसार को रोकने में सहायक होगा।


**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि**

**पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेगी:-**

**09425/09426 साबरमती-हरिद्वार-साबरमती विशेष एक्सप्रेस** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09425 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09426 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:45 | साबरमती | 21:30 | --- |
| 19:40 | 19:50 | महेसाना जं. | 19:45 | 19:55 |
| 21:45 | 21:47 | पालनपुर जं. | 18:48 | 18:50 |
| 23:00 | 23:10 | आबू रोड | 17:20 | 17:30 |
| 00:08 | 00:10 | जवाई बाँध | 16:14 | 16:16 |
| 00:20 | 00:22 | फालना | 16:00 | 16:02 |
| 00:32 | 00:34 | रानी | 15:46 | 15:48 |
| 02:30 | 02:35 | मारवाड़ जं. | 15:13 | 15:15 |
| 04:50 | 05:00 | अजमेर जं. | 13:15 | 13:25 |
| 05:37 | 05:39 | किशनगढ़ | 11:50 | 11:52 |
| 06:20 | 06:22 | फुलेरा जं. | 10:20 | 10:22 |
| 07:22 | 07:24 | रींगस जं. | 08:45 | 08:48 |
| 08:03 | 08:05 | नीम का थाना | 07:45 | 07:47 |
| 09:30 | 09:32 | नारनौल | 06:40 | 06:42 |
| 11:15 | 11:20 | रेवाड़ी जं. | 05:55 | 06:00 |
| 12:20 | 12:22 | गुड़गांव | 04:42 | 04:44 |
| 12:40 | 12:42 | दिल्ली कैंट | 04:20 | 04:22 |
| 13:30 | 13:40 | दिल्ली जं. | 03:30 | 03:40 |
| 14:30 | 14:32 | गाजियाबाद | 02:45 | 02:47 |
| 15:16 | 15:18 | मेरठ सिटी | 01:42 | 01:44 |
| 16:30 | 16:32 | मुजफ्फरनगर | 00:54 | 00:56 |
| 17:50 | 17:52 | रूड़की | 23:00 | 23:02 |
| 19:00 | --- | हरिद्वार | --- | 21:45 |

**चलने के दिन: 09425 साबरमती** से 14, 17, 20 एवं 23.05.2024 को और **09426 हरिद्वार** से 15, 18, 21 एवं 24.05.2024 को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1434/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के सुदामापुरी में शुक्रवार रात तेज आंधी के चलते एक घर की छत अचानक गिर गई। इस दौरान घर में सो रहा परिवार छत के मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पड़ोसियों ने सभी को मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां 4 साल के बच्चे शुभ को मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्चे के पिता अमित और मां राधा अस्पताल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

**सलोनी अग्रवाल, एसीपी**

## दीवार गिरने से तीन बच्चों समेत चार लोग गंभीर घायल

- **घायलों का अलग-अलग अस्पतालों पर चल रहा उपचार**
- **एक अन्य मामले में शटरिंग गिरने से घायल व्यक्ति की मौत**

**नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-46 स्थित सदरपुर गांव में शुक्रवार देर रात चली तेज आंधी से दीवार गिरने से तीन बच्चे समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का दो अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है। जिस समय हादसा हुआ सभी घायल अपनी झुग्गी में सो रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सदरपुर गांव निवासी रहीसुद्दीन अपने तीन बच्चों सात वर्षीय रहमती, छह वर्षीय खुशबू और दस वर्षीय रेशमी के साथ सो रहे थे। इसी दौरान झुग्गी झोपड़ी की पक्की दीवार चारों के ऊपर गिर गई। हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगने से घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल चारों को नजदीक के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के चलते रहीसुद्दीन को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर किया गया। अन्य तीनों घायल बच्चों को सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई के लिए रेफर किया गया। सभी घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में घायलों के परिजनों ने किसी प्रकार की शिकायत पुलिस से नहीं की है। दीवार कैसे गिरी पुलिस इसकी जांच कर रही है। देर रात तक घटनास्थल पर भीड़ जमा रही।

### कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त

सेक्टर-58 थाना प्रभारी ने बताया कि शटरिंग गिरने से नीचे खड़ी करीब 12 गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। कुछ गाड़ियों में मामूली नुकसान हुआ जबकि कई कार ऐसी भी रहीं जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि जिस समय हादसा हुआ उस समय बूंदाबांदी हो ही रही थी। ऐसे में कई लोग एक कोने पर पानी से बचने के लिए छज्जे के नीचे खड़े थे। अगर वह भी शटरिंग की चपेट में आते तो हादसा और बड़ा हो सकता था। कई अन्य जगहों पर भी आंधी की चलते लोगों के घायल और चोटिल होने के मामले भी सामने आए हैं। शहर में अलग-अलग जगह तेज आंधी से पेड़ गिर गए।

**शटरिंग गिरने से घायल व्यक्ति की मौत**

शुक्रवार देर रात तेज आंधी के चलते सेक्टर-62 स्थित एलआईसी बिल्डिंग के पास पाइप वाली शटरिंग गिरने से घायल व्यक्ति ने देर रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसी हादसे में घायल दंपती का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। मृतक की पहचान बिहार के दरभंगा निवासी जय गोविंद झा के रूप में हुई है। वह वर्तमान में खोड़ा की वंदना कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे और मजदूरी का काम करते थे। पुलिस ने हादसे के सूचना मृतक के परिजनों को देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार को मृतक का अंतिम संस्कार करने की बात कही जा रही है। मृतक के परिजनों की ओर से शिकायत मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई करने की बात पुलिस की ओर से कही जा रही है। दो अन्य घायलों की पहचान गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी निवासी शिवजीत और सोनी के रूप में हुई है। दोनों पति-पत्नी है।

## नोएडा पुलिस ने विधायक अमानतुल्लाह के घर दी दबिश

- **ताला लटका मिलने पर नोटिस किया चस्पा**
- **7 मई को विधायक और बेटे के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा**

**नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-95 स्थित पेट्रोल पंप पर सेल्समैन समेत अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट करने और धमकी देने के मामले में नोएडा पुलिस आरोपी आप विधायक अमानतुल्लाह खान और उनके बेटे अनस के बाटला हाउस स्थित घर पहुंची। दोनों घर से फरार मिले। विधायक के घर का दरवाजा बंद मिला तो पुलिस ने उनके आवास के बाहर ही नोटिस चस्पा कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी विधायक लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में ही जनसभा कर रहा है और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है। पुलिस के मुताबिक दिल्ली की ओखला सीट से आम आदमी पार्टी के



विधायक अमानतुल्लाह खान और उनके पुत्र समेत अन्य लोगों के खिलाफ सात मई को कोतवाली फेज-वन में मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि सेक्टर-95 स्थित शहीद रामेंद्र प्रताप सिंह के फिलिंग स्टेशन पर मंगलवार सुबह विधायक का बेटा अनस अपनी कार लेकर पहुंचा। उसने लाइन में न लगकर बोला कि आगे वाली गाड़ी को आगे बढ़ाकर मेरे गाड़ी में पहले तेल भर दो। इस पर सेल्समैन ने कहा कि आप लाइन में हैं अभी आपकी गाड़ी में तेल भर जाएगा। इसी दौरान अनस और उसकी कार में बैठे अन्य लड़कों ने मारपीट की। इसके बाद अमानतुल्लाह खान खुद पहुंचे और मैनेजर को धमकाया। विधायक पुत्र के मारपीट करने और विधायक के धमकी देने का वीडियो उसी दिन दोपहर में सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने पेट्रोल पंप के संचालक की शिकायत पर विधायक, उनके बेटे और कई अन्य अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया।

इसी क्रम में शनिवार दोपहर एसीपी अरविंद कुमार के नेतृत्व में कोतवाली फेज-वन और कोतवाली सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक ने भारी पुलिसबल के साथ दिल्ली के जामिया मिल्लिया थाने में आमद दर्ज कराई। इसके बाद एक एसीपी और तीन थाना प्रभारी की अगुवाई में 25 पुलिसकर्मी आरोपियों की तलाश में विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पहुंचे। यहां घर का दरवाजा बंद था। घर पर कोई नोटिस प्राप्त करने वाला नहीं मिला। जिसके बाद घर पर नोटिस चस्पा किया गया है।

## सार संक्षेप

### सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का किया गया गठन

**खोड़ा।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की ओर से प्रकाश नगर स्थित महासंघ कार्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सुबोध उपाध्याय को साहिबाबाद विधान सभा इकाई का उपाध्यक्ष नमन शुक्ला को खोड़ा नगर इकाई का अध्यक्ष एवं अशोक शर्मा को खोड़ा नगर का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। महासंघ के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि ब्राह्मणों को एकत्रित और एक सूत्र में पिरोने के लिए संगठन का विस्तार किया गया है।

### जल स्तर गिरने से खोड़ा में पानी का संकट गहराया

**खोड़ा।** खोड़ा में गर्मियों में वाटर लेवल नीचे चले जाने से बोर फेल हो रहे है। बोरों के फेल होने और नए बड़े बोरों पर चार से पांच लाख खर्च आने पर लोगों के माथे पर बल पड़ रहा है। गाढ़ी कमाई का पैसा पानी के लिए खर्च करना पड़ता है। खोड़ा की दस लाख आबादी को अभी तक पेयजल की व्यवस्था नहीं है। लोगो को बोतल बंद पानी खरीदकर पीना पड़ता है। नगर पालिका परिषद द्वारा 70 टैंकरों से खोड़ा के 34 वार्डों में गंगाजल सप्लाई करने का दावा भी फेल साबित हो रहा है। समाजसेवी दयानंद मिश्र ने बताया कि 70 टैंकरों की बजाय 35 टैंकर से गंगाजल आपूर्ति की जा रही है। वाटर लेबल 500 फिट के नीचे चले जाने से बोरो से पानी भी कम निकल रहा है। बोरो से निकलने वाला पानी अत्यंत खारा और टीडीएस तीन हजार के ऊपर है। पानी दूषित होने से त्वचा के रोग का खतरा बना रहता है। पानी का संकट बढ़ने से लोगों को चिंता सताने लगी है।

### आंधी तूफान से कटी बिजली लोग परेशान

**खोड़ा।** शुक्रवार रात्रि में आंधी तूफान आने से अचानक बिजली गुल हो गई। तेज तूफान आने से लोगों के घर धूल के गुब्बार से भर गए। कालोनी के कई घरों के टिन शेड उखड़कर इधर उधर गिरने लगे। पैतालिस मिनट तक लोग घरों से तूफान के शांत होने और सुरक्षित स्थान पर छिपते रहे। गनीमत रही कि समय रहते बिजली कट जाने से कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। तूफान शांत होने के बाद लोग बिजली के आने का इंतजार करते रहे। रात्रि एक बजे बिजली घर संपर्क करने पर बताया गया कि ट्रांसमिशन में तकनीकी खराबी की वजह से बिजली कटी है। लोग सोने के लिए बिजली आने का इंतजार करते रहे। दो बजे रात्रि में बिजली सुचारू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। उपखंड अधिकारी प्रथम पी के सिंह ने बताया कि सेक्टर 62 स्थित बिजली घर पर ट्रांसमिशन में तकनीकी खामी की वजह से लोगो को तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। तूफान की वजह से पूरे जनपद में बिजली कटी थी।

### जरूरतमंदों को किया निःशुल्क भोजन वितरण

**नोएडा।** जरूरतमंद लोगों की सेवा में रात दिन लगी दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा, ट्रस्ट की वरिष्ठ पदाधिकारी संगीता चौधरी व कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में शनि मंदिर सेक्टर- 14, नोएडा पर गरीब जरूरतमंद लोगों को निशुल्क भोजन का वितरण किया। इस अवसर पर दीदी की



रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष व समाजसेवीका रितु सिन्हा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था लगातार गरीब जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगी रहती है और संस्था की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन गरीब जरूरतमंद लोगों, बच्चों को भोजन का वितरण किया जाता है और हमारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## आंधी में पेड़ सड़क पर गिरे

### जीडीए टीम ने पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ कराया

**गाजियाबाद,** 11 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को क्षेत्र में आए आंधी और वर्षा के कारण इंदिरापुरम क्षेत्र में कई स्थानों पेड़ सड़कों पर गिर गए। सूचना पर जीडीए के अधिकारी व स्टाफ मौके पर पहुंचे और रास्तों को साफ कराया। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह व मुख्य अभियंता मानवेन्द्र खुद मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य कराया। जीडीए सचिव ने बताया कि शुक्रवार की रात में इन्दिरपुरम में कई स्थानों पर पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए। जिससे



चलते रास्ता अवरुद्ध हो गया था। सूचना मिलने पर उद्यान विभाग का स्टाफ मौके पर पहुंचा और बचाव कार्य किया। सहायक अभियंता पीयूष सिंह, उद्यान अधिकारी शशि भारती, उद्यान निरीक्षक तरणी सिंह व उनकी टीम के द्वारा ऐसे स्थलों का निरीक्षण करते हुए उद्यानिक अवरोध हटाया गया।

### जीडीए के मुख्य अभियन्ता ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

- **मेटेरियल के गुणवत्ता की जांच की गई**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह ने इदिंरापुरम योजना में निर्माणाधीन रोड नम्बर 2 का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क में उपयोग किये जा रहे मेटेरियल के गुणवत्ता की जांच कराई। उन्होंने स्टाफ को निर्देशित किया कि गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार की कमी ना रहे। इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के समय जोन के सहायक अभियंता पीयूष सिंह एवं अनुबंधित फर्म के स्टाफ भी स्थल पर मौजूद रहे।

## तेज आंधी में मकान की छत गिरी

### मासूम की दबकर मौत, माता-पिता घायल

**गाजियाबाद,** 11 मई (देशबन्धु)। क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के सुदामापुरी में शुक्रवार रात तेज आंधी की वजह से एक मकान छत नीचे गिर गई। जिसमें छत के मलबे में दबकर एक मासूम की मौत हो गई, जबकि माता-पिता घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के सुदामापुरी में शुक्रवार रात तेज आंधी के चलते एक घर की छत अचानक गिर गई। इस दौरान घर में सो रहा परिवार छत के मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पड़ोसियों ने सभी को मलबे से निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां 4 साल के बच्चे शुभ को मृत घोषित कर दिया। वहीं बच्चे के पिता अमित और मां राधा अस्पताल को अस्पताल में भर्ती कराया है। इस सम्बंध में थाने में तहरीर दी गई है जिसमें कहा गया है कि रात्रि आंधी में उसके पड़ोस



**पीड़ित ने पड़ोसी के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट**

की एक मकान की दीवार गिर जाने के कारण उसके घर की छत टूट गई जिस कारण उसके घर में सो रहे एक 4 वर्षीय पुत्र की मृत्यु हो गई तथा उसके 05 माह के पुत्र एवं पत्नी घायल हैं। आरोप लगाये गए कि उसके पड़ोसी राजेश चौहान द्वारा लापरवाही से बनाए गए चार मंजिला मकान के कारण उसके बच्चे की मृत्यु हुई है। प्राप्त तहरीर पर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।

## सेक्टर-48 में दो इमारतों पर लिखा गया 'ये अवैध है'

**नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की अवैध निर्माण पर सख्ती जारी है। शनिवार को नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल-3 ने सेक्टर-48 में दो निर्माणाधीन इमारतों को



सील करते हुए उस पर लिखा गया कि ये इमारत अवैध है। ये दोनों इमारत मदरहुड अस्पताल के सामने है। यहां बड़े स्तर पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। दोनों इमारतों वाणिज्यिक लिहाज से बनाया जा रहा था। इसमें नीचे कई दुकान और ऑफिस का निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण ने दोनों ही इमारतों पर अवैध लिखते हुए काम बंद करवाया। इसके अलावा इसी इमारत के आगे और सड़क पर गलत तरीके से स्ट्रक्चर बनाने वाले दुकान और इमारतों के अतिक्रमित हिस्सों को ध्वस्त किया गया। वहीं चेतावनी दी गई कि दोबारा यहां अवैध निर्माण किया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सील की गई दोनों इमारत करीब 200-200 वर्गमीटर में बन रही थी। ये जमीन प्राधिकरण की अर्जित जमीन है। ऐसे में इमारतों को जल्द ध्वस्त किया जाएगा। यदि प्राधिकरण इन्हें ध्वस्त करेगा तो इसका खर्चा अतिक्रमण कर्ता को वहन करना होगा।

## फेज-1 में बिजली घर के पास लगी आग

**नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। नोएडा के थाना फेज-1 क्षेत्र में बिजली घर के पास भीषण आग लग गई। आग दोपहर करीब तीन बजे लगी। मौके पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियों को रवाना किया गया। आग को 30 मिनट की मशक्कत के बाद बुझा दिया गया। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि बताया गया कि आग जलती हुई बीड़ी की वजह से लगी थी। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग बिजली के पास कबाड़ और कूड़े में लगी थी। यहां काफी खराब गाड़ी थी। जिसकी वजह से आग बढ़ गई। काला धुआं कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता था। मौके पर मौजूद लोगों ने आग की सूचना दमकल और स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर एक-एक करके दमकल की तीन गाड़ियां पहुंची। जिन्होंने आग पर काबू पाया। इससे पहले स्थानीय लोगों की मदद से आग की जद में आने वाले सभी ई रिक्शा और कबाड़ को हटाया गया। ताकि बिजली ऑफिस तक आग न पहुंचे। इसके बाद पानी बौछार की गई। आग से



- **दमकल की 3 गाड़ियों ने 30 मिनट में आग पर पाया काबू**
- **कबाड़ और कूड़ा बना वजह**

कोई जनहानि नहीं हुई है। सीएफओ ने कहा कि गर्मी बढ़ने से आग की घटनाएं बढ़ रही है। इसलिए घरों में ऐसी और अन्य इलेक्ट्रानिक साकिट की जांच कराए। ताकि आग के इन कारणों से बचा जा सके। साथ ही कोई भी जलती हुई चीज कबाड़ या अन्य स्थान पर न फेंके जिससे आग लगने की संभावना हो।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष से मिला एनजीओ

- **उत्तराखंड की पारंपरिक पोशाक पिछोड़ व तिकोनी टोपी भेंट की**
- **कई मुद्दों पर हुई बातचीत**

**नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। 'शिक्षा से शिखर तक' संस्था की टीम द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नोएडा विमला बाथम से आज उनके सेक्टर-33 नोएडा स्थित आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर टीम द्वारा उन्हें उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध पारंपरिक पोशाक पिछोड़ व पहाड़ की सांस्कृतिक धरोहर तिकोनी टोपी सम्मान स्वरूप पहनाई गई।

'शिक्षा से शिखर तक' एनजीओ की अध्यक्ष रजनी जोशी ने बताया कि बैठक के दौरान नारी सशक्तिकरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विमला बाथम का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। संस्था के कार्यों की विस्तार से चर्चा की गई।

साथ ही कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बातचीत की गई। इस दौरान उन्हे उत्तराखंड में संस्था के जरिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया। साथ ही उनके द्वारा संस्था के कार्यों की भी प्रशंसा की गई। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष रजनी जोशी, उपाध्यक्ष नीतू कुंडलियां, सचिव नीरज एवं प्रतिमा सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## नोएडा एयरपोर्ट को दिल्ली से नई कनेक्टिविटी

**नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे समानांतर नया एक्सप्रेस वे बनाया जाना है। इसका 28 किमी का हिस्सा नोएडा में होगा और 4 किमी का लिंक बनाकर इसे नोएडा

- **एनएचएआई जल्द करेगा दोबारा सर्वे**
- **32 किमी होगा एक्सप्रेस वे, दिल्ली, हरियाणा के लोगों को फायदा**

एयरपोर्ट से कनेक्ट किया जाएगा। इस एक्सप्रेस वे को बनाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने एनएचएआई को पत्र लिखा था। उसने ये कहकर मना किया था कि हम सिर्फ नेशनल हाइवे बनाते है न की एक्सप्रेस वे। हालांकि प्राधिकरण ने दोबारा से एनएचआई को पत्र लिखा। जिसके बाद एनएचएआई दोबारा से इस रोड का सर्वे करेगी। बताएगी कि वो इसका निर्माण करेगी या नोएडा प्राधिकरण।

सामरिक दृष्टि से नया एक्सप्रेस वे दिल्ली, हरियाणा और यूपी के कई शहरों के लिए फायदा पहुंचाएगा। वर्तमान में नोएडा एक्सप्रेस वे पर रोजाना करीब 10 से 15 लाख वाहन चलते है। ये इसकी क्षमता से कही ज्यादा है। इसलिए नया एक्सप्रेस बनाने पर विचार किया गया। इसकी फिजिबिलिटी तैयार की जा रही है। ये एक्सप्रेस वे दिल्ली कालिंदी कुंज के पास मुंबई बड़ोदरा एक्सप्रेस से जोड़ने का प्लान है।

इसके बनने से हरियाणा के फरीदाबाद, बल्लभगढ़, दिल्ली के बदरपुर, नेहरु प्लेस और नोएडा का अधिकतर ट्रैफिक जो मौजूदा एक्सप्रेस वे का प्रयोग करते है। वो सीधे नए एक्सप्रेस के जरिए यमुना एक्सप्रेस से आगरा, अलीगढ़, मथुरा, नोएडा एयरपोर्ट और लखनऊ तक आ जा सकेंगे। उनको जाम का सामना नहीं करना होगा। इसलिए इस एक्सप्रेस वे की फिजिबिलिटी और जरूरत ज्यादा है।

### एक्सप्रेस वे से भार होगा काम नोएडा एयरपोर्ट को मिलेगा नया लिंक

नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। व्यस्त समय में वाहन कतार लगाकर चलते हैं। वाहनों के बीच गेप काफी कम रहता है। अब इस साल नोएडा एयरपोर्ट शुरू होने से वाहनों की संख्या और बढ़ जाएगी। इसको देखते हुए ये एक्सप्रेस वे काफी फायदेमंद होगा। साथ लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

### नए विकसित किए जा रहे सेक्टरों को मिलेगा लाभ

यह सड़क नोएडा के सेक्टर 128, 135, 150, 151, 168 के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा के कुछ क्षेत्रों को जाने वाले वाहन चालकों को एक अतिरिक्त कनेक्टिविटी देगा। बता दे पुश्ता सड़क के 11 किलोमीटर के हिस्से का निर्माण पहले से ही किया गया था और जून 2014 में सार्वजनिक रूप से खोला गया था।

**प्राधिकरण के पास इसे बनवाने के दो ऑप्शन**

इस एक्सप्रेस वे को बनवाने के लिए प्राधिकरण के पास दो ऑप्शन है। पहला एनएचएआई इसे बनाए। जिसमें एनएचएआई को प्राधिकरण जमीन देगी और बाकी निर्माण लागत का व्यय एनएचएआई करेगा। दूसरा आप्शन बिल्ट आपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) हो सकता है। जिसमें प्राधिकरण किसी बड़ी कंपनी को निर्माण के लिए कांट्रेक्ट दे। निर्माण के बाद कंपनी एक्सप्रेस वे पर टोल और विज्ञापन के जरिए खर्चा निकाले और इसके बाद प्राधिकरण को हैंड ओवर करे। हालांकि पहले ऑप्शन पर प्राधिकरण विचार कर रहा है।

इसलिए दोबारा से एनएचएआई को ही पत्र लिखा गया। बता दे इस प्रोजेक्ट को बनाने में करीब 2 से 2.5 हजार करोड़ रुपए का खर्चा होगा। इतना पैसे के लिए सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट दोनों को ही लागत वहन करनी होगी। क्योंकि मौजूदा समय में प्राधिकरण इतनी बड़ी रकम प्रोजेक्ट पर खर्च करने में असमर्थ है। इसकी वजह प्राधिकरण के पास आय के साधन समाप्त होना है।

**एक्सप्रेस वे नहीं बनाकर एलिवेटड और पुश्ता रोड को कर सकते है ठीक**

यातायात को बेहतर और नोएडा एयरपोर्ट से सीधे लिंक के लिए एक्सप्रेस वे बेस्ट ऑप्शन है। इसके अलावा नोएडा प्राधिकरण यहां दो और विकल्प पर फिजिबिलिटी तैयार करवा रहा है। पहला करीब 19 किमी लंबी पुश्ता रोड को ठीक कराया जाए। इसके लिए सिंचाई विभाग से बातचीत की जा रही है। ये रोड 4 लेन की है। 19 किमी के बाद 11 किमी का पैच बनाकर इसे यमुना एक्सप्रेस वे जोड़ा। ये विकल्प सस्ता है और प्राधिकरण इस पर काम कर सकता है।

दूसरा एक्सप्रेस वे के ऊपर एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाए। ये काफी खर्चे वाला आप्शन है। इसको लेकर नोएडा प्राधिकरण में एक बार प्रस्तुतीकरण भी हो चुका है। बहरहाल एनएचएआई के निरीक्षण के बाद ही ये तय होगा कि एक्सप्रेस वे समानांतर नोएडा एयरपोर्ट को लिंक करने के लिए कौन सा विकल्प सही होगा।

## ठेकेदार की लापरवाही से हो रहा है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जल भराव

**बुलंदशहर,** 11 मई (देशबन्धु)। शिकारपुर नगर में चल रहा नाला निर्माण कार्य की गति धीमी और ठेकेदार की लापरवाही के चलते स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं व राहगीरों व मरीजों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों व स्कूल जाने वाले बच्चों को नाले के पानी से होकर निकलना पड़ रहा है । निकासी न होने से सड़क पर गंदा पानी बह रहा।



- **निकासी न होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी**
- **छात्र-छात्राएं और राहगीर व मरीजों को निकलने में हो रही परेशानी**

नगर के अम्बेडकर पार्क से केनरा बैंक तक नाले का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से कराया जा है। जिसके कारण अम्बेडकर नगर खेड़ा का पानी सुचारू रूप से नाले में न आकर सड़क पर भर गया है जिससे राहगीरों व स्कूल जाने वाले बच्चों को नाली के गन्दे पानी से होकर निकलना पड़ रहा है यही पर नगर का सरकारी स्वास्थ्य केंद्र भी स्थित है अस्पताल में जाने वाले मरीजों को भी काफी परेशानी अस्पताल में पहुंचने तक होती है। उधर वार्ड नम्बर चार के सभासद विनय कुमार से जब वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे वार्ड की एक गली में भी पानी भर रहा है। जिससे मच्छरों का प्रकोप भी पहले से ज्यादा बढ़ गया है सड़क भी जगह-जगह से उखड़ चुकी है जिससे बाइक से आने वाले राहगीरों को चोटिल होने का खतरा बना रहता है। इस सम्बन्ध में जब नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह, से बात की तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार से बात हो चुकी है चार दिन के अन्दर ठेकेदार नाले का निर्माण कार्य पूरा कर देगा।

उवाच "

यह दोनों किराए पर रहने के लिए आए थे। पुलिस द्वारा लड़की के परिजनों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों रिश्ते में जीजा और साली लगते हैं, दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसमें मौत हो गई है। शव का पंचनामाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**हिरदेश कठेरिया, एडीसीपी सेंट्रल नोएडा**



# फिनटेक सिटी फेस-एक में 250 एकड़ क्षेत्र किया जाएगा विकसित

- पहले चरण में करीब डेढ़ सौ फाइनेंसियल कंपनियों को आवंटित होगा भूखंड
- फिनटेक सिटी का डीपीआर तैयार, सलाहकार एजेंसी ने प्राधिकरण को सौंपी रिपोर्ट
- वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों को आवंटित किए जाएंगे भूखंड
- सिंगापुर और दुबई के तर्ज पर विकसित की जाएगी यीडा की फिनटेक सिटी

प्राधिकरण का प्रयास फिनटेक सिटी में वित्तीय कारोबार से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को लाने का प्रयास है। फिनटेक सिटी को बसाने के लिए यमुना प्राधिकरण चार मॉडल पर विचार कर रहा है। एकल या एकाधिक आवंटियों को भूमि देने और सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल या हाइब्रिड जैसे वित्तीय मार्डल पर विकास किया जा सकता है।

**डॉक्टर अरुणवीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे शहर के सेक्टर-13 के बजाय सेक्टर-11 में बसाई जाएगी फिनटेक सिटी। फिनटेक सिटी की स्टडी और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) कुशमैन एंड वेकफील्ड इंडिया ने अपनी रिपोर्ट यमुना एक्सप्रेस वे को सौंप दिया। सलाहकार कंपनी ने अपने डीपीआर में फिनटेक सिटी को सेक्टर-11 में विकसित करने की राय दी है। इसके लिए यीडा में सहमत हो गया। सेक्टर-11 में प्राधिकरण में 800 एकड़ जमीन उपलब्ध है। डीपीआर के अनुसार फिनटेक को तीन चरणों में विकसित किया जाएगा। पहला चरण 2027 और दूसरा चरण 2030 और तीसरा चरण 2034 तक विकसित किया जाएगा। फिनटेक सिटी पहले चरण में 250 एकड़ में विकसित किया जाएगा। इसके अलावा 37 भूखंड कामर्शियल गतिविधि के लिए होंगे।

23 एकड़ में फिनटेक सिटी में ग्रीन पार्क विकसित किया जाएगा। चुनाव के बाद डीपीआर को प्रदेश सरकार से मंजूरी मिलने के लिए यमुना प्राधिकरण फेस एक के लिए भूखंड की योजना लांच करेगा। प्राधिकरण फेस-एक में एक एकड़ से लेकर 20 एकड़ तक 124 भूखंड की योजना निकालेगी। फिनटेक सिटी को सिंगापुर और दुबई की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

बता दें कि फिनटेक में वित्तीय कारोबार के साथ-साथ कम्युनिटी इंगेज सिस्टम भी विकसित किया जाएगा। जिसमें वित्तीय कारोबारी को लेकर जागरूक भी किया जाएगा। फिनटेक सिटी विकसित होने पर लाखों लोगों के रोजगार मिलने की संभावना है।

यमुना एक्सप्रेस वे शहर के सेक्टर-13 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास 250 एकड़ में फिनटेक सिटी विकसित करने पर अंतिम फैसला हो चुका है। पहले चरण में जाने की तैयारी चल रही है। प्रथम चरण में 250 एकड़ में विकसित की जाएगी। फिनटेक सिटी को किस मॉडल पर विकसित किया जाएगा सलाहाकर कंपनी स्टडी रिपोर्ट और डिटेल प्राजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली है। डीपीआर में क्या-क्या सुविधाएं होंगी, इस तरह की कंपनियां होंगी, इसका पूरा खाका तैयार कर लिया है। डीपीआर तैयार होने के बाद प्राधिकरण आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया है।

### अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को लाने का किया जाएगा प्रयास

यीडा सिटी में विकसित होने वाली नार्थ इंडिया की प्रथम फिनटेक सिटी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को लाने का प्रयास किया जाएगा। वित्तीय कारोबार से जुड़ी कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसे सिंगापुर और दुबई की फिनटेक सिटी की तरह विकसित करने की योजना है। फिनटेक सिटी में ऑनलाइन बैंकिंग, निवेश, रिसर्च, क्रॉउड फंडिंग, डिजिटल मनी, स्टॉक एक्सचेंज, बीमा कंपनियां, शॉपिंग सेंटर, ई-पेमेंट गेटवे प्लेटफॉर्म, क्रप्टो करेंसी, जैसी निजी व सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसमें लीगल कंपेलन, एडवाइजरी इंस्टीट्यूट का भी निर्माण किया जाएगा।

### फिनटेक सिटी कनेक्टिविटी होगी बेहतर

डीपीआर में फिनटेक सिटी को बेहतर कनेक्टिविटी का भी खाका तैयार किया गया है। सेक्टर-13 में फिनटेक सिटी बनने से औद्योगिक सेक्टर-32 से जुड़ जाएगा।

प्रस्तावित चौला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और यमुना एक्सप्रेस वे से सीधे जुड़ जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट यहां से आठ किमी की दूरी पर है। प्रस्तावित डिस्ट्रिक्ट बिजेनेस सेंटर, डाटा सेंटर भी इससे करीब है।

# श्रीराधा स्काई गार्डन सोसायटी के लोगों ने मूल सुविधाओं को लेकर खोला मोर्चा





**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में मूलभूत सुविधाओं की शिकायत लोग पिछले करीब 5-6 साल से करते आ रहे हैं, लेकिन श्री ग्रुप बिल्डर ने आज तक न तो मूलभूत सुविधाओं एवं जानमाल से संबंधित पेंडिंग प्रोजेक्ट के काम को पूरा करने के लिए कोई काम नहीं किया और न ही कोई इरादा दिखाया। शनिवार को सोसायटी के सैकड़ों निवासियों ने श्री ग्रुप बिल्डर के खिलाफ मोर्चा खोला।

जिसमें पहले निवासी बिल्डर के हाई ग्रीन्स कंपनी वाले मेंटेनेंस ऑफिस में पहुंचे जहां पर सभी जिम्मेदार अधिकारी नदारद दिखे एवं जो भी अधिकारी मिले वह अपनी सही से पहचान तक नहीं बता पाए और निवासियों के द्वारा मूलभूत सुविधाओं को पूरा न करने एवं फ्लैट मालिकों को एनओसी मिलने के बाबजूद अवैध नाजायज तरीके से लाखों रुपयों की डिमांड करके लूटने के कारण पूछे तो वह बिना पहचान के अधिकारी भी भाग खड़े हुए। उसके बाद निवासी बिल्डर के सेल्स एवं प्रोजेक्ट ऑफिस पहुंचे वहां पर भी कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिला और जो मिले उन्हें भी निवासियों का सालो पुराना दर्द एवं जानमाल के साथ होने वाले खतरे को समझने की बजाए उल्टे निवासियों को धमकाते हुए अपने बाउंसर रुपी लोगो का डर दिखाने की कोशिश की और जब निवासी उनसे नहीं डरे और अपने हक की मुलभूत सुविधाओं एवं जानमाल की सुरक्षा की गारंटी मांगी एवं बिल्डर के डायरेक्टर्स से मिलने का निवेदन किया तो उल्टा उन्होंने 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को बुलाकर निवासियों को झूठी धाराओ में पुलिस एफआईआर दर्ज करने की धमकी दी। लोगों का कहना है कि यह शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा जब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता।

**प्रदर्शन करने पहुंचे लोगों को पुलिस व बाउंसर से धमकाने का आरोप**

# लोगों की आवाज को दबाने का दबाव बनाते थे संगठन लोग : गीता भाटी

**रबूपुरा,** 11 मई (देशबन्धु)। कुणाल हत्याकांड के खुलासे के लिए पीड़ित परिजनों के साथ मिलकर सक्रिय भूमिका निभाने वाली किसान एकता संघ महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी व प्रदेश उपाध्यक्ष उनकी बहन मिथलेश भाटी को संगठन से शुक्रवार को निष्कासित कर दिया गया। जिन पर संगठन पदाधिकारी व जिले के कुछ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। शनिवार को गीता भाटी ने संगठन से निष्कासन पर अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि वह अपने पद से करीब 4 महीने पूर्व इस्तीफा दे चुकी हैं। जिसकी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य पदधिकारियों सोशल मीडिया के माध्यम से भी दी जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि संगठन के कुछ लोग निजहित के लिए गरीब मजदूरों की आवाज को दबाने के लिए उन पर दबाव बनाते थे। हमने सदैव किसान, मजदूरों व आमजन के हक की लड़ाई लड़ी है और संघर्ष कर उन्हें उनका हक दिलाने में मदद की है। हमारी संगठन व क्षेत्र में बढ़ती लोकप्रियता कुछ लोगो को हजम नहीं हो रही थी इसलिए वह षडयंत्र के तहत हमें दबाने का प्रयास करते थे। कभी किसी संगठन पदाधिकारी या प्रशासनिक अधिकारी से अभद्रता नहीं कि गई सिर्फ गरीब मजदूरों के हक के संघर्ष किया गया। गीता भाटी के दावे अनुसार कुणाल हत्याकांड के परिजनों का सहयोग नहीं करने के लिए उन पर दबाव बनाया गया था लेकिन वह अपनी बात पर अडिग रहीं जिसके चलते उनके खिलाफ साजिश की जा रही है। हालांकि आने वाले समय मे सभी सवालों के जबाव दिए जाएंगे और वह लगातार गरीब मजदूरों के हक के लिए आवाज उठाती रहेंगी। वहीं सूत्रों की मानें तो गीता भाटी जल्द ही अपने नए संगठन की घोषणा कर सकती हैं।



- संगठन पदाधिकारियों को चार माह पूर्व भेज दिया था अपने पद से इस्तीफा

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन ब्राह्मण सभा ग्रेटर नोएडा की तरफ से वाईएमसीए धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन व मंत्रोच्चारण से किया गया, सुरेश चन्द्र पचौरी अध्यक्ष ब्राह्मण सभा ने सभी का अभिवादन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत प्रसिद्ध प्रवचन कर्ता सेवानिष्ठ शेष दास जी इस्कॉन, राजनगर गाजियाबाद ने भगवत भजन संकीर्तन से सभी को मुग्ध कर दिया। उन्होंने कलियुग में भगवत भजन की महत्ता को बताया। कवि मुकेश शर्मा ने अपने कविता पाठ से धर्म व आध्यात्म के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर कुलदीप शर्मा, संरक्षक, देवी सरण शर्मा, विधि सचिव ने अपने विचार प्रकट किए और जन्मोत्सव की महत्ता के बारे में बताया। मंच का संचालन प्रदीप उपाध्याय व मुकेश शर्मा ने की। इस अवसर पर धन प्रकाश शर्मा, नेम चन्द्र शर्मा, अटल, देवाशीष शर्मा, वेद कुमारी मुद्गल, निर्वेश, हरेन्द्र कुमार शर्मा, गौरव उपाध्याय, हरिओम शर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा, आरती शर्मा, सुमन मिश्रा, अनिल शर्मा मौजूद रहे।




# वाटर टैंक में मृत महिला के आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। इकोटेक प्रथम थाना अंतर्गत गौतम बुद्ध विवि में सीमेन्टेड वाटर टैंक से एक महिला का शव बरामद हुआ था, महिला की शिनाख्त के बाद पता चला कि महिला पूनम यादव पुत्री परशुराम यादव निवासी ग्राम कोडरा, थाना चितबडा, जनपद बलिया जो वर्ष 2015 से कपिल उपरोक्त के साथ रह रही थी, ये दोनों पति-पत्नी बनकर रह रहे थे। पुलिस ने महिला के हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मैनुअल इन्टैलिजेन्स व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलान्स की मदद से घटना में शामिल आरोपी कपिल व महिला आरोपी सुमित्रा पत्नी हरपाल को जिम्स तिराहा से गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि मृतका पूनम यादव, कपिल, जिला अलीगढ़ व उसकी मां सुमित्रा के साथ गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी एम ब्लाक एफएफ-53 में रहती थी। 5 मई की रात्रि में पूनम का कपिल व उसकी मां सुमित्रा से झगड़ा हो गया था, झगड़े के दौरान कपिल ने मृतका पूनम को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और गला पकड़कर सिर को जमीन पर पटक दिया जिस दौरान सह अभियुक्ता सुमित्रा ने मृतका के पैर पकड़ रखे थे, जिसकी मृत्यु हो जाने के उपरान्त दोनों मृतका के शव को छिपाने को लेकर शव को लेकर तीसरी मंजिल तक गए और पानी के टैंक मे छिपाकर फरार हो गए थे। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है।






# क्रांति दिवस के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। क्रांति दिवस के अवसर पर समसारा विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों को क्रांति दिवस की महत्व बताई गई और उसमें भाग लेने वाले वीरों के बारे में बताया गया। यह दिवस भारत की स्वतंत्रता के लिए कितनी महत्ता रखता है इससे विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। समसारा विद्यालय की प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण राय ने विद्यार्थियों को इस दिवस की महत्व से अवगत कराया और भविष्य में इस दिन की महत्ता बताई।

# मातृ दिवस पर बच्चों ने अपनी मां के सामने दी मनमोहक प्रस्तुति



**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। सी.एल.एम. पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा वेस्ट ऐमनाबाद मातृ दिवस पर प्राइमरी तक के बच्चों की माताओं को बुलाकर उनका स्वागत हुआ, नौनिहाल बच्चों ने अपनी माताओं के लिए अपनी गीत व संगीत से माताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जोगेंद्र सिंह, चेयरमैन बबिता सिंह, प्रधानाचार्य रीना गुप्ता ने सभी मां शक्ति को अभिनंदन कर कई तरह के मनोरंजक खेलों का आयोजन कर उन्हें उपहार स्वरूप भेंट प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। छात्र-छात्राओं को बताया कि प्रथम पाठशाला मां है लेकिन कहीं ना कहीं दूसरी मां जो स्कूल में होती है जो बच्चों को जीवन जीने की कलाओं का ज्ञान अर्जन कराती है। हर बच्चा करीब 6 घंटे अध्यापक के बीच में ही गुजारता है।

# तूफान की वजह से 15 घंटे तक 18 गांवों की बिजली रही गायब

**दनकौर,** 11 मई (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के 18 गांवों में करीब 15 घंटे तक बिजली गुल होने से लोगों को काफी परेशानी हुई। शनिवार की दोपहर बाद बिजली आने के बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। शुक्रवार की रात तूफान आने के चलते क्षेत्र रोड में बिजली के पोल और हाईटेंशन लाइन टूट जाने की वजह से दनकौर कस्बे के पास स्थित बिजली घर से जुड़े करीब 18 गांवों में बिजली गायब रही। जिसके चलते शुक्रवार की रात और शनिवार की दोपहर तक लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। लोगों का कहना है कि क्षेत्र भर में बिजली की लाइन काफी जर्जर है। कई बार इस संबंध में शिकायत की गई है। जिसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जाता है। हल्की सी आंधी आते ही लाइन टूट जाती है। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तूफान के चलते कई जगह से बिजली की लाइन टूट गई थी। जिसको ठीक कर दिया गया है।

# जहरीला पदार्थ खाककर जीजा-साली ने मौत को लगाया गले

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के हबीबपुर में एक मकान में जीजा साली से जहर खा लिया। दोनों को मकान मालिक ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हबीबपुर में पानी की टंकी के पास एक किराए के मकान में रहने आए धर्मेंद्र निवासी गांव माधुरी कुंड थाना गोवर्धन जिला मथुरा ने अपनी साली के साथ रात में जहर खा लिया। दोनों शुक्रवार को ही किराए पर रहने आए थे। दोनों को गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टर ने दोनों को मिला घोषित कर दिया। जांच के दौरान पता चला है कि दोनों ने प्यार में असफल रहने पर अपनी जान दी है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हिरदेश कठेरिया ने बताया कि यह दोनों किराए पर रहने के लिए आए थे। पुलिस द्वारा लड़की के परिजनों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों रिश्ते में जीजा और साली लगते हैं, दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसमें मौत हो गई है। शव का पंचनामाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# अंतर्विद्यालयी फुटबॉल टूर्नामेंट में एपीजे और मयूर स्कूल की टीम हुई विजयी

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। एपीजे इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय अंतर्विद्यालयी फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हो गया। इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच खेल की ऊर्जा को प्रोत्साहित करना और उनकी शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। दूसरे दिन टूर्नामेंट में सेमी फाइनल में अंडर 18 तथा अंडर 15 में 8 टीमें थी। अंडर 15 में एपीजे इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा की टीम ने विजय हासिल की। दूसरे स्थान पर विश्व भारती स्कूल ग्रेटर नोएडा ने जीत हासिल की। अंडर 15 में फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान, ऐस्टर स्कूल, ग्रेटर नोएडा और प्रज्ञान स्कूल, ग्रेटर नोएडा के कुछ खिलाड़ी उम्र की सीमा से अधिक पाए गए, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया। अंडर-18 में फाइनल में कैम्ब्रिज स्कूल ग्रेटर नोएडा की टीम विजय हासिल की। एपीजे इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा ने टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। तीसरे स्थान के लिए मयूर स्कूल नोएडा और समरविल स्कूल ग्रेटर नोएडा के बीच मुकाबला हुआ जिसमें मयूर स्कूल नोएडा ने जीत हासिल की। टूर्नामेंट के समापन में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता पांडे ने पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान पर आई विजेता टीम को रुपए 5100, 2100 एवं 1100 नगद राशि, प्रशस्ति पत्र तथा ट्रॉफी प्रदान की और उन्होंने कहा कि आप सभी ने फुटबॉल टूर्नामेंट के दौरान अद्वितीय प्रदर्शन किया है। आपका उत्साह, संघर्ष और समर्पण हमें गर्वान्वित करता है। यह टूर्नामेंट सिर्फ खेल का माध्यम नहीं था, बल्कि एक अवसर था अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित करने का है।



# शिक्षक विकास कार्यक्रम में नई शिक्षक अनुसंधान परियोजनाओं पर होगी चर्चा

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के एप्लाइड कम्प्यूटेशनल साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग ने सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज (सीएएस) डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के सहयोग से 'डीप लर्निंग, जेनेरेटिव एआई और डेटा साइंस का संगम' विषय पर पांच दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारम्भ किया। इस एफडीपी का आयोजन एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) जेपी पांडे, जीएलबीआईटीएम के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सीईओ कार्तिकेय अग्रवाल, एकेटीयू में सीएएस निदेशक प्रोफेसर वीरेंद्र पाठक, और जीएलबीआईटीएम के निदेशक डॉ. मानस कुमार मिश्रा के संरक्षण में किया गया। इस राष्ट्रीय एफडीपी में 18 राज्यों से 894 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। एफडीपी में अगले 5 दिनों तक आठ ज्ञानवर्धक और आकर्षक सत्र शामिल है जिनमें प्रख्यात वक्ता और बीके बिड़ला कॉलेज की एमेरिटस प्रोफेसर डॉ. सीमा पुरोहित, सऊदी अरब की जाजान विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग और कंप्यूटर विज्ञान संकाय के प्रोफेसर डॉ. आर जॉन मार्टिन, टिकटॉक इंक यूएसए के मशीन लर्निंग इंजीनियर अनाविल त्रिपाठी, कक्षा एआई के सह-संस्थापक प्रणव सूरी, टेल्स्ट्रा ऑस्ट्रेलिया के डेटा साइंस स्पेशलिस्ट माधव एल. मिश्रा, मिसिसिपी स्टेट यूनिवर्सिटी यूएसए की ग्रेजुएट रिसर्च असिस्टेंट पेलुमी एबिम्बोला, नील्सनआईक्यू के कार्यकारी डेटा वैज्ञानिक अयोन रॉय भाग लेकर उन्नत शिक्षण क्षमताओं और नई शिक्षक अनुसंधान परियोजनाओं पर चर्चा करेंगे।

**पांच दिवसीय राष्ट्रीय एफडीपी में 18 राज्यों से 894 से अधिक प्रतिभागियों ने कराया है पंजीकरण**

# स्केटिंग प्रतियोगिता में कई विद्यालय के बच्चों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

- कक्षा एक से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। कैंब्रिज विद्यालय ग्रेटर नोएडा में दो दिवसीय अंतर विद्यालयी स्केटिंग प्रतियोगिता में ग्रेटर नोएडा एवं नोएडा के विभिन्न विद्यालयों के लगभग पांच सौ बच्चों ने भाग लिया। दो दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ वरुण अहलावत डायरेक्टर व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में कक्षा एक से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रथम दिन अंडर चार से दस तक के विद्यार्थियों ने स्पीड स्केटिंग में भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन अंडर बारह से सोलह के विद्यार्थियों ने स्पीड स्केटिंग में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिताओं का भी विशेष योगदान होता है। प्रतियोगिताएं विद्यार्थी जीवन का अनिवार्य अंग होनी चाहिए। इस दौरान प्रतियोगिता की ओवरआल ट्राफी कैंब्रिज इन्द्रापुरम ने प्राप्त की, वहीं द्वितीय रनर अप ट्राफी डी.पी.एस नॉलेज पार्क-5 एवं तृतीय लोटस वैली स्कूल नोएडा ने प्राप्त की। दो दिवसीय कार्यक्रम ने बच्चों में खेलों के प्रति रूचि जागृत की। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य शलभ शर्मा ने बच्चों को बधाई दी एवं भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन का आश्वासन दिया।



# आम्रपाली की निर्माणाधीन परियोजना में हुए हादसे में दो मजदूरों की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 11 मई (देशबन्धु)। थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत वेरेना हाइट्स के एफ टावर में कार्य कर रहे नाजिम पुत्र मोहर्रम अली निवासी गांव अवधपुरी मिस्त्री टोला थाना अवधपुरी जिला कटिहार बिहार उम्र 35 वर्ष व रजाबुल पुत्र लतीफपुर रहमान सोनपुर बारसोई कटिहार बिहार उम्र 35 टावर में दसवीं मंजिल पर काम कर रहे थे। लेकिन दुर्घटनावश दोनों दसवीं मंजिल से नीचे गिर गए और दोनों की मृत्यु हो गई। शुक्रवार की रात अम्रपाली लेजर वैली के हाई राइज वेरोना हाइट्स एफ टावर से दो मजदूर 10वीं मंजिल से काम के दौरान गिर गए जिससे उनकी मृत्यु हो गई। लगभग 8 महीने पहले इसी तरह से आम्रपाली ग्रुप की ही दूसरी परियोजना में लिफ्ट गिरने के कारण 10 मजदूरों की मृत्यु हुई थी। आम्रपाली वेरोना हाइट के बायर एवं सुप्रीम कोर्ट में पिटीशनर दीपांकर कुमार का कहना है कि आखिर सरकारी कंपनी होने के बाद भी एनबीसीसी लगातार हो रहे हादसों पर लगाम लगाने में नाकाम क्यों है। आखिर सुरक्षा मानकों का ध्यान क्यों नहीं रखा जा रहा है एवं परियोजनाओं के काम की निगरानी सही ढंग से क्यों नहीं की जा रही है। घर खरीदारों की संस्था नेफोवा के अध्यक्ष अभिषेक कुमार का कहना है कि इस तरह के हादसों से पहले से विलंब की मार झेल रहे घर खरीदारों के मनोबल पर काफी असर पड़ता है। आखिर एनबीसीसी के दिए हलफनामे के बाद भी हादसों पर रोक क्यों नहीं लग रही है।

# साहित्य

## डोरीलाल की चिंता

# पिस्टल वाला जीत रहा है

■ हिमांशु राय

डोरीलाल के पास एक महाशय देशभक्ति और देशसेवा का मंत्र लेने आए। डोरीलाल ने उन्हें समझाया कि ये बड़े लोगों के चोचले हैं और वो इसके चक्कर में न पड़ें पर उसे बहुत जोश था। वो इस काम में लोगों के द्वारा की गई प्रगति से प्रभावित था। उसे लग रहा था कि विकास के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। जब वो नहीं माना तो मैंने कहा कि तुम अपनी सीमा तय कर लो। कहां तक जाना है। कितना विकास करना है। क्योंकि विकास के क्षेत्र में आसमान तक जा सकते हो।

जब वो नहीं माने तो मैंने उन्हें कहा कि देशसेवा का सबसे बड़ा काम है समस्याएं पैदा करना। जनता के लिए खूब समस्याएं पैदा करो। इतनी करो कि जनता त्राहि त्राहि करने लगे।



रोज नई समस्या पैदा करो। आज जनता एक समस्या को किसी तरह सुलझाकर सोये तो उसी रात दूसरी समस्या पैदा कर दो। समस्याओं का अम्बार लगा दो। जनता जब तुम्हारे पास आए तो बताओ कि ये समस्याएं नहीं हैं ये समस्याओं का हल है। ज्योंहि दूसरी समस्या आती है पहली आदमी भूल जाता है दूसरी को हल करने में लग जाता है। इसी तरह दिन गुजरते जाते हैं और जनता ये भूल जाती है कि वो इस धरती पर जीवन जीने के लिए आई है। वो धीरे धीरे अपना जीवन भूलकर समस्याएं हल करने में लग जाती है।

डोरीलाल जी ये तो हुई देशसेवा अब देशभक्ति के बारे में भी बता दीजिए। मैंने कहा कि समस्याओं को हल न करना ही सच्ची देशभक्ति है। ये एक कला है। इसे ही तुम्हें सिद्ध करना होगा। जब समस्याएं हल न होंगी तो अंत में जनता परेशान होकर तुम्हारे पास आएगी। हमारी समस्याएं हल करो। तब तुम उन्हें कैसे समझाते हो यही कला है। तुम्हें समझाना होगा कि आज जो समस्या है कल होने वाली समस्या उसका हल है। कल जो समस्या होगी परसों वाली समस्या कल वाली समस्या का हल होगी। तुम्हें समझ नहीं आया होगा। यही तुम्हारी समस्या का हल है। जब तुम्हें मेरी बात समझ नहीं आई तो आम जनता को कैसे समझ आएगी। अब तुम्हें लगेगा कि आम जनता भले ही मूर्ख बन जाए मगर खास जनता यानी पढ़े लिखे लोग तो समझ जाएंगे पर दरअसल ऐसा होता नहीं है। आम जनता तो समझने के बाद कुछ बोलती नहीं है मगर पढ़ा लिखा दिन रात चबर चबर करता है। ये परंपरागत मूर्ख है। इसे अशिक्षा मंहगाई बेरोजगारी सब पर गर्व है। पढ़ा लिखा आदमी बहुत ही बड़ा वाला होता है। यदि तुम्हें सत्ता में रहना है तो तुम्हें इसी वर्ग की इस विशेषता को साधना होगा। ये छत में खड़े होकर ताली बजाकर थाली बजाकर गरबा करके 卐गो करोना गो卐 बोलता रह सकता है। जबकि गैर पढ़ा लिखा भूखा आदमी बच्चे को कंधे पर बैठाये महानगर से अपने गांव पैदल चल पड़ता है। फर्क यहीं है।

मगर डोरीलाल जी आखिर एक दिन तो सब समझ जाएंगे कि ये सब क्या चल रहा है ? मैंने कहा कि महान बनने के लिए इतिहास, दर्शन, धर्म, आध्यात्म सभी को समझना और साधना जरूरी है। यदि जनता को मूर्ख बनाना है तो इसके लिए तुम्हें

> वो पीछे पड़ गया तो मैंने उसे बताया कि देश में करोड़ों लोग हैं। इसमें से अधिकांश गरीब हैं। ये केवल गिनती में हैं। इनको गिनना बंद कर दो। इनका इलाज हमारे पास है। कुछ लोग बहुत कम कमाते हैं मगर बस भूखे नहीं मरते। इनकी चिंता भी छोड़ो। अब बचा खाता पीता वर्ग और अमीर लोग। खाता पीता वर्ग पूरे समय अमीर बनने की फिराक में है। और अमीर लोग की कोई इच्छा नहीं है। वो अमीर बने रहें और उनकी अमीरी बढ़ती रहे यही उनकी कामना है। उनको हमारी जरूरत है और हमें उनकी जरूरत है। जैसे सब लोग अपना अपना जॉब करते हैं उसी तरह से हम लोग भी अपना जॉब करते हैं और उसमें अपनी प्रोग्रेस करते हैं।

लाखों लोग चाहिए। जो करोड़ों लोगों को मूर्खता में दीक्षित करें। ये तुम कहां से लाओगे। पूरे देश में लाखों धर्मस्थल हैं। उनमें पुजारी कथावाचक बैठे हैं। ये तुम्हारा काम करेंगे। फिर तुम्हें आदमी के नैसर्गिक गुण की तरफ जाना होगा, मूर्खता। मूर्खता मनुष्य का नैसर्गिक गुण है। पढ़े लिखे और गैर पढ़े लिखे में एक बुनियादी फर्क ये होता है कि पढ़े लिखे में मूर्खता का जो आत्मविश्वास होता है वो उसे आम लोगों से उसी तरह अलग कर देता है जैसे पानी में घी। तो तुम समझ लो कि तुम बहुत बड़ा काम करने जा रहे हो उसके लिए तुममें विराट क्षमता चाहिए। तुम्हें जनता को समझाना होगा कि तुम दरअसल ईश्वर से बस थोड़ा ही कम हो और इस धरती के लोग फिलहाल ईश्वर के इसी अवतार से काम चला लें। देखो भाई ये एक पूरा प्रोजेक्ट है। यदि मुझसे पूछने आए हो और अपने प्रोजेक्ट के बारे में वाकई गंभीर हो तो मैं आगे बताऊं नहीं तो चने खाओ और निकल्लो।

वो पीछे पड़ गया तो मैंने उसे बताया कि देश में करोड़ों लोग हैं। इसमें से अधिकांश गरीब हैं। ये केवल गिनती में हैं। इनको गिनना बंद कर दो। इनका इलाज हमारे पास है। कुछ लोग बहुत कम कमाते हैं मगर बस भूखे नहीं मरते। इनकी चिंता भी छोड़ो। अब बचा खाता पीता वर्ग और अमीर लोग। खाता पीता वर्ग पूरे समय अमीर बनने की फिराक में है। और अमीर लोग की कोई इच्छा नहीं है। वो अमीर बने रहें और उनकी अमीरी बढ़ती रहे यही उनकी कामना है। उनको हमारी जरूरत है और हमें उनकी जरूरत है। जैसे सब लोग अपना अपना जॉब करते हैं उसी तरह से हम लोग भी अपना जॉब करते हैं और उसमें अपनी प्रोग्रेस करते हैं। अमीर लोग सामने नहीं आते। वो इतने दयालु होते हैं कि उनके बदले की प्रशंसा भी हमें ही मिलती है। उनका विकास होता है और हमें उस विकास का श्रेय मिलता है। ये पूरी दुनिया में होता है। कोई हमारे देश की बात नहीं है। हम जैसे लोग पूरी दुनिया में हैं जो पर्दे के पीछे छुपे अमीरों के लिए काम कर रहे हैं। ज्यादा खुलकर बताऊं क्या ?

मगर इतना बड़ा टास्क पूरा होगा कैसे ? मैंने कहा कि कुछ प्रतिभा आपके अंदर भी होना चाहिए। प्रतिभा का हमेशा से हमारे देश में आदर होता रहा है। राजनीति मूर्ख बनाने की कला का ही दूसरा नाम है। जनता मूर्ख बनने को तैयार खड़ी है। कौन जीतता है ये दौड़ में शामिल लोगों पर निर्भर करता है। जो अकल की बात करेगा वो हारेगा। मूर्ख बनाने की प्रतियोगिता चल रही है। एक वीडियो कार्टून आया है जिसमें चार लोग दौड़ रहे हैं। एक दौड़ाक के पास दौड़ शुरू करने वाली पिस्टल भी है। वो दौड़ कर आगे निकल जाता है। फिर वो दौड़ शुरू होने की पिस्टल चलाता है। तब बाकी लोग दौड़ना शुरू करते हैं। पिस्टल वाला दौड़ाक अपने पीछे आने वाले दायीं बायीं ओर के दोनों दौड़ने वालों की टांगों पर गोली मार देता है। दौड़ खत्म होने के पहले ही एंड पाइंट वाले फीता लिए लड़के दौड़ाक की ओर दौड़ पड़ते हैं। पिस्टल वाला जीत जाता है।

पिस्टल वाला जीत रहा है।

व्यंग्य

■ हरिशंकर परसाई



# उखड़े खंभे

एक दिन राजा ने खीझकर घोषणा कर दी कि मुनाफाखोरों को बिजली के खम्भे से लटका दिया जाएगा।

सुबह होते ही लोग बिजली के खम्भों के पास जमा हो गये। उन्होंने खम्भों की पूजा की,आरती उतारी और उन्हें तिलक किया।

शाम तक वे इंतजार करते रहे कि अब मुनाफाखोर टांगे जाएंगे- और अब। पर कोई नहीं टाँगा गया।

लोग जुलूस बनाकर राजा के पास गये और कहा, 'महाराज,आपने तो कहा था कि मुनाफाखोर बिजली के खम्भे से लटकाये जाएंगे,पर खम्भे तो वैसे ही खड़े हैं और मुनाफाखोर स्वस्थ और सानन्द हैं।'

राजा ने कहा, 'कहा है तो उन्हें खम्भों पर टाँगा ही जाएगा। थोड़ा समय लगेगा। टाँगने के लिये फन्दे चाहिये। मैंने फन्दे बनाने का आर्डर दे दिया है। उनके मिलते ही,सब मुनाफाखोरों को बिजली के खम्भों से टाँग दूँगा।

भीड़ में से एक आदमी बोल उठा, 'पर फन्दे बनाने का ठेका भी तो एक मुनाफाखोर ने ही लिया है।'

राजा ने कहा,'तो क्या हुआ? उसे उसके ही फन्दे से टाँगा जाएगा।'

तभी दूसरा बोल उठा, 'पर वह तो कह रहा था कि फाँसी पर लटकाने का ठेका भी मैं ही ले लूँगा।'

राजा ने जवाब दिया, 'नहीं,ऐसा नहीं होगा। फाँसी देना निजी क्षेत्र का उद्योग अभी नहीं हुआ है।'

लोगों ने पूछा, 'तो कितने दिन बाद वे लटकाये जाएंगे।'

राजा ने कहा, 'आज से ठीक सोलहवें दिन वे तुम्हें बिजली के खम्भों से लटके दीखेंगे।'

लोग दिन गिनने लगे।

सोलहवें दिन सुबह उठकर लोगों ने देखा कि बिजली के सारे खम्भे उखड़े पड़े हैं। वे हैरान हो गये कि रात न आँधी आयी न भूकम्प आया,फिर वे खम्भे कैसे उखड़ गये!

उन्हें खम्भे के पास एक मजदूर खड़ा मिला। उसने बतलाया कि मजदूरों से रात को ये खम्भे उखड़वाये गये हैं। लोग उसे पकड़कर राजा के पास ले गये।

उन्होंने शिकायत की, 'महाराज, आप मुनाफाखोरों को बिजली के खम्भों से लटकाने वाले थे ,पर रात में सब खम्भे उखाड़ दिये गये। हम इस मजदूर को पकड़ लाये हैं। यह कहता है कि रात को सब खम्भे उखड़वाये गये हैं।'

राजा ने मजदूर से पूछा, 'क्यों रे,किसके हुक्म से तुम लोगोंने खम्भे उखाड़े?'

उसने कहा, 'सरकार ,ओवरसियर साहब ने हुक्म दिया था।'

तब ओवरसियर बुलाया गया।

उससे राजा ने कहा, 'क्यों जी तुम्हें मालूम है ,मैंने आज मुनाफाखोरों को बिजली के खम्भे से लटकाने की घोषणा की थी?'

उसने कहा, 'जी सरकार!'

'फिर तुमने रातों-रात खम्भे क्यों उखड़वा दिये?'

'सरकार,इंजीनियर साहब ने कल शाम हुक्म दिया था कि रात में सारे खम्भे उखाड़ दिये जाएं।'

अब इंजीनियर बुलाया गया। उसने कहा उसे बिजली इंजीनियर ने आदेश दिया था कि रात में सारे खम्भे उखाड़ देना चाहिये।

बिजली इंजीनियर से कैफियत तलब की गयी,तो उसने हाथ जोड़कर कहा, 'सेक्रेटरी साहब का हुक्म मिला था।'

विभागीय सेक्रेटरी से राजा ने पूछा,खम्भे उखाड़ने का हुक्म तुमने दिया था।'

सेक्रेटरी ने स्वीकार किया, 'जी सरकार!'

राजा ने कहा, 'यह जानते हुये भी कि आज मैं इन खम्भों का उपयोग मुनाफाखोरों को लटकाने के लिये करने वाला हूँ,तुमने ऐसा दुस्साहस क्यों किया।'

> वो पीछे पड़ गया तो मैंने उसे बताया कि देश में करोड़ों लोग हैं। इसमें से अधिकांश गरीब हैं। ये केवल गिनती में हैं। इनको गिनना बंद कर दो। इनका इलाज हमारे पास है। कुछ लोग बहुत कम कमाते हैं मगर बस भूखे नहीं मरते। इनकी चिंता भी छोड़ो। अब बचा खाता पीता वर्ग और अमीर लोग। खाता पीता वर्ग पूरे समय अमीर बनने की फिराक में है। और अमीर लोग की कोई इच्छा नहीं है। वो अमीर बने रहें और उनकी अमीरी बढ़ती रहे यही उनकी कामना है। उनको हमारी जरूरत है और हमें उनकी जरूरत है। जैसे सब लोग अपना अपना जॉब करते हैं उसी तरह से हम लोग भी अपना जॉब करते हैं और उसमें अपनी प्रोग्रेस करते हैं।

सेक्रेटरी ने कहा, 'साहब ,पूरे शहर की सुरक्षा का सवाल था। अगर रात को खम्भे न हटा लिये जाते, तो आज पूरा शहर नष्ट हो जाता!'

राजा ने पूछा, 'यह तुमने कैसे जाना? किसने बताया तुम्हें?

सेक्रेटरी ने कहा, 'मुझे विशेषज्ञ ने सलाह दी थी कि यदि शहर को बचाना चाहते हो तो सुबह होने से पहले खम्भों को उखड़वा दो।'

राजा ने पूछा, 'कौन है यह विशेषज्ञ? भरोसे का आदमी है?'

सेक्रेटरी ने कहा, 'बिल्कुल भरोसे का आदमी है सरकार।घर का आदमी है। मेरा साला होता है। मैं उसे हुजूर के सामने पेश करता हूँ।'

विशेषज्ञ ने निवेदन किया, 'सरकार ,मैं विशेषज्ञ हूँ और भूमि तथा वातावरण की हलचल का विशेष अध्ययन करता हूँ। मैंने परीक्षण के द्वारा पता लगाया है कि जमीन के नीचे एक भयंकर प्रवाह घूम रहा है। मुझे यह भी मालूम हुआ कि आज वह बिजली हमारे शहर के नीचे से निकलेगी। आपको मालूम नहीं हो रहा है ,पर मैं जानता हूँ कि इस वक्त हमारे नीचे भयंकर बिजली प्रवाहित हो रही है। यदि हमारे बिजली के खम्भे जमीन में गड़े रहते तो वह बिजली खम्भों के द्वारा ऊपर आती और उसकी टक्कर अपने पावरहाउस की बिजली से होती। तब भयंकर विस्फोट होता। शहर पर हजारों बिजलियाँ एक साथ गिरतीं। तब न एक प्राणी जीवित बचता ,न एक इमारत खड़ी रहती। मैंने तुरन्त सेक्रेटरी साहब को यह बात बतायी और उन्होंने ठीक समय पर उचित कदम उठाकर शहर को बचा लिया।

लोग बड़ी देर तक सकते में खड़े रहे। वे मुनाफाखोरों को बिल्कुल भूल गये। वे सब उस संकट से अविभूत थे ,जिसकी कल्पना उन्हें दी गयी थी। जान बच जाने की अनुभूति से दबे हुये थे। चुपचाप लौट गये।

उसी सप्ताह बैंक में इन नामों से ये रकमें जमा हुईं:-

सेक्रेटरी की पत्नी के नाम- 2 लाख रुपये, श्रीमती बिजली इंजीनियर- 1 लाख, श्रीमती इंजीनियर -1 लाख

श्रीमती विशेषज्ञ - 25 हजार, श्रीमती ओवरसियर-5 हजार

उसी सप्ताह 'मुनाफाखोर संघ' के हिसाब में नीचे लिखी रकमें 'धर्मादा' खाते में डाली गयीं-

कोढ़ियों की सहायता के लिये दान- 2 लाख रुपये. विधवाश्रम को- 1 लाख, क्षय रोग अस्पताल को- 1 लाख

पागलखाने को-25 हजार, अनाथालय को- 5 हजार.

■ अनुवाद एवं संयोजन : अखतर अली



# ये है मंटो मेरी जान

## मंटो की रचनाओं का कोलाज़

उर्दू व्यंग्य

शारदा सुनो तो।

हां बोलो ?

आज कल तुम किसके साथ हो ?

कल महेश के साथ थी और आज रमेश के साथ हूं।

और कल ?

कल तो इतवार है कल मैं अपने खुद के साथ रहूंगी।

----

अरे दीनानाथ आज कल कहां रहते हो ?

आज कल मैं कहीं नहीं रहता। दिन भर सड़क पर चलता हूं , नल का पानी पीता हूं और रात को किसी बंद दुकान की सीढियों पर सो जाता हूं।

लेकिन तुम्हारे पास तो तुम्हारे रहने लायक एक अच्छा सा घर था।

उसे मकान मालिक ने खाली करा लिया है।

क्यों ?

वहां पर वह अपनी भैंस रखेगा।

वह तो भैंस के रहने लायक जगह है ही नहीं वहां तो उसकी भैंस बीमार हो जायेगी।

----

मंटो कल मेरी किताब का विमोचन है आप भी आइयेगा।

विमोचन किस के हाथो होगा ?

सेठ दौलत चंद के हाथो।

यानि आप अपनी किताब की नथ उतरवाई की रस्म सेठ जी से करवा रहे है।

----

मंटो तुम ज़रा भी मज़हबी नहीं हो।

कैसी बात कर रहे है मैं तो जब भी जुमा को शराब पीता हूं तो पानी बकायदा मस्जिद के हौज़ का ही लेता हूं।

लेकिन कल तुम मौलाना साहब से मस्जिद के संबंध में क्या कह रहे थे ?

वह मस्जिद के संबंध में नहीं गर्मी के संबंध में कह रहा था।

क्या कह रहे थे ?

यही कि गर्मी में वहां का फ़र्श इतना गरम हो जाता है कि मस्जिद में कदम रखते ही लगता है जहन्नम में आ गये।

-----

जानते हो भारत पाक बटवारे में एक लाख हिंदू और एक लाख मुसलमान मारे गये।

यार तुम्हारे में बात करने की ज़रा भी तमीज़ नहीं है। मत कहो कि एक लाख हिंदू और एक लाख मुसलमान मारे गये। कहो कि दो लाख इंसान मारे गये , कब समझोगे कि बंदूक से मज़हब का शिकार नहीं किया जा सकता।

------

तुमने कभी किसी औरत को अपने बच्चे को अपना दूध पिलाते हुए देखा है ?

कैसी बात कर रहे हो यह गंदी बात है।

फिर भी कभी देखना उस वक्त उसके सीने को गोलाइंया मस्जिद के मेहराब के जैसे लगती है वैसी ही पाकीज़गी से भरपूर।

------

मैं इस कदर आशिक मिज़ाज हूं कि एक बार तो मैंने एक लड़की से उसे देखे बिना ही मोहब्बत कर ली थी। यह मोहब्बत टेलीफोन पर रॉंग नंबर पर बात करने के वक्त हुई थी। जब मैंने उससे मोहब्बत का इज़हार किया तो वह बोली ङ्क आपने तो मेरे को देखा नहीं है अगर मैं बदसूरत हुई तो ?

मैंने कहा ङ्क मैं तब भी तुम से मोहब्बत करुगा क्योकि मैं खुदा नहीं हूं जो सिर्फ़ अच्छे लोगो को ही पसंद करता है।

-------

तवायफ़ का कोठा और पीर की मज़ार इन दो जगहों पर मैं नहीं जाता। यहाँ पहली जगह इंसान अपनी औलाद से और दूसरी जगह अपने खुदा से धंधा करवाता है।

-------

मंटो तुमने मेरे से पांच रुपये उधार लिये थे अब वापस देदे वरना मैं तुम्हारा सिर फोड़ दूंगा।

ठीक है आप मेरा सिर फोड़ देना लेकिन पहले यह बताइये क्या आप को सिर फोड़ना आता है ? देखिये हर काम करने का तरीका होता है मैं उस आदमी के हाथों अपना सिर नहीं फुडवा सकता जिसके पास सिर फोड़ने का सलीका भी न हो।

--------

हर दिल में मोहब्बत की पैदावार नहीं होती। बहुत से दिलो की ये भूमि बंजर भी होती है। कुछ लोग चाह कर भी मोहब्बत पैदा नहीं कर सकते क्योकि उनकी ख्वाहिशे बाँझ होती है।

---------

मै ऐसी श्रद्दांजलि को निरस्त करता हूँ जिसमे मरने वाले के चरित्र को लांड्री में भेज कर धुलवाया जाये और बकायदा इस्त्री कर के पेश किया जाये।

---------

मै उस घर को घर नहीं मानता जिसमें चिमटा चूल्हा और तवा न हो।

---------

मुंबई की साहित्य बरदारी में यह बात मज़े लेकर कही जाती थी कि उर्दू साहित्य में दो बाते बहुत अच्छी हुई कि ग़ालिब कहानीकार नहीं हुए और मंटो शायर नहीं हुए , ये वही हुए जो इन्हें होना था ।

## गीत

■ राजेश जैन 'राही'

अभी तो बात आधी है, अधूरा गीत है अब तक,
अभी तो पृष्ठ पहला है, अधूरी प्रीत है अब तक।

तुम्हारे रूप का जादू, क़लम पर इस क़दर छाया,
मैं लिखने जब कभी बैठा, नहीं कुछ और लिख पाया।
अभी है छंद-सा यौवन, अभी नवरस हैं अधरों पर,
थिरकता चाँद पूनम का, अभी सागर की लहरों पर।
ग़ज़ल मनुहार करती है, रुबाई हो गयी घायल,
तुम्हारे दम से है सरगम, बचा संगीत है अब तक।
अभी तो बात आधी है, अधूरा गीत है अब तक,
अभी तो पृष्ठ पहला है, अधूरी प्रीत है अब तक।

शब्द को अर्थ मिलते हैं, तुम्हारे साथ जुड़ने से,
नयी राहें मिली मुझको, तुम्हारी ओर मुड़ने से।
तुम्हारा दिल है मीरा-सा, बसी है राधिका कोई,
युगों से मौन रहती है, प्रेम की साधिका कोई।
न देखो व्याकरण कच्चा, पढ़ो तुम भाव बस मेरे।
बदल दो फ़ैसला अपना, न बोलो रीत है अब तक।
अभी तो बात आधी है, अधूरा गीत है अब तक,
अभी तो पृष्ठ पहला है, अधूरी प्रीत है अब तक।

तुम्हारा नाम लेती है प्रिये, चंचल हवाएँ भी,
तुम्हारी ओर ले जाती, मुझे महकी दिशाएँ भी।
प्रणय की चाह पूरी हो, मिले सपनों को अब मंज़िल,
तुम्हारा साथ हो तो ग्रंथ लिखना भी नहीं मुश्किल।
वही 'राही', वही दिल में पुराना मीत है अब तक।
अभी तो बात आधी है, अधूरा गीत है अब तक,
अभी तो पृष्ठ पहला है, अधूरी प्रीत है अब तक।

## ग़ज़ल

■ शाहिद कबीर

बे-सबब बात बढ़ाने की ज़रूरत क्या है
हम ख़फ़ा कब थे मनाने की ज़रूरत क्या है

आप के दम से तो दुनिया का भरम है क़ाएम
आप जब हैं तो ज़माने की ज़रूरत क्या है

तेरा कूचा तिरा दर तेरी गली काफ़ी है
बे-ठिकानों को ठिकाने की ज़रूरत क्या है

दिल से मिलने की तमन्ना ही नहीं जब दिल में
हाथ से हाथ मिलाने की ज़रूरत क्या है

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## सेंट पीटर्सबर्ग में बस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 7 हुई

**मॉस्को,** 11 मई (एजेंसियां)। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में एक यात्री बस के नदी में गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। इसकी जानकारी रूसी जांच समिति के प्रेस कार्यालय ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 1 बजे के आसपास सेंट पीटर्सबर्ग शहर में हुई। बताया जा रहा है कि वाहन मोड़ते समय चालक ने नियंत्रण खो दिया। हादसे के वक्त बस के अंदर करीब 20 लोग सवार थे। रूसी आपातकालीन मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं चार लोगों की हालत गंभीर है। 44 वर्षीय ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।



# इजराइल ने राफा के अन्य हिस्सों को खाली करने का दिया आदेश

**तेल अवीव,** 11 मई (एजेंसियां)। इजराइली सेना ने शनिवार को गाजा के दक्षिणी शहर राफा निवासियों को क्षेत्र को खाली करने के लिए कहा। इससे स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय विरोध के बावजूद वह वहां अपने सैन्य अभियान के विस्तार की योजना बना रही है।

एक्स पर अरबी में प्रसारित संदेश के अनुसार, प्रभावित क्षेत्रों में दो शरणार्थी शिविर भी शामिल हैं। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि संबंधित क्षेत्र के लोगों को तुरंत भूमध्यसागर के तट पर अल-मवासी गांव में चले जाना चाहिए। इस आदेश से स्पष्ट है कि आईडीएफ मिस्र की सीमा पर राफा शहर में



फिलिस्तीनी इस्लामी संगठन हमास के खिलाफ अपना अभियान बढ़ाना चाहता है।

विदेशी नेताओं और संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल से इस अभियान को रोकने का आह्वान किया है। बड़े पैमाने पर हताहत

**■ अंतरराष्ट्रीय विरोध के बावजूद सैन्य अभियान के विस्तार की योजना बना रहा इजराइल**

होने की आशंका से डरे लोग राफा से भाग रहे हैं। गौरतलब है कि 10 लाख से अधिक फिलिस्तीनी राफ़ा में शरण ले रखे हैं। इनमें से आधे बच्चे हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को कहा कि राफा में एक बड़ा जमीनी हमला एक बड़ी मानवीय आपदा का कारण बनेगा और वहां के लोगों की सहायता करने के हमारे प्रयासों को बाधित करेगा। इजराइल का मुख्य सहयोगी अमेरिका भी इलाके में बड़े पैमाने पर आक्रमण के खिलाफ है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल को हथियारों की आपूर्ति रोकने की धमकी दी है। लेकिन इजराइल राफा में हमले के अपने इरादे के प्रति अटल प्रतीत होता है।

## गाजा में इजराइली बमबारी से 31 की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी के विभिन्न इलाकों में इजराइली बमबारी में कम से कम 31 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने ये जानकारी दी।



समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली लड़ाकू विमानों ने मध्य गाजा पट्टी के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम 24 लोग शुक्रवार को मारे गए। उसके बाद शनिवार को जबालिया में दर्जनों घरों को इजराइली विमानों ने निशाना बनाया जिसमें सात अन्य लोग मारे गए।

गुरुवार को मिस्र के काहिरा में इजरायल-हमास संघर्ष विराम वार्ता विफल होने के बाद इजराइल ने रफा पर हमले तेज कर दिए हैं।

फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि शहर में इजराइली बमबारी तेज होने के कारण लगभग एक लाख 10 हजार लोग रफा से भाग गए हैं। इसमें कहा गया है कि रफा में 34 यूएनआरडब्ल्यूए चिकित्सा सुविधाओं में से दस को बंद करने के लिए मजबूर किया गया। अब ती ही काम कर रहे हैं, वो भी कम क्षमता पर।

## इजराइल ने सिनवार व मोहम्मद डेफ को सुरक्षित पकड़ने का दिया आदेश

**तेल अवीव।** इजराइल वॉर कैबिनेट की शुक्रवार देर रात हुई बैठक में इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) को हमास के सैन्य प्रमुख याह्या सिनवार और उनके डिप्टी मोहम्मद डेफ को सुरक्षित पकड़ने और रफा क्षेत्र में आक्रमण में तेजी लाने का आदेश दिया गया है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने दक्षिण इजरायल पर 7 अक्टूबर के हमले के मास्टरमाइंड माने जाने वाले दो हमास नेताओं को सुरक्षित पकड़ने के लिए दबाव डाला है।



इजराइल के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि इजराइली खुफिया एजेंसियों ने इनपुट दिया है कि सिनवार और डेफ पांच किलोमीटर की दूरी पर खान यूनिस और रफा क्षेत्र के बीच अलग-अलग टनल नेटवर्क में हैं। इजराइली सैन्य खुफिया ने यह भी बताया है कि हमास के दोनों सैन्य नेता इजरायली बंधकों से घिरे हुए हैं। सिनवार और डेफ के सटीक स्थानों पर विशेष खुफिया जानकारी के बाद हमला किया जाएगा। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने सार्वजनिक रूप से गाजा को आईडीएफ के पूर्ण नियंत्रण में लाने के लिए सिनवार की हत्या का आह्वान किया था।

## सुडोकू 6552

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 7 | | 6 | |
| 2 | | | 9 | 5 | 6 | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| 8 | | 2 | 4 | | | 6 | | 7 |
| 4 | | | | 6 | | | | 3 |
| 5 | | 1 | | | 3 | 2 | | 4 |
| | | | | | | 3 | 1 | |
| | | 4 | 8 | 1 | 9 | | | 6 |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6552



**बायें से दायें:-**

१. वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. पैसा जमा करना
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि दिया जाता है।
११. पेट, उदर
१२. धीमा, मंद
१३. होंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि, अपहरण
१५. अकारण (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत

## वर्ग पहेली-6551



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 12 मई, 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आपके विचार स्थिर नहीं होने से आप उलझन में रह सकते हैं। बिजनेस या नौकरी में प्रतियोगिता का माहौल रहेगा। आप सफलतापूर्वक उसमें से बाहर आ सकेंगे। नए काम शुरू करने की प्रेरणा मिलेगी।

वृषभ - आपका मन उलझन में होने के कारण किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पाएंगे। आप प्राप्त अवसर को खो देंगे। आपकी जिद के कारण किसी के साथ विवाद हो सकता है।

मिथुन - आज आपको लाभ होने की उम्मीद है। दिन आरंभ होते ही आपको स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन कर सकेंगे।

कर्क - परिवार में मनमुटाव के अवसर आएंगे, इसलिए मानसिक बेचैनी रहेगी। मन में दुविधा का अनुभव होगा, इसलिए महत्वपूर्ण निर्णय टालना हितकर है। किसी के साथ गलतफहमी या वाद-विवाद होने की संभावना है।

सिंह - आज आपको विविध लाभ मिल सकते हैं। आपकी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण किसी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आपको मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा। नौकरी या बिजनेस में पदोन्नति तथा आय में वृद्धि हो सकती है।

कन्या - नए काम का आरंभ करने के लिए अपने जो योजना बनाई है, उस पर अमल करने के लिए यह समय बहुत अनुकूल है। बिजनेस में भी लाभ होने का योग है। नौकरी करने वाले लोगों की पदोन्नति का योग है।

तुला - आज आप प्रवास या किसी देव स्थान पर जा सकते हैं। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, उनके लिए अनुकूल योग बनेंगे। बच्चों की चिंता परेशान करेगी। नौकरी करने वालों को उनके उच्च अधिकारियों का सहयोग नहीं प्राप्त होगा।

वृश्चिक - आपको पेट दर्द, दमा, खांसी जैसी तकलीफें हो सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर और मन अस्वस्थ रहने से बेचैनी रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखना पड़ेगा। कड़े नियम आपको कठिनाई में डाल देंगे। खर्च बढ़ सकता है।

धनु - आज खुशी, आनंद और शांति प्राप्त कर सकेंगे। अच्छे वस्त्र, मित्रों के साथ घूमना- फिरना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंदमय बनाएंगे। सार्वजनिक जीवन में आप प्रतिष्ठा और सम्मान प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - आपकी तंदुरुस्ती आज अच्छी रहेगी। आप मान- सम्मान तथा आनंद प्राप्त कर सकेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मौज-मस्ती में समय बिताएंगे। आज व्यापार धंधे में अच्छा लाभ हो सकेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

कुंभ - आपका दिन मिश्र फलदायक साबित होगा। विचारों के उथल-पुथल के कारण कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना अधिक अच्छा है। प्रवास या यात्रा में विघ्न आ सकता है। इच्छित कार्य पूरा न होने पर आप हताशा और बेचैनी अनुभव करेंगे।

मीन - आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का आभाव रहेगा। माता की तबीयत खराब हो सकती है। परिजनों के साथ नाराजगी और अन्य कठिनाइयां आपके मन को भयभीत कर देंगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## भारत के साथ व्यापार बढ़ाने पर तेजी से काम कर रहा अमेरिका

**डलास,** 11 मई (एजेंसियां)। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका, भारत का एक अहम पार्टनर है और यह आर्थिक संबंधों को और बढ़ाने पर तेजी से काम कर रहा है।

सहायक वाणिज्य सचिव अरुण वेंकटरमन ने कहा कि मैं वास्तव में मानता हूं कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों के ये अच्छे दिन हैं। उन्होंने न्यूयॉर्क में विश्व व्यापार सप्ताह से पहले संवाददाताओं से कहा कि हम भारत से आर्थिक सहयोग बढ़ाने के और तरीके ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए भारत और भी अधिक महत्वपूर्ण भागीदार बन गया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के साथ बढ़ती भागीदारी से हम आश्चर्यचकित हैं। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच कुल व्यापार 2022 में 191 बिलियन डॉलर से अधिक हो गया, जो 2014 से लगभग दोगुना है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान अमेरिका से भारत में एफडीआई 103 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जबकि 2021 में अमेरिका में भारतीय एफडीआई प्रवाह 14.4 बिलियन डॉलर था, जिससे 72,000 से ज्यादा अमेरिकी नौकरियां पैदा हुई।

# रूसी हमलों के चलते यूक्रेन में बिजली की भारी किल्लत

**■ बड़े पैमाने पर क्षतिग्रस्त है यूक्रेन के बिजली संयंत्र**

**कीव,** 11 मई (एजेंसियां)। यूक्रेन की सरकारी ऊर्जा कंपनी उक्रेनर्गो ने कहा है कि रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों के चलते देश में बिजली की भारी किल्लत हो गई है। उक्रेनर्गो ने शुक्रवार को टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि यूक्रेन के बिजली संयंत्र बड़े पैमाने पर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अब ये बिजली का उत्पादन करने में असमर्थ हैं।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बिजली की कमी को आंशिक रूप से दूर करने के लिए देश औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए शुक्रवार शाम 6 बजे से शनिवार सुबह 7 बजे तक बिजली सीमा कार्यक्रम लागू कर रहा है। इस बीच, वह घरेलू घाटे को पूरा करने के लिए पिछले दो दिनों से यूरोपीय संघ



के देशों से बिजली का आयात भी कर रहा है।

उक्रेनर्गो ने कहा कि रूस इस साल पहले ही यूक्रेन की ऊर्जा प्रणाली पर पांच बड़े हमले कर चुका है। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, बुधवार को रूस ने छह यूक्रेनी क्षेत्रों में बिजली उत्पादन और ट्रांसमिशन सुविधाओं को निशाना बनाकर 55 मिसाइल और 21 ड्रोन दागे। यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने कहा कि हवाई हमलों के दौरान तीन ताप विद्युत संयंत्रों के उपकरणों को नुकसान पहुंचा है।

## रूस के साथ युद्ध अगले दो महीने बहुत भारी : यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेनी ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर अलेक्जेंडर पावलियुक ने कहा है कि अगले दो महीनों में देश को युद्ध की गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने शुक्रवार को कहा कि रूस लुहान्स्क और डोनेट्स्क क्षेत्रों में हमलों पर फोकस कर रहा है, वह खार्किव और सुमी क्षेत्रों के उत्तर पूर्वी जिलों पर भी हमला कर सकता है। पावलियुक ने कहा कि रूस जानता है कि अगर हमें एक या दो महीने के भीतर पर्याप्त हथियार मिल गए, तो स्थिति उनके खिलाफ जा सकती है। उन्होंने कहा, यूक्रेन को तत्काल अपनी वायु रक्षा को मजबूत करने की जरूरत है। जून की शुरुआत तक एफ-16 लड़ाकू विमानों की अपेक्षित डिलीवरी यूक्रेन के लिए एक महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक बढ़ावा प्रदान करेगी।

# शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे, इरकॉन और केआरसीएल के इंजीनियरों के साथ गहन चर्चा की

**नई दिल्ली,** 11 मई (देशबन्धु)। शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक/एनआर ने जम्मू-कश्मीर में दौरे के दौरान दूसरे दिन यूएसबीआरएल परियोजना का निरीक्षण जारी रखा। शोभन चौधरी, महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला नई बीजी रेल लिंक परियोजना की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परियोजना का निरीक्षण जारी रखा। उन्होंने मोटर ट्रॉली द्वारा चिनाब पुल से संगलदान स्टेशन तक गहन निरीक्षण जारी रखा। उन्होंने बक्कल-डुग्गा-सवालकोट-संगलदान खंड में सभी ट्रैक कार्यों, ईएंडएम और सिग्नल और दूरसंचार कार्यों का निरीक्षण किया। सवालकोट यार्ड, सुरंग टी-42 और 43 के काम को पूरा करने के लिए शेष गतिविधियों पर उत्तर रेलवे, इरकॉन और केआरसीएल के इंजीनियरों के साथ गहन चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने प्रगति की गति पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन परियोजना अधिकारियों को सभी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखने के लिए प्रभावित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि लक्ष्य को और आगे नहीं खिसकाना चाहिए और किसी



भी कमी को परिश्रमपूर्वक योजना बनाकर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने परियोजना अधिकारियों को संगलदान (46 किलोमीटर) से आगे रियासी तक जून 24 तक काम पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में उत्तर रेलवे, केआरसीएल और इरकॉन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## पाकिस्तान में आतंकवादियों के साथ संघर्ष में पांच सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद,** 11 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में पांच सैनिकों की मौत हो गई।

आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि मुठभेड़ स्थानीय समयानुसार सुबह पूर्वाह्न 8:30 बजे हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में बम निरोधक दल को ले जा रहे एक सैन्य वाहन शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण की चपेट में आ गया। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट के बाद वाहन पर घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद जवानों ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलायीं और मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में दो सैनिक और दो आतंकवादी घायल भी हुए हैं, जबकि घटना के बाद से एक सैनिक लापता है। हमलावरों की पहचान नहीं हुई है।

## आज का इतिहास

1459 - जोधपुर की स्थापना हुई।
1666 - पुरंदर की संधि के तहत शिवाजी औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे।
1689 - इंग्लैंड और हॉलैंड ने लीग ऑफ़ आग्सबर्ग बनाया।
1915 - क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा।
1925 - उजबेकिस्तान और किर्गिजिस्तान स्वायत्त सोवियत गणराज्य बने।
1942 - आश्विट्ज में 1500 यहूदियों को गैस चेंबर में मारा गया।
1965 - इजरायल और पश्चिम जर्मनी ने राजनयिक संबंध शुरु करने के लिए पत्रों का आदान प्रदान किया।
1999 - रूस के उपप्रधानमंत्री सर्गेई स्तेपनिश कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त, अमेरिकी वित्तमंत्री रोबर्ट रूबिन का अपने पद से इस्तीफ़ा।
2002 - मिस्र, सीरिया व सऊदी अरब ने पश्चिम एशिया मामले में शांति समझौते की इच्छा जताई।
2007 - पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश इफ्तिखार मोहम्मद चौधरी की कराची यात्रा के दौरान भड़के दंगों में 50 लोगों की मौत, 100 से अधिक घायल हुए।
2008 - जजों की बहाली के मुद्दे को लेकर कोई समझौता न होने के कारण पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ ने साझा सरकार से हटने का निर्णय लिया। चीन के सिचुआन में भूकंप से 69 हजार से अधिक लोगों की मौत।
2010 - बिहार के चर्चित बथानी टोला नरसंहार मामले में भोजपुर के प्रथम अपर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव ने तीन दोषियों को फाँसी तथा 20 को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई।

बदलाव | प्रतिभूतियों को खरीदने व बेचने के लिए डीमैट खाते की होती है आवश्यकता

# देश में डीमैट खाते रखने में शीर्ष पर हैं लद्दाखी

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 11 मई (देशबन्धु)। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि लद्दाख में न सिर्फ शेयर बाजार में निवेश करने की प्रक्रिया गति पकड़ रही है बल्कि वर्तमान में अधिकतम डीमैट खाते रखने के मामले में लद्दाखी भारत में शीर्ष पर हैं।भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों पर प्रतिभूतियों को खरीदने और बेचने के लिए एक डीमैट खाते की आवश्यकता होती है। बीएसई के अनुसार, तिमाही और वार्षिक आधार पर ग्राहकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, लद्दाख ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच ग्राहक वृद्धि में अन्य सभी को पीछे छोड़ दिया है।**

निवेश गतिविधि में यह अभूतपूर्व उछाल क्षेत्र में वित्तीय बाजारों के लिए बढ़ती भूख का संकेत देता है।

मिलने वाली जानकारी के अनुसार, 22 अप्रैल को, लद्दाख में ग्राहकों की संख्या में 375.77 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वार्षिक वृद्धि देखी गई। लद्दाख के लिए बीएसई का कुल ग्राहक आधार अब 1,551 है। इसके बाद मिजोरम का स्थान है, जहां साल-दर-साल 76.19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसमें 11,022 ग्राहक जुड़े हैं, और लक्षद्वीप में 57.81 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि हुई है, जहां 885 ग्राहक जुड़े हैं। इसके अलावा, जम्मू और कश्मीर में कुल 8,06,090 सक्रिय डीमैट खाता धारक हैं। यह 8 अप्रैल, 2023 से 8 अप्रैल, 2024 तक पिछले एक साल की अवधि में 50.34प्रतिशत



**■ लद्दाख के लिए बीएसई का कुल ग्राहक आधार अब 1,551 है**

की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है, इस दौरान 2,69,924 नए डीमैट खाते खोले गए।

विशेषज्ञ डीमैट खातों में वृद्धि का श्रेय युवा पीढ़ी और बढ़ते मध्यम वर्ग की मानसिकता और आकांक्षाओं में आमूल-चूल बदलाव को देते हैं। विशेषज्ञ कहते थे कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग से संभव हुए ऑनलाइन निवेश में टियर 2 और टियर 3 के विकल्पों की उपलब्धता के कारण, शहर अब महानगरीय और प्रमुख शहरों के अलावा मांग पैदा कर रहे हैं।ज्कश्मीर के बीएसई विशेषज्ञ सयार अहमद भट कहते थे कि परंपरागत रूप से, भारतीय अपनी अतिरिक्त नकदी सोने और बैंक खातों में रखते हैं, जो धन संचय करने का पारंपरिक तरीका है। नए डीमैट खाते खोलना मुख्य रूप से अर्थव्यवस्था के विकास के कारण एक विकल्प के रूप में शेयर बाजार की अपील से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जागरूकता, निवेश में आसानी और फिनटेक प्लेटफॉर्म के माध्यम से डीमैट खाता खोलने की लगभग शून्य लागत के साथ शेयर बाजार की मजबूत वृद्धि पूरे भारत में डीमैट टैली में वृद्धि के प्रमुख चालकों में से एक रही है।

## दुनिया को जानें

### माउंट क्यूमोलंगमा के शिखर पर सफलतापूर्वक पहूंची रस्सी फिक्सिंग टीम

**बीजिंग,** 11 मई (एजेंसियां)। नेपाली पर्यटन ब्यूरो के मुताबिक, नेपाली शेरपा पर्वतारोहियों से बनी एक रस्सी फिक्सिंग टीम 10 मई की शाम को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट क्यूमोलंगमा के शिखर पर सफलतापूर्वक चढ़ गई। एवरेस्ट बेस कैंप कार्यालय स्थित नेपाली पर्यटन ब्यूरो के अधिकारी किम लाल गौतम ने एक बयान जारी कर कहा कि यह 10 सदस्यीय चढ़ाई रस्सी फिक्सिंग टीम 10 मई की शाम 8 बजकर 15 मिनट पर माउंट क्यूमोलंगमा के शिखर पर पहुंची। चढ़ाई रस्सी की सफल फिक्सिंग से पर्वतारोहियों के लिए वसंत में माउंट पर चढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया। नेपाली पर्यटन ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 10 मई तक, कुल 414 पर्वतारोहियों को इस वसंत के चढ़ाई सीजन के दौरान नेपाल की ओर से 8,848.86 मीटर ऊंचे माउंट क्यूमोलंगमा की शिखर पर चढ़ने की मंजूरी मिली है।



# प्रादेशिकी

## लोकसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा होगा साफ: रोहित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंत्री व संसदीय चुनाव प्रभारी रोहित ठाकुर ने दावा किया कि राज्य में हो रहे चुनावों और उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। कांग्रेस ने एक तरफ लोकसभा चुनाव की सभी चारों सीटों को कांग्रेस की झोली में डालने के लिए चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। वहीं इस कड़ी में शिमला संसदीय सीट को भारी बहुमत से जीतने के लिए रोहित ठाकुर और शिमला शहरी विधायक हरीश जनारथा पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं। शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में एक बैठक के दौरान चुनाव प्रभारी रोहित ठाकुर और शहरी विधायक हरीश जनारथा ने कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार में तेजी लाने और नई रणनीति के साथ काम करने के सलाह दी है। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं से फीडबैक भी लिया और चुनाव प्रचार को और अधिक प्रभावी ढंग से करने की रणनीति भी बनाई। ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बेहतर ढंग से कार्य कर रही है।

# बेईमानों का कभी साथ नहीं देती देवभूमि की जनता : मुख्यमंत्री

### चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कुपवी में कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के लिए वोट की अपील की

**कुपवी ( शिमला ),** 11 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि देवभूमि हिमाचल की जनता बेईमानों का कभी साथ नहीं देती। हिमाचल देवी देवताओं की भूमि है, यहां के लोग ईमानदार हैं। वर्तमान चुनाव यह तय करेगा कि ईमानदारी जीतनी और बेईमानी हारनी चाहिए। कांग्रेस के छह पूर्व व तीन आजाद विधायकों ने खुद को भाजपा की राजनीतिक मंडी में बेचा है, इसलिए उन्हें जनता सबक सिखाएगी। यह चुनाव मुख्यमंत्री की कुर्सी या सरकार बचाने का नहीं, लोकतंत्र को बचाने का है। जनता का वोट 1 जून को यह तय करेगा कि लोकतंत्र की ताकत जनबल है या धनबल है। मुख्यमंत्री ने चौपाल विधानसभा क्षेत्र के कुपवी में लोकसभा उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के लिए वोट की अपील करते हुए ये बातें कहीं।

उन्होंने कि यह साधारण चुनाव नहीं है। इस चुनाव से भविष्य की राजनीति की दशा और दिशा तय होगी। हिमाचल से 1 जून को धनबल की राजनीति करने वालों के खिलाफ पूरे देश में संदेश जाना चाहिए। नोटतंत्र के आगे जनबल जीतना चाहिए। अगर हिमाचल प्रदेश पूरे देश को लोकतंत्र बचाने के लिए दिशा दिखा सकता है तो 1 जून का समय बिल्कुल सही है। जनता के वोट से चुनकर आये विधायकों को दिल्ली में बैठी सरकार नोट के दम प्र खरीद ले तो वोट का क्या मूल्य है। चुने हुए विधायकों को खरीदना जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। यह चुनाव सत्य व असत्य के बीच है। झूठ बार-बार सच के साथ टकराता है, लेकिन अंत में जीत सच की होती है। इस समय सवाल किसी पार्टी का नहीं, उनको सबक सिखाने का है, जिन्होंने जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। सरकारें आती-जाती रहेंगी, इस बार नोट से वोट खरीदने वालों को सबक सिखाना है।



कांग्रेस के छह पूर्व व तीन आजाद विधायकों ने खुद को भाजपा की राजनीतिक मंडी में बेचा है, इसलिए उन्हें जनता सबक सिखाएगी : ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सत्ता के भूखे होने के साथ ही प्रदेश के कर्मचारियों और महिलाओं के विरोधी भी हैं। कर्मचारियों के ओपीएस मांगने पर लाठियां बरसाई व वाटर कैनन चलवाईं। कर्मचारियों को चुनाव लड़ने के लिए कहा और जब कांग्रेस सरकार ने ओल्ड पेंशन दे दी तो सरकार व कर्मचारियों के एनपीएस अंशदान के 9000 करोड़ रुपये रुकवाने के लिए दिल्ली पहुंच गए। केंद्र सरकार ने ओपीएस देने पर हिमाचल सरकार की कर्ज सीमा में कटौती कर दी और एनपीएस अंशदान की राशि भी नहीं दे रहे। अब सरकार ने आचार संहिता लागू होने से पहले 18 साल से ऊपर की बेटियों व महिलाओं को 1500 रुपये पेंशन प्रति माह देने की योजना लागू की तो जयराम ठाकुर उसे रुकवाने चुनाव आयोग के पास पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के 1500 रुपये भाजपा व जयराम नहीं रुकवा सकते। सरकार ने चुनाव आयोग से अप्रैल महीने की 1500 रुपये पेंशन जारी करने की अनुमति चुनाव आयोग से मांगी है।

# हिमाचल के तीन निर्दलीय विधायकों के खिलाफ दल बदल कानून के तहत कार्रवाई होगी

**शिमला,** 11 मई (देशबन्धु)। हिमाचल के तीन निर्दलीय विधायकों के खिलाफ दल बदल कानून के तहत कार्रवाई होगी। विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की शिकायत पर इस मामले की अंतिम सुनवाई कर मई माह के अंतिम अथवा जून माह के पहले सप्ताह में आदेश पारित करेंगे।

निर्दलीय विधायकों ने बीते 22 मार्च को विधान सभा से त्याग पत्र दिया। उन्होंने त्याग पत्र न सिर्फ विधान सभा ससचिव , बल्कि विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को भी सौंपा। 23 मार्च को तीनों निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा, केएल ठाकुर व होशयार सिंह भाजपा में शामिल हो गए। त्याग पत्र मंजूर न होने की वजह से विधायकों ने हाई कोर्ट में भी याचिका दायर की। हालांकि हाई कोर्ट में दो न्यायाधीशों की खंडपीठ में इस मामले में अलग अलग राय होने की वजह से मामला अब तीसरे न्यायाधीश को सुनवाई के लिए भेजा गया है। मगर शनिवार को विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की शिकायत पर दोनों पक्षों को सुनवाई के लिए बुलाया था। दोनों ही पक्ष सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हो सके।

विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि दोनों ही पक्ष सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि अब वह मामले की अंतिम सुनवाई कर फैसला सुनाएंगे। पठानिया ने कहा कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत कोई भी निर्दलीय विधायक त्याग पत्र मंजूर होने से पहले किसी भी दल में शामिल नहीं हो सकता। मगर निर्दलीय विधायकों ने त्याग पत्र देने के बाद भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि त्याग पत्र स्वेच्छा से दिया अथवा किसी दबाव और प्रलोभन में इसकी जांच अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सभा चुनाव में कांग्रेस के अयोग्य करार दिए गए छह विधायकों व तीनों निर्दलीय विधायकों ने क्रास वोटिंग की। इसके बाद सभी 9 विधायक एक साथ भी रहे। 22 मार्च को उन्होंने सदन की सदस्यता से त्याग पत्र दिया। इसके बाद भाजपा में शामिल हो गए। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने इन विधायकों के खिलाफ दल बदल कानून की अवहेलना की शिकायत की है। समझा जा रहा है कि चुनाव में व्यस्त होने की वजह से शनिवार को दोनों ही पक्ष सुनवाई के लिए उपस्थित नहीं हुए।



संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत कोई भी निर्दलीय विधायक त्याग पत्र मंजूर होने से पहले किसी भी दल में शामिल नहीं हो सकता : कुलदीप सिंह पठानिया, विधान सभा अध्यक्ष

**सार संक्षेप**

### केदारनाथ में व्यापारियों व तीर्थ पुरोहितों का विरोध समाप्त

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए स्थानीय व्यापरियों एवं तीर्थ पुरोहितों के साथ जिला प्रशासन द्वारा यात्रा संचालन को लेकर चल रही वार्ता सफल रही। जिसके बाद सभी व्यापारियों एवं तीर्थ पुरोहितों ने अपने प्रतिष्ठान सुचारू रूप से खोल दिए हैं। एसडीएम ऊखीमठ अनिल शुक्ला ने बताया कि जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में व्यापार संघ एवं तीर्थ पुरोहित समाज के साथ वार्ता सफल एवं सकारात्मक रही। वार्ता के बाद उनकी उचित मांगे मान ली गई हैं एवं वार्ता के बाद विरोध समाप्त कर सभी ने अपने प्रतिष्ठान खोल दिए। केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने कहा कि यात्रा के सफल संचालन के लिए वो हमेशा प्रशासन के साथ तत्परता से खड़े हैं। बताया कि प्रशासन ने उनकी मांगे मान ली हैं जिसके बाद सभी प्रतिष्ठान खोल लिए गए हैं। ताकि केदारनाथ में दर्शन करने पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।

### ज्वैलरी शोरूम में हुई चोरी का खुलासा, मां-बेटा गिरफ्तार

**टिहरी।** दिन दहाड़े ज्वैलरी शाप से जेवरात चुराने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक महिला व उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से चुरायी गयी लाखों की ज्वैलरी भी बरामद की गयी है। मामले में महिला के देवर सहित तीन और आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार बीती 2 मई को कुलवीर सिंह द्वारा अपनी कस्बा घनसाली स्थित ज्वैलरी शॉप में दिनदहाडे हुई चोरी की वारदात के सम्बन्ध में थाना घनसाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान सीसीटीवी खंगालने पर सामने आया कि घटना के दिन एक महिला व एक पुरुष अपने तीन अन्य साथियों के साथ एक जैन स्टेलो कार में उस दुकान में आये थे। जिस पर पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उक्त चोरी में शामिल एक महिला व उसके पुत्र को पौखाल बाजार से गिरफ्तार कर लिया गया।

### बुजुर्ग महिला को घायल कर लूटने वाले किराएदार गिरफ्तार

**देहरादून।** बुजुर्ग महिला को घायल कर जेवरात व स्कूटी लूट की घटना को अंजाम देने वाले किरायेदारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गये जेवरात व स्कूटी बरामद कर ली। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया गया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 मई 2024 को राजेन्द्र सिंह बिष्ट निवासी नागल ज्वालापुर डोईवाला देहरादून द्वारा कोतवाली डोईवाला में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 08 मई को वह अपने परिजनों के साथ एक समारोह मे बाहर गए थे।

# यह चुनाव देश की भावी राजनीति की दिशा व दशा तय करेगा : विक्रमादित्य सिंह

**शिमला/ काजा,** 11 मई (देशबन्धु)। मण्डी संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि यह चुनाव देश की भावी राजनीति की दिशा व दशा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश गम्भीर चुनौतियों से गुजर रहा है और हम सबको एकजुटता के साथ देश के साथ हो रहें अन्याय के खिलाफ एकजुट होना होगा। आज अपने चुनावी दौरे के दूसरे दिन स्पीति के काजा में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मण्डी संसदीय क्षेत्र को विकास के मॉडल बनाने की सोच के साथ वह आगे बढ़ रहे है। मण्डी मुख्यालय को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाहुल स्पीति में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और इसका पूरा दोहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोहतांग टनल बनने से यह क्षेत्र विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उभरा है। यह टनल कांग्रेस की देन है,इसे कोई नकार नही सकता। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने स्पीति की महिलाओं को 1500 रुपए की गारंटी को पूरा कर एक इतिहास रचा है। जल्द ही इस योजना का लाभ पूरे प्रदेश में महिलाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा इसे रोकने के हरसंभव प्रयास कर रही है पर सरकार इसे हर हाल में पूरा करेगी। विक्रमादित्य सिंह ने मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को उनकी भाषा के लिये आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उन्हें न तो जनजातीय क्षेत्रों का ज्ञान है और न ही इसके रीति रिवाजों का। वह इन क्षेत्रों के परिधानों को पहन कर फैंसी ड्रेस का आयोजन कर रही है और उनके डायरेक्टर जय राम ठाकुर बने हुए है। धन की देवी न पहले किसी के काम आई है और न आगे आने वाली है। उन्होंने कहा कि वह काजा में नही आई क्योंकि वह काजा के लोगों से डरती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उसने हमारे धर्म गुरु का अपमान किया है उसके लिए लोग उसे कभी माफ नही करेंगे। विक्रमादित्य सिंह ने लाहुल स्पीति विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी अनुराधा राणा को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूरी तरह मजबूत है।



आज देश गम्भीर चुनौतियों से गुजर रहा है और हम सबको एकजुटता के साथ देश के साथ हो रहें अन्याय के खिलाफ एकजुट होना होगा : विक्रमादित्य सिंह

# राज बब्बर जन समस्याओं व अपेक्षाओं से अनभिज्ञ नहीं : जूही बब्बर

**गुरुग्राम,** 10 मई (देशबन्धु)। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं प्रसिद्ध सिनेस्टार राज बब्बर की पुत्री जूही बब्बर ने कहा कि उनके पिता गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र की जन समस्याओं और यहां की अपेक्षाओं से अनभिज्ञ नहीं हैं। हरियाणा को सबसे अधिक राजस्व देने वाला गुरुग्राम यहां के नेतृत्व की उपेक्षा के चलते स्लम में तबदील होकर रह गया है। जूही बब्बर पूर्व विधायक एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता उमेश अग्रवाल के शीतला माता रोड स्थित कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहीं थीं। पत्रकारों से खचाखच भरे हॉल में उन्होंने कहा कि गुरुग्राम का विकास उनके पिता राज बब्बर की प्राथमिकता रहेगी। वे इससे पूर्व जिन भी क्षेत्रों से सांसद रहे हैं वहां के लोग आज भी उनके कराये विकास कार्यों की बदौलत उनको उतना ही लाड़ एवं दुलार करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में आज समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। एक ओर जहां गुरुग्राम मिलेनियम सिटी है वहीं दूसरी ओर अस्पताल, बस अड्डा, पीने के पानी, सफाई की व्यवस्था जैसी सभी मूलभूत समस्याओं का भी समाधान नहीं हुआ है। उनके साथ आए क्राइम पैट्रोल और बालिका वधु जैसे विख्यात टीवी सिरियलों के अभिनेता एवं राज बब्बर के दामाद अनूप सोनी ने कहा कि गुरुग्राम की जनता अगर राज बब्बर पर अपना भरोसा दिखाकर उन्हें विजयी बनाती है तो वह जहां गुरुग्राम का विकासात्मक कायाकल्प करेंगे एवं किसी भी मूलभूत समस्या को यहां पनपने नहीं दिया जाएगा। इस पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी लगभग 1 लाख 20 हजार वोटों से चुनाव जीती थी। इस बार जनता के समर्थन को देखते हुए इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी राज बब्बर की जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि न केवल गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र से बल्कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूरे हरियाणा से भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुराधा शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता प्रियदर्शनी सिंह, महिला जिलाध्यक्ष सुशीला कटारिया, महिला जिला उपाध्यक्ष अंजलि राही, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पर्ल चौधरी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर, हल्का अध्यक्ष मनीष खटाना, युवा जिलाध्यक्ष निशित कटारिया, कुलराज कटारिया, आम आदमी पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष नितिन बत्रा, सोशल मीडिया अध्यक्ष पारस जुनेजा, लोकसभा क्षेत्र सचिव प्रताप कदम, रेखा भसीन, दया गुप्ता, डोली गुप्ता, पूजा शर्मा इत्यादि मौजूद थे।



# पहाड़ पर बदला मौसम, झमाझम बारिश

### जंगलों में लगी आग बुझी, गर्मी से राहत

■ बारिश से जंगल की आग पूरी तरह से शांत हो चुकी है

**देहरादून,** 11 मई (देशबन्धु)। बीती रात से पहाड़ का मौसम अचानक बदल गया है। रुद्रप्रयाग और चमोली से लेकर टिहरी और उधम सिंह नगर तक बीती रात से झमाझम बारिश हो रही है। जिससे पहाड़ का मौसम पूरी तरह बदल गया है। इस बारिश से एक तरफ जहां जंगलों में लगी आग की समस्या का समाधान हुआ है वहीं दूसरी तरफ लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है। लेकिन इसके साथ ही इस बारिश से फसलों को नुकसान भी हुआ और चार धाम यात्रियों की परेशानी भी बढ़ गई है। टिहरी और चमोली से मिली खबरों के अनुसार यहां बीती रात से झमाझम बारिश होने की खबर है। वही रुद्रप्रयाग और उधमसिंह नगर में गरज के साथ बारिश होने की खबर है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बारिश से जंगल की आग पूरी तरह से शांत हो चुकी है। जंगल की यह आग बीते 15 दिनों से पहाड़ के लिए एक बड़ी मुसीबत बनी हुई है। जंगलों की आग के कारण जहरीले धुएं और धुंध तथा तपिश के कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही थी बारिश के बाद लोगों को इस समस्या से निजात मिल गई है। वहीं जंगल की आग के कारण वन्य जीवों की जान पर भी संकट आ गया था तथा वन संपदा का भारी नुकसान हो रहा था। आग बुझने से वन विभाग के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है। जंगल की आग के कारण जो जल स्रोत सूख गए थे वह भी बारिश के कारण रिचार्ज हो गए हैं। हालांकि इस बारिश के कारण कहीं से भी किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है लेकिन किसानों की जो फसल खेतों में खड़ी है तथा आम लीची आदि की फसलों को नुकसान होने की भी खबर है।



# वनाग्नि में झुलसी महिला की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत

**श्रीनगर,** 11 मई (देशबन्धु)। वनाग्नि में झुलसी महिला की उपचार के दौरान देहरादून के निजि अस्पताल में मौत हो गयी।सात तारीख को जंगल की आग में झुलसी महिला को श्रीनगर गढ़वाल के बेस अस्पताल में बर्न यूनिट ना होने के चलते महिला को हायर सेंटर एम्स ऋषिकेष ले जाया गया। वहां बेड ना होने के चलते महिला को देहरादून के अस्पताल भर्ती किया गया। बुरी तरह झुलसने और समय पर सही इलाज नहीं मिलने के कारण महिला ने दम तोड़ दिया है। इस मामले में वन विभाग का कहना है कि उन्हें 9 मई को घटना की जानकारी प्राप्त हुई। अब महिला के परिवार को मुआवजा राशि देने की कार्रवाही शुरू कर दी गयी है। जंगल की आग से झुलसी ब्लॉक कीर्तिनगर के ग्राम पंचायत मणजूली की कांति देवी (62) पत्नी विजय सिंह ने देहरादून में निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। महिला के पुत्र मस्तान सिंह ने बताया कि उनकी माता 7 मई को गांव के पास के जंगल में चारापत्ती लेने गई थीं। इसी दौरान तेज हवा चलने से जंगल की आग वहां तक पहुंच गई। आग की चपेट में आकर वह झुलस गईं। शोर मचाने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कांति देवी को बेस अस्पताल श्रीकोट पहुंचाया।

# वनवासी कल्याण आश्रम जुटा उत्थान में : डालचंद



**गुरुग्राम,** 11 मई (देशबन्धु)। वनवासी कल्याण आश्रम के संघ प्रचारक एवं उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री डालचंद ने कहा है कि संस्था लगातार वनवासियों के जीवनस्तर को ऊंचा उठाने में जुटी हुई है। डालचंद के अनुसार देश के विभिन्न प्रदेशों में वनवासियों की संख्या 12 करोड़ से अधिक है जो पूरे देश की कुल आबादी का 9 प्रतिशत है। वनवासी क्षेत्रों का देश की समृद्धि एवं विकास में अहम भूमिका रही है। इतना ही नहीं देश की आजादी के लिए भी वनवासी वीरों बिरसा मुंडा, जादोनांग, पुंजा भील, रानी मां गाईडिल्यू आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिसे किसी भी सूरत में भुलाया नहीं जा सकता। ये जानकारी उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री डालचंद ने शनिवार को सैक्टर 14 स्थित वनवासी कल्याण आश्रम के प्रचार प्रमुख संजीव आहूजा के आवास पर आयोजित प्रैसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वनवासियों का अतीत गौरवशाली रहा है। यह हम सभी का कर्तव्य बन जाता है कि वनवासी समुदाय का भी ध्यान रखा जाए। हालांकि केंद्र सरकार ने भी इस समुदाय के उत्थान के लिए एक मंत्रालय का गठन भी किया हुआ है, जो वनवासी क्षेत्रों में रहने वाले वनवासियों के जीवन को उन्नत करने में जुटा है। उनका कहना है कि वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा द्वारा वनवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य किट उपलब्ध कराने जा रहा है। इस स्वास्थ्य किट में आवश्यक दवाईयां आदि भी शामिल होंगी, ताकि वनवासी छोटी बीमारियों जैसे चोट, बुखार आदि होने की स्थिति में इनका इस्तेमाल कर सकें। वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत कोषाध्यक्ष महेंद्र नरेश ने कहा कि देश के इतिहास को गौरान्वित करने वाले वनवासी अनेकों चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उनके क्षेत्र में न तो सड़कें हैं और न ही आवागमन के समुचित साधन। शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना भी उन्हें करना पड़ रहा है। इन सबका समाधान होना चाहिए। संस्था के गुरुग्राम विभाग के संयोजक जगदीश कुकरेजा व संजीव आहूजा ने कहा कि वनवासी बंधुओं के धर्मांतरण की लगातार कोशिश की जाती रही हैं।

### चारधाम यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# प्रारंभिक दौर में ही चरमराई व्यवस्थाएं, यात्री परेशान

■ अमरनाथ तिवारी

■ पंजीकरण की व्यवस्था सही न होने से हरिद्वार से वापस लौट रहे श्रद्धालु

■ क्षमता से तीन गुना ज्यादा श्रद्धालु एक बार में पहुंचे श्री केदारनाथ धाम

**रुद्रप्रयाग,** 11 मई (देशबन्धु)। चारधाम यात्रा का आगाज कल केदारधाम और गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ हो चुका है। शासन-प्रशासन के सुगम और सुरक्षित यात्रा के जो दावे किए जा रहे थे उनकी जमीनी हकीकत की कलई इस यात्रा के पहले ही दिन सामने आ गई है। यात्री हैरान-परेशान है और पानी पीकृपीकर शासन-प्रशासन को कोस रहे हैं। पंजीकरण की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बड़ी संख्या में लोग हरिद्वार से वापस लौट कर जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कल पहले ही दिन जहां केदारनाथ धाम में 29 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की खबर है जो धाम की क्षमता से तीन गुना ज्यादा है तथा वैसी ही स्थिति यमुनोत्री धाम में भी देखी गई। जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरीकुंड से कल शाम तक घोड़े खच्चरों का संचालन शुरू न होने से यात्री परेशान रहे और पैदल मार्ग पर उनके पीने के पानी की व्यवस्था न होने से यात्री व्यवस्थाओं को लेकर सरकार को कोसते दिखे। उधर यमुनोत्री जाने वाले पैदल मार्ग पर कोई समुचित व्यवस्था न होने तथा दोनों ओर से यात्रियों के आनेकृजाने के कारण 2 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिसमें फंसे वृद्ध, बच्चे और महिलाएं भारी परेशान दिखे। यात्रियों का कहना है कि ऐसी खराब व्यवस्था तो उन्होंने पहले कभी नहीं देखी है। धक्का मुक्की और खींचतान में भीड़ में फंसी महिलाएं और बच्चे शासन-प्रशासन पर झल्लाते दिखे।



उधर केदारनाथ राजमार्ग पर सिरोबगड़ और तिलवाड़ी क्षेत्र में सड़क पर मलवा होने के कारण 4 घंटे तक जाम लगा रहा। जानकारी के अनुसार यहां चल रहे सड़क निर्माण के कारण ऊपर से मलवा सड़क पर गिराया जा रहा है और फिर इसे नीचे एक गदेरे में धकेला जा रहा है। जाम के कारण 4 घंटे यहां वाहनों की आवाजाही बाधित रही लोगों का कहना था कि क्या सरकार और पर्यटन विभाग को पता नहीं था कि 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू होने वाली है। उनके द्वारा सड़क निर्माण का काम पहले क्यों नहीं कराया गया अब यात्रा शुरू हो चुकी है ऐसे में अगर सड़क निर्माण का काम किया जा रहा है तो यात्री तो परेशान होंगे ही। सरकार भले ही खुश है कि चार धाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। 26 लाख लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। हरिद्वार में जहां ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए व्यवस्था की गई थी वह ध्वस्त हो चुकी है। प्रशासन द्वारा ऋषिकुल ग्राउंड में खुले में टेंट लगाकर 20 रजिस्ट्रेशन सेंटर खोले गए हैं लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा है कि लोगों को 6कृ6 घंटे में भी रजिस्ट्रेशन करने का मौका नहीं मिल रहा है। किसी काउंटर पर लैपटॉप काम नहीं कर रहे हैं तो कहीं मोबाइल काम नहीं कर रहे हैं। घंटों लाइन में लगे लोग थक कर बैठ जाते हैं फिर खड़े हो जाते हैं। व्यवस्थाओं को कोसते हजारों लोग हताश होकर वापस लौटने पर विवश हैं। उनका कहना है कि सरकार की व्यवस्थाएं एकदम खराब है। यहां कोई देखने वाला या सुनने वाला भी नहीं है।

### यमुनोत्री आए दो श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत

**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा के पहले प्रमुख तीर्थ धाम यमुनोत्री यात्रा पर आए पहले दिन ही दो श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की शाम को अलग अलग स्थानों पर हार्ट अटैक से श्रद्धालुओं की मौत हो गई।मध्यप्रदेश के सागर जिले के रामगोपाल (71) और उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की विमला देवी (69 ) की मौत हुई है।

### सुडोकू 6552 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 3 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 5 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 5 |

# प्रादेशिकी

## रायबरेली की तकदीर और तस्वीर बदलना है : ब्रजेश पाठक

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली संसदीय क्षेत्र में प्रबुद्ध वर्ग सम्मलेन में उपमुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा अब रायबरेली की तकदीर और तस्वीर बदलना है यहां रिफार्म क्लब में आज भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मलेन में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धिया बताते हुए कहा कि अब देश ही नहीं विदेशो में भी मोदी की गारंटी मानी जा रही है। वर्तमान सरकार गरीब, किसान, नौजवान, सभी के लिए लाभकारी योजनाएं चला रही है जिसमे प्रमुख रूप से किसान सम्मान निधि, आयुषमन कार्ड, उज्जवला योजना, शौचालय, हरघर नल, बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, फसल बीमा योजना, जैसी अनेकों योजनाओं का लाभ सीधे आम जन मानस को प्राप्त हो रहा है।

# यह चुनाव संविधान बचाने व आने वाली पीढ़ी के भविष्य का : अखिलेश



**औरैया,** 11 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के विधानसभा क्षेत्र बिधूना में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को 16 किलोमीटर लम्बा रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह जो चुनाव होने जा रहा है यह न केवल हमारे भविष्य, बल्कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य कैसा होगा उसके लिए भी हो रहा है।

चौथे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिधूना से ऐरवाकटरा तक 16 किलोमीटर लम्बा रोड़ शो किया। अखिलेश हेलीकॉप्टर से करीब एक बजे कस्बा में तहसील के पीछे बने हेलीपेड पर उतरे। जिसके बाद भगतसिंह चौराहे पर पहुंच कर वहां खड़े समाजवादी पीडीए रथ पर सवार हुए। रथ पर सवार होकर सबसे पहले उन्होंने अपने समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन कर समर्थन की अपील की। बिधूना विधानसभा क्षेत्र कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है और यहां से स्वयं अखिलेश चुनाव मैदान में हैं।

इस दौरान सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने बेरोजगारी दी, महंगाई दी और कितना अन्याय दिया। कोई वर्ग नहीं बचा जिसे इस सरकार ने अपमानित न किया हो?। उन्होंने कहा इन लोगों ने भेदभाव के साथ जितना अन्याय कर सकते हैं, किया। उसने कहा कि आज खुशी है कि इस बार बिधूना और आसपास के लोगों ने कन्नौज व इटावा लोकसभा सीटों को जीतने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि अब तो बुजुर्गों का साथ भी पीडीए के साथ है। आज के इस रोड शो में ऐसे लोग दिख रहे हैं, ऐसे बुजुर्ग दिख रहे हैं, जिन्होंने कभी डॉक्टर लोहिया, नेताजी (मुलायम सिंह यादव) व धनीराम वर्मा के अलावा मुझे भी चुनाव लड़ाया है। उन्होंने कहा कि आप लोग बिधूना तो देखना ही और साथ ही दिवियापुर को भी देखते रहना। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के रोड़ शो के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। कार्यकर्ताओं उत्साह में जमकर नारेबाजी करते दिखे। इस दौरान ऐरवाकटरा रोड़ पर जाम देखने को मिला। चुनावी रणनीति बनाने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुछ स्थानीय नेताओं को रथ में भी बैठाया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक रेखा वर्मा, दिवियापुर से सपा विधायक प्रदीप यादव, किशनी विधायक बृजेश कठेरिया, पूर्व राज्यमंत्री चौधरी रामबाबू यादव, पूर्व विधायक विनय शाक्य, लोकसभा एटा से पार्टी प्रत्याशी देवेश शाक्य आदि जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मौजूद रहे।

> **भाजपा सरकार ने बेरोजगारी दी, महंगाई दी और कितना अन्याय दिया, कोई वर्ग नहीं बचा जिसे इस सरकार ने अपमानित न किया हो : अखिलेश यादव**

# अमेठी में स्मृति ईरानी को घेरने में जुटीं प्रियंका गांधी

■ स्वामीनाथ शुक्ल



**अमेठी,** 11 मई (देशबन्धु)। प्रियंका गांधी अमेठी में स्मृति ईरानी को घेरने में जुटी है। इसके लिए अमेठी की चुनावी कमान खुद संभाल रखा है। अमेठी रायबरेली की दोनों सीटों पर जीत के लिए प्रियंका गांधी दिन-रात बराबर कर दिए हैं। कहने के लिए अमेठी में गांधी परिवार चुनाव नहीं लड रहा है। लेकिन किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के 43 साल पुराने वफादार सिपाही है। जिससे अमेठी का चुनाव सीधे गांधी परिवार से जुड़ा है। इसलिए प्रियंका गांधी अमेठी में स्मृति ईरानी को घेरने में जुटी है। अमेठी रायबरेली के चुनाव प्रचार में 17 मई को राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सामूहिक जनसभा होगी। बाकी प्रियंका गांधी मतदान तक अमेठी रायबरेली में रहेंगी। किशोरी लाल शर्मा के चुनाव प्रचार में उनकी पत्नी और बेटी अंजलि भी उतरी है। अंजलि शर्मा ने कहा कि पापा घर घर जाना चाहते हैं। लेकिन समय कम है। दो महीने पहले टिकट मिला होता तो पापा जन जन तक पहुंच सकते थे। अंजलि ने कहा कि पापा 40 साल से अमेठी में है। पापा जाति धर्म और दल पूछकर मदत नहीं करते थे। चालीस साल में अमेठी के दसियो हजार लोगों का दिल्ली में इलाज कराया है। इसमें सभी दलों के लोग शामिल हैं। इसी लिए पापा की इज्जत सभी दलों के लोग करते हैं। कारण पापा अमेठी को अपना घर मानते हैं। इसी लिए जाति धर्म और दल नहीं पूछते हैं। कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा खुद डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाएं रोजाना करते हैं। इनकी सभा में हजारों की भीड़ जमा होती है। केएल शर्मा ने कहा कि अमेठी में कांग्रेस का संगठन बहुत मजबूत है। प्रियंका गांधी पांच घरों पर एक प्रभारी तैनात कर रखा है। मतलब एक कार्यकर्ता के पास केवल पांच घरों की जिम्मेदारी है। आगे दूसरे कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संगठन और गठबंधन दोनों घर घर चुनाव प्रचार में जुटे हैं। प्रियंका गांधी गुरुवार को कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा था कि अमेठी जीतकर वापस जाएंगी। केएल शर्मा भी हर सभा में स्मृति ईरानी को हराने की बात कहते हैं। इनके साथ रोहित सिंह, राजेश श्रीवास्तव आदि चल रहे हैं।

> ■ **अमेठी रायबरेली के चुनाव प्रचार में 17 मई को राहुल गांधी व अखिलेश यादव की सामूहिक जनसभा होगी**

## सार संक्षेप

### रैपिडेक्स स्टेशन के लिए बनेगी सबसे बड़ी पार्किंग

**मेरठ।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ के बीच रैपिडेक्स पैसेंजर को आरामदायक यात्रा देगी। मेरठ में रैपिडेक्स कॉरिडोर के साउथ स्टेशन पर सबसे बड़ा पार्किंग लाउंज बनाया गया है। यहां एक साथ 1200 व्हीकल पार्क हो सकेंगे। 13 हजार स्कायर मीटर एरिया में दो पार्किंग बनाए गए हैं। जहां टू व्हीलर और फोर व्हीलर को आसानी से पार्क किया जा सकेगा। दोनों पार्किंग में ऑटो रिक्शा पार्क करने की भी सुविधा रहेगी। इस स्टेशन पर मेरठ और दिल्ली दोनों ओर से आने वाले वाहनों के लिए स्टेशन में पिकअप और ड्रॉपऑफ की सुविधा रहेगी। मेन रोड से आने वाले वाहनों से यात्रियों को स्टेशन पर उतरने-चढ़ने के साथ दिव्यांगों के लिए अलग से व्हीकल पार्क करने की सुविधा रहेगी। स्टेशन में रैम्प भी बनाए गए हैं। रैपिडेक्स स्टेशन पार्किंग में यात्रियों को इलेक्ट्रिक व्हीकल की चार्जिंग सुविधा भी मिलेगी। यात्री अपने ई-वाहनों को स्टेशन पर आसानी से चार्जिंग कर पाएंगे।

### करियर मेले का किया गया शुभारंभ

**मेरठ।** गढ़ रोड स्थित गांधी आश्रम चौराहे के निकट मौजूद मनोहरलाल कृष्ण सहाय इन्टर कॉलेज में मनोहरलाल ट्रस्ट और एमआईटी कॉलेज के तत्वावधान में करियर मेले का आयोजन किया गया। करियर मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य निर्माण एवं श्रम विकास, सहकारी संघ के राज्यमंत्री और सांसद राजेन्द्र अग्रवाल व मनोहरलाल ट्रस्ट के चेयरमैन दिनेश सिंघल और कॉलेज प्रबन्धक विराट सिंघल ने संयुक्त रूप से किया। सांसद राजेन्द्र अग्रवाल और कॉलेज प्रबन्धक विराट सिंघल ने सरस्वती माता की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। करियर मेले में एअर कण्डीशनिंग और रेफ्रिजरेटर, इलैक्ट्रिशियन, वेब एप्लीकेशन, प्लंम्बिग फूड और फुट प्रीजरवेशन, ड्रेस मेकिंग, डैकोरेशन, पंख पोर्टल, हेल्थकेयर, इंश्योरेंस, एकाउंटिंग, ऑडिटिंग प्लाट, कॉप प्रोटेक्शन सॉइल, वाटर कंजर्वेशन डेयरी टेक्नोलॉजी आदि के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्यमंत्री यशवीर चौधरी ने मेले की प्रंशसा की।

### स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल में मातृ शक्ति दिवस आयोजित

**मवाना।** स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल मवाना में शनिवार को मदर्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मवाना सामुदायिक स्वास्थ्य केव्द्र की महिला चिकित्सक डा.श्वेता चौहान, प्रबंधक मनोज रस्तोगी, प्रबंधिका मीनू रस्तोगी व प्रधानाचार्य कमल कुमार दीवान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनकी वंदना आरती की। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों की माताओं को भी बुलाया गया था। कक्षा नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के छोटे- छोटे विद्यार्थियों ने अपने प्रेम का प्रदर्शन करने के लिए अपनी मां को प्रेम स्वरूप फूलों के गुलदस्ते व ग्रीटिंग कार्ड भेंट कर उनका स्वागत किया।

### सूचना

मैंने अपना नाम **TARIQ MOHD** पुत्र MOHD ARIF R/O 145, यशोदा कुंज मवाना मार्ग मेरठ उत्तर प्रदेश, 250001 से बदलकर MOHD TARIQ पुत्र MOHD ARIF रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

# हस्तिनापुर से आ रही की 33 हजार की लाइन में हुआ ब्रेकडाउन

**मवाना,** 11 मई (देशबन्धु)। मवाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे आई तेज आंधी ने बिजली का फ्यूज उड़ा दिया। मवाना क्षेत्र में वीआईपी क्षेत्र समेत आधा नगर अंधेरा में डूबा रहा। सुबह सवेरे दस बजे तक मवाना नगर की बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। मवाना नगर में बिजली के अभाव में कई टयूबवेल नहीं चल सकी, जिस कारण नागरिकों को पेयजल संकट से जूझना पड़ा।दूसरी ओर देहात क्षेत्रों में कई स्थानों पर तार टूटने से विद्युत आपूर्ति बाधित रही। शुक्रवार रात 11 बजे अचानक तेज हवाएं चलने के साथ अंधड़ शुरू हो गया, जिससे शहर से देहात क्षेत्र तक विद्युत व्यवस्था गड़बड़ा गई। मवाना हस्तिनापुर रोड पर 33/11 केवीए बिजलीघर बना हुआ है। इस बिजलीघर को हस्तिनापुर स्थित बिजलीघर से 33 हजार वोल्टेज की आठ किमी लम्बी लाइन से बिजली आपूर्ति की जाती है। बिजली की लाइन जंगल से होकर आ रही है। देर रात आये अंधड़ में करीब 11 बजे इस लाइन में ब्रेक डाउन आ गया। ब्रेक डाउन होने के बाद जानकारी बबिजली अफसरों को दे दी गई लेकिन रात में लाइन की पेट्रोलिंग नहीं हो सकी। पेट्रोलिंग नहीं होने के कारण हस्तिनापुर रोड पर जुड़े बिजलीघर से दो फीडर बंद कर दिए गए। उपभोक्ताओं ने बताया कि रात को 11 बजे से गायब हुई बिजली आपूर्ति शनिवार सुबह दस बजे चालू हो सकी। इस कारण रात को वीआईपी क्षेत्र एसडीएम व सीओ आवास, तहसीलदार आवास, तीन टयूबवेल समेत नगर का आधा क्षेत्र बिजली से महरूम रहा। इस क्षेत्र में रात भर अंधेरा छाया रहा। इस फीडर से जुड़े नगर पालिका के तीन टयूबवेल नहीं चलने के कारण लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। सुबह होते ही बिजली विभाग के कर्मी लाइन दुरुस्त करने में जुट गए। आठ किमी. लम्बी लाइन की पेट्रालिंग की गई। इस कारण सुबह दस बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

> ■ **सुबह पेयजल की किल्लत गहराई, नागरिक हुए परेशान**



### ग्रामीण क्षेत्र में भी रही बिजली बाधित

मेरठ रोड बिजलीघर से जुड़े आधे नगर के उपभोक्ताओं ने भी शुक्रवार रात कई घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद होने पर परेशानी झेली। तेज आंधी के चलते रात 11 बजे बंद हुई बिजली व्यवस्था रात को एक बजे पटरी पर आई। रात को मेरठ रोड के बिजलीघर से जुड़े नगर के आधे हिस्से के उपभोक्ता परेशान रहे। उधर मवाना से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र के बिजलीघर सठला, सीना, बहसूमा, निलोहा, पिलौना, रहावती, फलावदा बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों और गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। शनिवार सुबह को दस बजे बिजली आपूर्ति मिल सकी।

### अफसर रहते हैं मेरठ

बिजली उपभोक्ता इस मामले की कई बार बिजली के बड़े अफसरों से शिकायत कर चुके है कि मवाना में तैनात बिजली के बड़े अफसर कार्यालय बंद होने के बाद मेरठ चले जाते है। सुबह को करीब 12 बजे तक अफसर कार्यालय में नहीं आते। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि देर से आने पर अफसर मेरठ में बैठक होने की बात कहकर मामला ठंडा कर देते है। मवाना नगर केवल एक अवर अभियंता लोकेश कुमार के हवाले रहता है। अवर अभियंता लोकेश कुमार ने बताया कि हस्तिनापुर बिजलीघर से आ रही बिजली लाइन जंगलों से आ रही है, जिस कारण रात में पेट्रालिंग संभव नहीं थी। इसी कारण सुबह पेट्रोलिंग कराकर बिजली आपूर्ति बहाल की गई।

# मां की ममता जीवन की अनमोल निधि: डॉ. ओमपाल सिंह

**मेरठ,** 11 मई (देशबन्धु)। कंकरखेडा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में शनिवार को 'मदर्स डे' के उपलक्ष्य में शानदार कार्यक्रम का आयाजन किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर बच्चों ने मातृशक्ति के सम्मान में अनेक भावपूर्ण प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। जिनमें 'करो मात-पिता की सेवा' 'ऐसी होती है माँ' 'तु



कितनी अच्छी है' आदि गीत विषेश रूप से सबके द्वारा पसन्द किए गए। इसके अलावा गीतों, कविताओं एवं भाषण के द्वारा भी बच्चों ने अपने हैं के उद्‌गारों को प्रकट किया। बच्चों ने अपनी माँ के लिए चित्रात्मक संदेश भी बनाये। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि माँ की ममता जीवन की अनमोल निधि है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने माता-पिता का आदर करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्या डॉ. प्रवीन कुमार पथरा ने बच्चों को मदर्स डे की बधाईयां दीं तथा शिक्षकों व बच्चों द्वारा मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की।

# एस आर इंटरनेशनल स्कूल में मनाया मातृ दिवस

**मेरठ,** 11 मई (देशबन्धु)। किला रोड स्थित एस आर इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ. स्वतंत्र चौहान, प्रबन्धक महोदया श्वेता तोमर एवं प्रधानाचार्य डॉ. उपेन्द्र भारद्वाज सहित सभी शिक्षक गण एवं प्रथम कक्षा तक के छात्रों की माताएं भी उपस्थित थी। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्जवलन से हुआ। बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चों ने अपनी माताओं के लिए फोटो फ्रेम एवं मैक्रोनी से आभूषण बनाकर अपनी माताओं को उपहार स्वरूप दिए। किसी ने माँ की ममता को शब्दों में पिरोया। कोई माँ की दी सीख को साझा करता दिखा तो किसी ने माँ को भगवान की बनाई सबसे सुंदर चीज बताया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने अपने तरीको से माँ के प्रत्ति प्यार जताया । विद्यालय में इस अवसर पर माताओं के लिए विभिन्न खेनो का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों की माताओं ने इसमें भाग लिया। विद्यालय ने माताओं का सम्मान कर इस अवसर को और खास बना दिया। निदेशक डॉ. स्वतंत्र चौहान ने सभी को मातृ दिवस की बधाई दी और कहा कि माँ की ममता, स्नेह और पिता का अनुशासन किसी भी बच्चे के व्यक्तित्व के लिए बहुत आवश्यक होता है। प्रधानाचार्य डॉ. उपेन्द्र भारद्वाज ने भी सभी को मातृष्दिवस की बधाई देते हुए बच्चों को अपने माता-पिता के सम्मान की प्रेरणा दी।

> ■ **बच्चों ने सुंदर आभूषण बनाकर अपनी माताओं को उपहार स्वरूप दिए**
>
> ■ **निदेशक डॉ. स्वतंत्र चौहान ने सभी को मातृ दिवस की बधाई दी**



# अमेरिकन किड्ज प्ले स्कूल ने धूमधाम से मनाया मदर्स डे

**मेरठ,** 11 मई (देशबन्धु)। शास्त्री नगर स्थित अमेरिकन किड्ज प्ले स्कूल के द्वारा मदर्स डे धूम-धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के एप्लाइड साइंस ऑडिटोरियम (अटल सभागार) में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मदीहा रसूल व विशिष्ठ अतिथि मीना मित्तल, पूनम शर्मा, स्कूल डायरेक्टर डॉ. मोहिनी लांबा, सेंटर हेड दिव्या गोयल व् स्कूल को-ऑर्डिनेटर प्रेरणा लांबा के द्वारा द्वीप प्रज्जवल्लित कराकर की गयी। उसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मदर्स के लिए भावपूर्ण गायन व नृत्य की प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अपने गीतों द्वारा माताओं के लिए अपना प्रेम व्यक्त किया। माताओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया साथ ही उन्होंने बच्चों के साथ कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का थीम फ्लोरल था जिसमे सभी माताएं आकर्षक रूप से फ्लोरल ड्रेस्सेज में तैयार होकर आयी और अपने मातृत्व को धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फ्लोरल थीम ड्रेस्सेज के आधार पर प्रतियोगिता रही जिसमें माताओं को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। माताओं के लिए विशेष रूप से अत्यंत रोचक गेम्स आयोजित किए गए जिनमें भाग लेकर वे अत्यंत आनंदित हुई व कुछ ने कहा कि उनके बचपन की याद ताजा हो गयी। जूनियर के जी के बच्चों ने मेलोडीज ऑफ मदर-हुड कार्यक्रम प्रस्तुत किया व माताओं ने अनंत प्रेम को दर्शाने वाला इनफिनिट एम्ब्रास कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नर्सरी मोगरा के छात्रों ने सौलफुल सोंनेट प्रस्तुत किए। तत्पश्चात माताओं ने मॉम्स ग्रूव गाला नामक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सीनियर के जी पैन्सी ने हार्टफेल्ट ह्यम्स नामक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसके प्रतिउत्तर में माताओं ने मोम्मी बूगी बैश प्रस्तुत किया। जूनियर के जी डैफोडिल के छात्रों ने माताओं की प्रशंसा में मोमीस मिनी मार्वल कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में सभी माताओं ने मनमोहक ड्रेसेस में रैंप वाक किया। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. मोहिनी लांबा ने सभी को सम्भोदित किया व मदर्स डे के इस शुभ अवसर पर स्कूल स्टाफ और सभी बच्चो एवं माताओं को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयुषी शर्मा, विकास कुमार, इल्मा सहित समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।




# वन आरक्षित क्षेत्र में रातभर सुलगते रहे जंगल

**मवाना/हस्तिनापुर,** 11 मई (देशबन्धु)। गर्मी की शुरुआत होते ही हर वन आरक्षित क्षेत्र में जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ने लगती हैं। मध्य गंग नहर का किनारा हो घने वन जंगलों में तो आग लगने के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। चिंता की बात यह है कि जंगल में आग लगने की ऐसी घटनाओं के बढ़ने के साथ ही इन पर नियंत्रण पाना भी बेहद मुश्किल होता जा रहा है। शुक्रवार देर मध्य गंग नहर किनारे निर्माणधीन रेस्क्यू सेंटर के समीप वन जंगल घटों सुलगते रहे लेकिन विभागिय कर्मचारी चैन की नींद सो रहे थे। जंगलों में लगी आग से चारों ओर धुआं फैलने से जहां बड़ी मात्रा में वन सम्पदा नष्ट हो गई।

बिजनौर बैराज से गढमुक्तेश्व तक 2073 वर्ग किलोमीटर में फैले वन जंगलों में तापमान में वृद्धि के साथ आग लगने के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं। शुष्क मौसम के कारण वातावरण में नमी कम होने से जंगलों के धधकने का सिलसिला काफी तेज हो गया है। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक वन आरक्षित क्षेत्र में गर्मी बढने के साथ ही फायर सीजन में अभी तक जंगलों में आग की करीब कई घटनाएं हो चुकी हैं। आग लगने की अधिकाशं घटनाएं सडकों का आस पास होती नजर आ रही। आग की घटनाएं कई बार विकराल रूप भी ले लेती है जिसमें वन सपंदा के साथ जंगली जीवों को भी नुकसान होता है। शुक्रवार देर रात मध्य गंग नहर किनारे निर्माणधीन रेस्क्यू सेंटर के समीप वन जंगल घटों आग के हवाले रहे। जगल में उठ रही आग की लपटे रात भर कस्बे में चर्चा का विषय बनी रही लेकिन वन कोई भी वन कर्मी आग बुझाने मौके पर नही पुंहचा और नही ही किसी ने अग्निशमन दल को आग वन जगल में आग लगने की सूचना दी। जिसके चलते लाखों की वन सम्पदा जलकर रखा हो गई।

> ■ **गर्मी के साथ सुलगने लगे वन**



### क्या कहते है विभागीय अधिकारी

मामला सज्ञान में नही है जानकारी कर जगल में आग लगने की घटनाओं के कारणों की खीज की जायेगी। साथ आग से होने वाले नुकसान का भी आकलन कराया जायेगा। रेंजर रवि राणा

## बरेली : आंधी से छज्जा गिरा, एक महिला की मौत, तीन घायल

**बरेली,** 11 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में शनिवार सुबह हुई बारिश और आंधी से तापमान में गिरवाट आने से लोगों को राहत तो मिली लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिरने से एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। आंवला तहसील उप जिलाधिकारी नैहने राम ने बताया कि शनिवार सुबह बारिश के चलते तहसील में देवचरा के पास मुझिया मजरा गांव में एक निर्माणाधीन मकान का छज्जा गिर गया, जिसमें एक महिला सुधा देवी (35) मौत हो गई। अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व बरेली संतोष बहादुर सिंह ने बताया कि सुबह बारिश के चलते देवेंद्र सिंह का निर्माणाधीन पक्का मकान का छज्जा गिर गया जिसमें चार लोग दब गए।



# रायबरेली में गरमाने लगा चुनावी पारा

## सत्तारूढ़ भाजपा व विपक्षी दल कांग्रेस के स्टार प्रचारक की ताबड़तोड़ रैलियां

**लखनऊ/रायबरेली,** 11 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली संसदीय क्षेत्र में चुनावी पारा धीरे धीरे कर अपने शबाब पर पहुंचने लगा है। मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दल कांग्रेस के स्टार प्रचारक अपने अपने उम्मीदवार के पक्षम में ताबड़तोड़ रैलियां, रोड शो और जन सभाएं करने में जुटे हैं।

रायबरेली संसदीय क्षेत्र कांग्रेस का गढ़ मानी जाती है। यहां से गांधी परिवार की तीसरी पीढ़ी के तौर पर राहुल गांधी कांग्रेस के उम्मीदवार है। राहुल गांधी के यहां से नामांकन के बाद से यह सीट देश भर में खासी चर्चा का विषय हो गयी। राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा के उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह जो योगी सरकार में मंत्री है चुनाव लड़ रहे हैं।



राहुल गांधी और अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार किशोरीलाल के चुनाव की कमान संभालने प्रियंका गांधी वाड्रा को आना पड़ा है। आने के बाद रोज ब रोज प्रियंका ने जनसभाओं, नुक्कड़ सभा और रोड शो आदि के माध्यम से कांग्रेस के चुनाव प्रचार को अच्छे मुकाम पर पहुंचा दिया है। इनकी रैलियों में खासी भीड़ का इजाफा देखा गया है। अब पार्टी सूत्रों से यह जानकारी निकल कर आ रही है कि आगामी 17 मई को राहुल और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की संयुक्त सभा और रोड शो आदि होने वाले हैं। इसके अलावा इसी दौरान भूपेश बघेल और कांग्रेस के अन्य कद्दावर नेताओ के आने की संभावना है। गौरतलब है कि सपा भी कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन में शामिल हैं।

इधर भाजपा की ओर से भी वीवीआइपी नेता व स्टार प्रचारक मतदाताओं को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं। आज रायबरेली के रिफॉर्म क्लब में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक जनसभा को सम्बोधित किया है कल रविवार को केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। अगले दिन सोमवार को ऐहार में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा है। लगातार दोनो राष्ट्रीय दलों की ओर से ताबड़तोड़ जनसभाएं और जनसम्पर्क से मतदाताओं को आकर्षित करने का अथक प्रयास जारी है।

आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में रायबरेली संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। ऐसे में कौन सा राजनीतिक दल जनता को प्रभावित कर अपने पक्ष की हवा बना ले जाए यह 4 जून को चुनाव परिणाम के घोषित होने तक निश्चित रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता है।



# फर्रुखाबाद में भाजपा व समाजवादी पार्टी के बीच है कांटे की टक्कर

## 8 प्रत्याशियों के भाग्य को 17 लाख 13 हजार 583 मतदाता ईवीएम में करेंगे बंद

**फर्रुखाबाद,** 11 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी एवं सांसद मुकेश राजपूत और समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के बीच कांटे की टक्कर होगी। फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी 13 में को चौथे चरण के होने वाले चुनाव मैदान में भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी एवं सांसद मुकेश राजपूत व समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य व बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी क्रांति पांडे के अलावा भारतीय राष्ट्रीय मोर्चा प्रत्याशी अमर सिंह, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी प्रत्याशी दिनेश, भारतीय जवान किसान पार्टी प्रत्याशी विद्याप्रकाश, भारतीय नागरिक पार्टी प्रत्याशी श्यामवीर सिंह तथा निर्दलीय प्रत्याशी हरिनंदन सहित कुल 8 प्रत्याशियों के भाग्य को 17 लाख 13 हजार 583 मतदाता ईवीएम में बंद कर देंगे।

सूत्रों के अनुसार फर्रुखाबाद लोकसभा से वर्ष 1952 के चुनाव में कांग्रेस के पंडित मूलचंद दुबे 86024 मत पाकर के, सोशलिस्ट पार्टी के तेज नारायण को पराजित किया। 1957 के चुनाव में कांग्रेस से पंडित मूलचंद दुबे 96301 मत पाकर विजय हुए उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के भारत सिंह राठौर को चुनाव हराया था। 1962 के चुनाव में कांग्रेस के पंडित मूलचंद दुबे 79621 मत पाकर पुनः चुनाव जीते और उनकी मृत्यु के बाद 1963 मे हुए उपचुनाव में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से प्रमुख समाजवादी डॉ राम मनोहर लोहिया फर्रुखाबाद से चुनाव जीते गए।

1967 के चुनाव में कांग्रेस के अवधेश चंद्र सिंह ने 99835 वोट पाकर जनसंध के प्रत्याशी दयाराम शाक्य को पराजित किया था। 1971 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर अवधेश चंद सिंह 114077 मत पाकर पुनः चुनाव जीत गए, उन्होंने भारतीय क्रांतिदल के राजेंद्र सिंह यादव को हराया था।1977 के चुनाव में बी एल डी प्रत्याशी दयाराम शाक्य ने दो लाख 63 हजार 287 मत पाकर कांग्रेस के अवधेश चंद्र सिंह को पराजित किया था। वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी दयारामशाक्य ने 77541 मत पाकर विजयी हुए थे। उन्होंने अपने निकटतम कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिद्वंद्वी डॉ. सियाराम गंगवार को पराजित किया था। वर्ष 1984 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी खुर्शीद आलम खा ने 236892 मत पाकर जीत हासिल कीऔर, उन्होंने भाजपा प्रत्याशी दयाराम शाक्य को हराया था।

वर्ष 1989 के चुनाव मे जनता दल के संतोष भारती चुनाव जीते उन्होंने कांग्रेस के सलमान खुर्शीद को चुनाव हराया था। वर्ष 1991 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सलमान खुर्शीद ने 142842 मत पाकर चुनाव जीता और उन्होंने जनता पार्टी के अनवर मोहम्मद खा को हराया था। 1996 के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी सच्चिदानंद साक्षी ने 229906 मत पाकर सपा प्रत्याशी अनवर मोहम्मद खा को पराजित किया था। 1998 के चुनाव में भाजपा के सच्चिदानंद साक्षी 224636 मत पाकर, सपा के अरविंद प्रताप सिंह को पराजित किया था। 1999 के चुनाव में सपा प्रत्याशी चंद्र भूषण सिंह उर्फ मुन्नू बाबू ने 222984 मत पाकर, भाजपा के रामबक्श वर्मा को पराजित किया था। 2004 के चुनाव में सपा प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह उर्फ मुन्नूबाबू 176129 मत पाकर चुनाव जीत गए। इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती लुइस खुर्शीद को 2745 वोटो से हराया था। वर्ष 2009 के चुनाव में कांग्रेस के सलमान खुर्शीद ने169351 मत पाकर, बसपा के नरेश अग्रवाल 27199 मतों से हराया था। 2014 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने 406195 मत पाकर, सपा के रामेश्वर सिंह यादव को 150502 मतों से हराया था। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत पुनः चुनाव जीत गए उन्होंने 569880 मत पाकर अपने निकटतम सपा बसपा गठबंधन प्रत्याशी मनोज अग्रवाल को 221702 मतों से हराया था।




### 40 फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र में अनुमानित जातिगत मतदाता

40-फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में अमृतपुर, फर्रुखाबाद, भोजपुर, कायमगंज (सुरक्षित) तथा एटा जिले की अलीगंज समेत सभी विधानसभाओ से वने पूरे 40 फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र में अनुमानित जातिगत मतदाताओं में, मुस्लिम 2.75 लाख, शाक्य 1.54 लाख, यादव 2.15 लाख, लोधी 2,75 लाख, ब्राह्मण 1.54 लाख, कुर्मी 1 लाख, ठाकुर 1.5 4 लाख, जाटव 1.0 लाख के अलावा अच्छी खासी संख्या में कहार, कश्यप, निषाद, तेली तंमोली कायस्थ गडरिया आदि जातियों के मतदाता भी शामिल है।

# भीषण गर्मी में चुनाव प्रचार में जोर शोर से जुटे नेता

## भाजपा-कांग्रेस उम्मीदवार के बीच छिड़ा वाकयुद्ध



■ दिलचस्प मुकाबला भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह के बीच

**धनबाद,** 11 मई (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों के नेता भीषण गर्मी में चुनाव प्रचार में जोर शोर से जुटे हैं। इस बीच धनबाद संसदीय क्षेत्र में भी सरगर्मी बढ़ गई है। सभी दलों के नेता अपने-अपने पक्ष में मतदाताओं से वोट की अपील कर रहे हैं। चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवार एक दूसरे पर हमलावर होने लगे हैं।

मामला आरोप प्रत्यारोपों से शुरू होकर व्यक्तिगत हमले तक पहुंचने लगा है। धनबाद संसदीय क्षेत्र से कई उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं। लेकिन दिलचस्प मुकाबला भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह के बीच है। लेकिन इनके बीच वाक युद्ध छिड़ा हुआ है। भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। धनबाद क्षेत्र में जो काम बाकी है, हम उसे तीनों भाई मिलकर करेंगे। हम क्षेत्र की हर समस्या को चुनौती के रूप में लेंगे। उन्होंने कहा कि मैं बाघमारा क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक हूं। एक भी कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होगा, जो हम पर कोई आरोप लगा सकता है। मगर मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पांच साल लगातार समाज के बीच में हर सुख दुख में खड़ा रहता है। उसी का परिणाम है कि लोगों के बीच भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि हम लोग देश की 140 करोड़ जनता के साथ खड़े हैं। कांग्रेस उम्मीदवार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सोने की चम्मच लेकर आने वाला गरीबों की क्या बात करेगा। उनके पिता जी चूड़ी बेचने के लिए आए थे और आज अरबों रुपये कमाए, कहां से कमाए?

वहीं कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह ने ढुल्लू महतो के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हमारे पिता जी चूड़ी बेचने का काम करते थे। वो क्या करते थे क्या नहीं करते थे, ये किसी को बताने की जरूरत नहीं है। चूड़ी बेचना कोई गंदा काम नहीं है। कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं होता। इंसान नीचे से ही ऊपर उठता है। उन्होंने कहा कि उनके पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है। इसलिए ये सोच रहे हैं कि इस प्रत्याशी के बारे में क्या बोलूं। इस कारण वे तरह-तरह की बाते कर रहे हैं।

### मतदान के लिए कल सार्वजनिक अवकाश

**इंदौर,** 11 मई (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के इंदौर में लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश रहेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इंदौर जिले में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए 13 मई को मतदान होगा। निर्वाचन की प्रक्रिया में अपना मत देना हर मतदाता का अधिकार है, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये मतदाताओं को मतदान की सुविधा देने के लिये 13 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## लोकसभा चुनाव के नतीजों के साथ ही केरल में एक नया मुद्दा

# राज्यसभा की तीन सीटों को लेकर एलडीएफ में रस्साकशी की आशंका

**तिरुवनंतपुरम,** 11 मई (एजेंसियां)। चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के साथ ही केरल में एक नया मुद्दा सामने आने वाला है। एक जुलाई को खाली हो रही राज्यसभा की तीन सीटों को लेकर वामदलों के गठबंधन एलडीएफ में रस्साकशी की आशंका है। अब सभी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सत्तारूढ़ सीपीआई-एम के नेतृत्व में वाम दल इससे कैसे निपटेंगे।

**एक सीट पर कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ की जीत सुनिश्चित**

एक जुलाई को राज्यसभा से केरल से तीन सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। सेवानिवृत्त होने वाले सभी सदस्य वाम दलों के हैं। इन खाली सीटों पर वाम दलों के दो सदस्य जीतेंगे, जबकि एक सीट कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ के खाते में जाएगी।

सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों में वामपंथी सहयोगियों के दो राज्य पार्टी प्रमुख शामिल हैं। बिनॉय विश्वम केरल सीपीआई के प्रमुख और जोस के. मणि केरल कांग्रेस (मणि) (केसी-एम) के प्रमुख हैं। एक अन्य सीपीआई-एम के वरिष्ठ नेता इलामारम करीम हैं।



एक सीट पर कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ की जीत सुनिश्चित है। सत्तारूढ़ वाम दलों के खाते में दो सीटें जाएंगी। इनमें से एक सीट पर वाम दलों में बड़े भाई की भूमिका निभा रही सीपीआई-एम का कब्जा होगा। शेष एक सीट के लिए सीपीआई व केसी-एम के बीच जोर आजमाइश होगी।

सीपीआई सत्तारूढ़ वाम गठबंधन में दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। यह वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के गठन के समय से ही उसके साथ है। केसी-एम तीसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। पार्टी के विभाजन के बाद 2020 में मणि के नेतृत्व में यह एलडीएफ में शामिल हुई।

एक राजनीतिक आलोचक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के साथ ही स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। चुनाव में सीपीआई ने दो सीटों पर और केसी-एम ने एक सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। चुनाव के नतीजे इन दोनों दलों के लिए अहम होंगे। आलोचक ने कहा, सीपीआई और केसी-एम के बीच सहमति न बनने पर सीपीआई-एम का फैसला अंतिम होगा।

# अब सियासी अखाड़ा बने निमाड़-मालवा में नेताओं का जमावड़ा

**भोपाल,** 11 मई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में चौथे चरण के चुनाव में निमाड़-मालवा की 8 सीटों पर मतदान होने वाला है। यही कारण है कि यह इलाका सियासी अखाड़े में बदल चुका है और राजनेताओं का यहां जमावड़ा लगा हुआ है। ये नेता चुनाव जीतने के लिए अपना अंतिम दाव भी चलने की तैयारी में हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव के तीन चरणों में मतदान हो चुका है और चौथे चरण के लिए बिसात पूरी तरह बिछ चुकी है। इस चरण में निमाड़-मालवा इलाके की 8 सीटों पर 13 मई को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के लिए 24 घंटे से भी कम का वक्त बचा है, इसलिए दोनों प्रमुख राजनीतिक दल - भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जिन आठ सीटों पर सोमवार को मतदान होना है, ये सभी इस समय भाजपा के कब्जे में है। भाजपा जहां अपनी बढ़त बनाए रखना चाहती है, वहीं कांग्रेस यहां सेंधमारी करने के लिए जोर लगा रही है। भाजपा की ओर से चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्य सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय सहित कई अन्य नेता बैठकें, सभाएं और कार्यकर्ता सम्मेलन से लेकर रोड शो तक कर रहे हैं। कोई हेलीकॉप्टर से उड़ान भर रहा है तो कोई सड़क नाप रहा है। एक तरफ जहां भाजपा ने अपनी पूरी टीम को मैदान में उतार दिया है तो दूसरी ओर कांग्रेस भी प्रचार अभियान में पीछे नहीं है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव के अलावा अन्य नेता चुनाव प्रचार अभियान में लगे हुए हैं। निमाड़-मालवा इलाके की इन 8 सीटों पर शनिवार की शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। इससे पहले दोनों ही दलों के बड़े नेता अंतिम दांव चलने की तैयारी में हैं।



# मतदाता सूची में अपने नाम की पुष्टि करें मतदाता

**चंडीगढ़,** 11 मई (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि लोकतंत्र के पर्व में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके लिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है। अग्रवाल ने कहा कि जिस मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, केवल वही अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है, तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। उन्होंने कहा है कि मतदाता के पास पुराना वोटर कार्ड है, तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है, तथा वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है, तो उसे वोट डालने नहीं दिया जायेगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। उन्होंने बताया कि एपिक के अलावा मतदाता आयोग द्वारा निर्दिष्ट 11 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों का उपयोग करके भी वोट डाल सकते हैं। इन दस्तावेजों में पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्रीय, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड शामिल हैं।

# कश्मीर में न बहिष्कार का आह्वान, न ही आतंकी धमकी

## फिर भी चिंता मतदान को लेकर बहुतेरी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 11 मई (देशबन्धु)। इस बार कश्मीर में चुनावों को लेकर न ही कोई बहिष्कार का आह्वान है और न ही कोई आतंकी धमकी। फिर भी मतदान और सुरक्षा को लेकर गहरी चिंताएं हैं। इसे अब राजनीतिक दलों के अतिरिक्त सुरक्षाधिकारी भी प्रकट करने लगे हैं।

कश्मीर की तीन महत्वपूर्ण लोकसभा सीटों के लिए 13 मई से श्रीनगर संसदीय सीट पर शुरू होने वाले बड़े पैमाने पर प्रदर्शन का मंच तैयार है, इसलिए चुनाव मैदान में उतरी पार्टियां बहिष्कार के आह्वान के अभाव में रिकार्ड मतदान की उम्मीद कर रही हैं और किसी भी तरह का कोई डर नहीं है। पर अंदरखाने हिंसा में आती तेजी उन्हें डराती जरूर थी।

**जागरूकता अभियान, खेल प्रतियोगिताओं और सामुदायिक सहभागिता सहित विभिन्न पहल लागू**

राजनीतिक दल स्वीकार करते हैं कि पथराव अब सबसे निचले स्तर पर आ गया है, जबकि सड़क हिंसा लगभग गायब हो गई है, उनका कहना है कि इस कारक को बहिष्कार की बेड़ियों को तोड़ने और बड़ी संख्या में मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक आकर्षित करने में मदद करनी चाहिए। अनुच्छेद 370 हटने के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव होगा और इसमें अलगाववादियों का कोई हस्तक्षेप नहीं है। कश्मीर में 2019 के लोकसभा चुनावों में बारामुल्ला, श्रीनगर और अनंतनाग में उल्लेखनीय रूप से कम भागीदारी देखी गई, जिसमें पिछले तीन चुनावों की तुलना में सबसे कम मतदान हुआ। इसके जवाब में, कश्मीर में चुनाव कार्यालय ने अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद बदले हुए माहौल का लाभ उठाते हुए, उच्च मतदाता भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कई जागरूकता अभियान शुरू किए हैं। कश्मीर के दस जिलों के बारे में प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि विशेष रूप से दक्षिण कश्मीर में लगातार कम मतदान दर्ज किया गया। इसके विपरीत, कुपवाड़ा, बांडीपोरा और बारामुल्ला जैसे पाकिस्तान की सीमा से लगे जिलों में अपेक्षाकृत अधिक मतदाता भागीदारी देखी गई है। 1990 के बाद से, इस क्षेत्र में चुनावों पर आतंकवादी गतिविधियों और पाकिस्तान प्रायोजित व्यवधानों का साया रहा है, जिसके कारण व्यापक चुनाव बहिष्कार हुआ है। हिंसा की लगातार धमकियों और अलगाववादियों और आतंकवादी समूहों के बहिष्कार के आह्वान ने ऐतिहासिक रूप से मतदान प्रतिशत को बाधित किया है।

हालांकि, विशेषज्ञ अब स्थिति में बदलाव देख रहे हैं, अलगाववादी गतिविधियों की समाप्ति और पथराव जैसी घटनाओं में गिरावट आई है। आतंकवादी संगठनों और अलगाववादी दलों पर कड़ी कार्रवाई के साथ, चुनाव बहिष्कार के आह्वान का उल्लेखनीय अभाव रहा है। इस नई शांति ने मतदाता भागीदारी बढ़ाने के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। इसने प्रशासन को सभी जिलों में व्यापक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। मतदाताओं को एकजुट करने और मजबूत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान, खेल प्रतियोगिताओं और सामुदायिक सहभागिता सहित विभिन्न पहल लागू की जा रही हैं। राजनीतिक विश्लेषक आगामी चुनावों को कश्मीरियों के लिए केंद्र सरकार के फैसलों, खासकर 2019 के बाद से की गई कार्रवाइयों के खिलाफ असंतोष व्यक्त करने के अवसर के रूप में देखते हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती और नेकां प्रमुख उमर अब्दुल्ला मतदाताओं से विरोध करने के लिए अपने मतपत्रों का उपयोग करने का आग्रह करने में मुखर रहे हैं। यह भी सच हे कि अतीत में श्रीनगर में लगातार कम मतदान दर्ज किया गया है। यह इन क्षेत्रों में मतदाताओं को एकजुट करने में एक चुनौती के रूप में उभरता है। हालाँकि, विभिन्न आउटरीच कार्यक्रमों और जागरूकता अभियानों के माध्यम से छात्रों और आम जनता सहित आबादी के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास चल रहे हैं।

# पहली बार 1984 में समस्तीपुर लोकसभा चुनाव हार गए अजेय योद्धा रहे कर्पूरी ठाकुर

**पटना,** 11 मई (एजेंसियां)। बिहार की सियासत के अजेय योद्धा रहे जननायक कर्पूरी ठाकुर को वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में इंदिरा गांधी की हत्या से कांग्रेस के प्रति सहानुभूति लहर में पहली बार हार का सामना करना पड़ा था। कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को समस्तीपुर जिले के पितौनझियां गांव में हुआ था। उन्हें विरासत में अभाव और गरीबी मिली, उन्हें दो जून की रोटी के लिए संघर्ष करना पड़ता था। कर्पूरी ठाकुर ने 1942 के आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। वह आजाद दस्ते में शामिल हो गए और परिवार की आर्थिक कठिनाइयों को देखते हुए शिक्षक की नौकरी भी कर ली। वह मिडिल स्कूल की हेडमास्टर बने और आजाद दस्ते का कामकाज भी करते रहे।

एक बार समस्तीपुर के कृष्ण टॉकीज हॉल में एक सभा चल रही थी। इस सभा में जब कर्पूरी ठाकुर को बोलने का मौका मिला तो उन्होंने कहा कि 'हमारे देश की आबादी इतनी अधिक है कि केवल थूक देने भर से अंग्रेजी राज्य बह जाएगा।' इस भाषण के जरिए युवा कर्पूरी ने ब्रिटिश हुकूमत को चुनौती दी। उनको एक दिन का कारावास और 50 रुपए जमा कराने की सजा सुनाई गई। इस तरह कर्पूरी ठाकुर ने आजादी के आंदोलन में दस्तक दी। आजादी के बाद कर्पूरी ठाकुर ने वर्ष 1952 में समस्तीपुर जिले के ताजपुर से सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की। उन्हीं दिनों की बात है कि ऑस्ट्रिया जाने वाले एक प्रतिनिधिमंडल में उनका चयन हुआ था। तब उनके पास पहनने के लिए कोट नहीं था। इस पर उन्होंने दोस्त से कोट उधार लिया। दुर्भाग्य से यह फटा हुआ निकला। वही कोट पहनकर कर्पूरी विदेश चले गए। यूगोस्लाविया के प्रमुख मार्शल टीटो ने जब उनका फटा कोट देखा तो उन्हें गिफ्ट में नया कोट दिया।



**वर्ष 1980 में कर्पूरी ठाकुर समस्तीपुर के विधायक बने**

ठाकुर इसके बाद लगातार वर्ष 1957, 1962, 1967, 1969, 1971 तक ताजपुर से विधायक बनें। वर्ष 1977 में ठाकुर ने पहली बार समस्तीपुर से लोकसभा का चुनाव लड़ा और इस बार भी उन्हें जीत मिली। मुख्यमंत्री बनने के बाद कर्पूरी ठाकुर को छह महीने के अंदर विधानसभा या विधान परिषद का सदस्य बनना अनिवार्य था। देवेंद्र प्रसाद यादव पहली बार विधायक बने थे। उन्होंने अपनी जीती सीट फुलपरास, कर्पूरी ठाकुर के लिए छोड़ने का फैसला किया। उपचुनाव में जनता पार्टी उम्मीदवार कर्पूरी ठाकुर ने कांग्रेस के राम जयपाल सिंह यादव को पराजित किया और विधायक बन गए। उन दिनों को याद करते हुए अब्दुल बारी सिद्दीकी ने एक बार बताया था कि उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जैसा नेता नहीं देखा। उनकी कथनी और करनी में एकरूपता थी। वे जो कहते उसे पूरा जरूर करते। बात 1977 की है। मैं बहेरा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहा था। कर्पूरी जी ने सहयोग के रूप में मुझे दो सौ रुपए दिए।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 2.80 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.63 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 2.45 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 2.28 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.88 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 1.62 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.95 प्रतिशत |
| विप्रो | 0.79 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.74 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.73 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## ड्रोन दीदी के लिए महिंद्रा, कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय की साझेदारी

- 15 हजार महिलाओं को ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षित करना है लक्ष्य
- हैदराबाद व नोएडा में दो एनएसटीआई को पायलट कार्यक्रम के लिए चुना गया



**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। कृषि उपकरण निर्माता कंपनी और ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने ड्रोन दीदी योजना के तहत दो पायलट परीक्षण करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ एक समझौता किया है।

कंपनी ने कहा कि इस साल के आरंभ में शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य 15,000 महिलाओं को उर्वरक बुआई, फसल निगरानी और बीज बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षित करना है, जिससे नई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कौशल प्रदान करके महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा हो सके। इस साझेदारी के तहत, महिंद्रा और एमएसडीई हैदराबाद और नोएडा में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में 500 महिलाओं को कौशल प्रदान करने के लिए दो पायलट कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसमें केवल 20 महिलाओं वाले विशेष बैच होंगे। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित 15-दिवसीय पाठ्यक्रम इन केंद्रों पर आरपीटीओ (रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन) प्रशिक्षकों के माध्यम से वितरित किया जाएगा। महिंद्रा ग्रुप के ग्रुप सीईओ और एमडी डॉ. अनीश शाह ने कहा कि हमारे इस उदयोन्मुखी दर्शन के अनुरूप, महिंद्रा ग्रुप महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें वर्कफोर्स में शामिल होने और आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान किया जाएगा। ड्रोन दीदी योजना के तहत अपनी तरह का पहला पायलट कार्यक्रम कृषि और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महिलाओं को अपनाने के लिए उनका प्रतिनिधित्व करता है। हम जमीनी स्तर पर महिलाओं को प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण प्रदान करने और यह सुनिश्चित करते हुए बेहद प्रसन्न हैं कि भविष्य के लिए एग्रीकल्चर सेक्टर पूरी तरह से तैयार है।

> हमारे इस उदयोन्मुखी दर्शन के अनुरूप महिंद्रा ग्रुप महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है : **डॉ. अनीश शाह**

एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी कहते हैं कि हम व्यापक प्रशिक्षण के लिए उनकी कृषि विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। कृषि में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ हैदराबाद और नोएडा में दो एनएसटीआई को पायलट कार्यक्रम के लिए चुना गया है।

राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं को कुशल बनाने का हमारा यह मिशन, विशेष रूप से उभरते व्यवसायों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ड्रोन दीदी कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से यह सहयोग आगे भी बरकरार रहेगा।

## वित्त वर्ष 24 में राजकोषीय घाटा उम्मीद से बेहतर



- बजट में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का लगाया था अनुमान

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2024 में केंद्र का राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपए के अनुमान से कुल मिलाकर थोड़ा बेहतर रहने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024 के लिए सरकार ने संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य कम करके जीडीपी का 5.8 प्रतिशत कर दिया था।

बजट में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था, जिसकी तुलना में संशोधित अनुमान कम है। लेखा महानियंत्रक के आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2024 में अप्रैल से फरवरी के बीच भारत का राजकोषीय घाटा 15.01 लाख करोड़ रुपए या पूरे साल के संशोधित अनुमान 17.34 लाख करोड़ रुपए का 86.5 प्रतिशत है। सूत्रों ने कहा कि कुछ अतिरिक्त कर प्राप्तियों और कुछ गैर कर प्राप्तियों की वजह से राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सुधारने में मदद मिली है।'

राजकोषीय उतार-चढ़ाव की राह पर चल रही सरकार चाहती है कि वित्त वर्ष 2026 तक राजकोषीय घाटा कम होकर जीडीपी का 4.5 प्रतिशत हो जाए। वित्त वर्ष 2025 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रखा गया है। वित्त वर्ष 2024 के राजकोषीय घाटे का आंकड़ा सरकार 31 मई को जारी करेगी। सूत्रों ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान सरकार का पूंजीगत व्यय भी अनुमान के मुताबिक और पटरी पर रहा है। सूत्रों ने कहा, 'यह संशोधित अनुमान में की तुलना में कम नहीं रहा है।'

## एक महीने से तेज हैं दलहन व सब्जियों के दाम

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। दलहन और आलू जैसी कुछ सब्जियों की कीमत पिछले एक महीने से अधिक बनी हुई है। इसकी वजह आपूर्ति में व्यवधान है।



- गर्म हवाओं की वजह से आपूर्ति पर पड़ रहा असर

देश के कुछ इलाकों में तेज गर्मी पड़ने की वजह से सब्जियों की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

कारोबारियों और बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी सब्जियों की कीमत उच्च स्तर पर बनी रहेगी क्योंकि गर्म हवाओं की वजह से आपूर्ति पर असर पड़ेगा। दिल्ली की आजादपुर मंडी में कम आपूर्ति के कारण आलू की कीमत करीब 19 प्रतिशत बढ़ी है। इसकी वजह खड़ी फसलें खराब होने के कारण कम आपूर्ति है। क्रिसिल की बुधवार को आई रिपोर्ट में कहा गया है कि टमाटर, आलू और प्याज की कीमत पिछले साल की समान अवधि की तुलना में ज्यादा होने के कारण अप्रैल में शाकाहारी थाली की कीमत बढ़ी है।

## अप्रैल में चीन के सीपीआई में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि

**बीजिंग,** 11 मई (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने 11 मई को डेटा जारी किया कि अप्रैल में, चीनी निवासियों की उपभोग मांग में सुधार जारी रहा। चीन में राष्ट्रीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले महीने से 0.2 प्रतिशत अंक की वृद्धि है।

अप्रैल में, चीन की सीपीआई में महीने-दर-महीने 0.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले महीने इसमें 1.0 प्रतिशत की कमी हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में, चीन की खाद्य उत्पादों की कीमतों में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 2.7 प्रतिशत की गिरावट आई और यह गिरावट दर पिछले महीने के समान है। खाद्य पदार्थों में, अंडे, बीफ, ताजे फल, मटन और पोल्ट्री की कीमतों में अलग-अलग तौर पर 12.4 प्रतिशत, 10.4 प्रतिशत, 9.7 प्रतिशत, 6.8 प्रतिशत व 2.6 प्रतिशत की गिरावट आई, जो सब कटौती दरें अधिक रहीं।



वहीं, पोर्क और ताजी सब्जियों की कीमतों में क्रमश: 1.4 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले महीने में अलग-अलग तौर पर 2.4 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की कमी आई थी। अप्रैल में, चीन की गैर-खाद्य उत्पादों की कीमतों में पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह वृद्धि दर पिछले महीने की तुलना में 0.2 प्रतिशत अंक अधिक है। इनमें ऊर्जा की कीमतों में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2.3 प्रतिशत अंक की वृद्धि है। जबकि सेवाओं की कीमतों में 0.8 प्रतिशत का इजाफा दर्ज हुआ और यह वृद्धि दर पिछले महीने के समान है।

अप्रैल में, चीन के औद्योगिक उत्पादन में सुधार जारी रहा और कुछ व्यवसायों में मांग धीरे-धीरे गिर गई। चीन में राष्ट्रीय औद्योगिक उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) में पिछले साल की इसी अवधि से 2.5 प्रतिशत की गिरावट हुई और यह गिरावट दर पिछले महीने से 0.3 प्रतिशत अंक की कमी है। यह महीने-दर-महीने 0.2 प्रतिशत गिर गई और गिरावट दर पिछले महीने की तुलना में 0.1 प्रतिशत अंक बढ़ी है।

### सार संक्षेप

#### कंपनी मोशनल ने 550 कर्मचारियों को किया बर्खास्त

**सैन फ्रांसिस्को।** ऑटोनॉमस व्हीकल टेक्नोलॉजी कंपनी मोशनल ने अमेरिका में लगभग 550 कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, वर्कर एडजस्टमेंट एंड रिट्रेनिंग नोटिफिकेशन (डब्ल्यूएआरएन) के अनुसार, बर्खास्त कर्मचारियों में से लगभग 145 कर्मचारी पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग शहर में काम करते थे। टेकक्रंच की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी कमर्शियल संचालन रोक रही है और रोबोटैक्सी सेवा शुरू करने की योजना में देरी कर रही है। मोशनल की हर एक टीम प्रभावित हुई है, जिसमें मुख्य परिचालन अधिकारी आबे घेबरा भी शामिल हैं। मोशनल के रिमोट वाहन सहायता प्लेटफॉर्म पर काम करने वाली टीम में भारी कटौती की गई है। मोशनल हुंडई मोटर ग्रुप और ऑटो पार्ट्स सप्लायर एप्टिव के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

#### यूनियन बैंक का मुनाफा 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने इस वर्ष मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में 3311 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2782 करोड़ रुपए की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज यहां जारी वित्तीय लेखोजोखा में कहा कि मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 9437 करोड़ रुपए रही है जो वित्त वर्ष 2022-23 की अंतिम तिमाही की 8251 करोड़ रुपए की आय की तुलना में 2.93 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में 13648 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8433 करोड़ रुपए के लाभ की तुलना में 62 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में बैंक की शुद्ध ब्याज आय मार्च 2023 में समाप्त वित्त वर्ष की 32765 करोड़ रुपए की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में 11.61 प्रतिशत बढ़कर 36570 करोड़ रुपए हो गई। इस दौरान सकल एनपीए 277 आधार अंक सुधार कर 4.76 प्रतिशत पर और शुद्ध एनपीए 67 आधार अंक कम होकर 1.03 प्रतिशत पर आ गया।

#### कम उत्पादन व गिरते मूल्य से चाय संघ चिंतित

**नई दिल्ली।** भारतीय चाय उद्योग की चिंताएं कम उत्पादन के साथ गिरते दाम से बढ़ गई हैं। नामचीन निकाय भारतीय चाय संघ (आईटीए) ने बताया कि असम की ब्रह्मपुत्र घाटी और पश्चिम बंगाल में बढ़ते तापमान और अपर्याप्त बारिश के कारण उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ा है। इसके अलावा अप्रैल के पूरे महीने में असम की बराक घाटी के कई चाय बागानों में तेज हवा के साथ बारिश और ओले पड़ने से क्षेत्र में दूसरे सत्र के उत्पादन और कुल उत्पादन घटने की चिंताएं हैं। संघ ने टी बोर्ड के आंकड़ों के हवाले से कहा कि जनवरी-मार्च 2024 के दौरान उत्तर भारत में चाय का उत्पादन 2.1 करोड़ किलोग्राम और पूरे देश में उत्पादन 1.3 करोड़ किलोग्राम से अधिक गिरा है।

## नेटवेब टेक्नोलॉजी ने फरीदाबाद में शुरू किया कंप्यूटिंग सर्वर व स्टोरेज विनिर्माण

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। नेटवेब टेक्नोलॉजीज ने फरीदाबाद में उन्नत कंप्यूटिंग सर्वर, स्टोरेज और स्विच विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया।

उद्घाटन समारोह में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के सचिव एस कृष्णन मुख्य अतिथि थे। नेटवेब टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय लोढ़ा ने इस अवसर पर कंपनी की इस इकाई और कंपनी के लक्ष्यों की जानकारी दी। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है यह उसकी ओर से 'मेक इन इंडिया' पहल में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस इकाई में आज से व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो गया। कंपनी ने कहा कि यह भारत की बढ़ती विनिर्माण क्षमता को प्रदर्शित करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'इस सुविधा में उच्च-स्तरीय सर्वर, स्टोरेज और स्विच के लिए पीसीबी डिजाइन, विनिर्माण और एसएमटी लाइन शामिल है, जो उन्नत विनिर्माण कौशल का प्रदर्शन करती है।'

कंपनी ने कहा है कि इस यूनिट में सैकड़ों स्थानीय लोगों को नौकरियां मिलने और क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। सचिव कृष्णन ने कहा, ' इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तकनीकी नवप्रवर्तन और विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम ऐसे प्रयासों का समर्थन करने वाली नीतियों के समय पर कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने और सुनिश्चित करने के लिए तैयार हैं।

> इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तकनीकी नवप्रवर्तन और विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है : **एस कृष्णन**

### आईटी हार्डवेयर पीएलआई के तहत 17 कंपनियां इस साल शुरू करेंगी उत्पादन

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस कृष्णन ने कहा कि आईटी हार्डवेयर उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चुने गए पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर विनिर्माताओं में से ज्यादातर के इस साल उत्पादन शुरू करने की उम्मीद है। कृष्णन ने यहां नेटवेब टेक्नोलॉजीज की एक नई अत्याधुनिक कंप्यूटिंग सर्वर विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के मौके पर अलग से बातचीत में कहा, 27 पीएलआई कंपनियों में से लगभग 17 इस साल उत्पादन शुरू कर देंगी। उनमें से लगभग छह-सात ने पिछले साल उत्पादन शुरू किया था और दो ने अगले साल उत्पादन शुरू करने की योजना बनाई है। सरकार ने नवंबर, 2023 में आईटी हार्डवेयर के लिए नई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के तहत डेल, एचपी, फॉक्सकॉन, लेनोवो, नेटवेब टेक्नोलॉजीज सहित 27 कंपनियों के आवेदन को मंजूरी दी थी। आईटी हार्डवेयर योजना के तहत जिन बड़े नामों को मंजूरी दी गई है उनमें फ्लेक्सट्रॉनिक्स, वीवीडीएन और ऑप्टिमस शामिल हैं। जिन अन्य आवेदकों को हरी झंडी मिली है उनमें पैडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स, एसओजेओ मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज, गुडवर्थ, नियोलिन्क, सिरमा एसजीएस, मेगा नेटवर्क्स, पैनाचे डिजीलाइफ और आईटीआई लि. शामिल हैं। कृष्णन ने 10,372 करोड़ रुपए के भारत एआई मिशन के बारे में कहा कि इसमें घरेलू कंपनियों को प्राथमिकता मिलेगी।

## सबसे ज्यादा यूएई जाते हैं भारतीय कामगार

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) की ताजा वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट 2024 के मुताबिक भारत के प्रवासियों के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। आईओएम द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि साल 2020 में 34.7 लाख भारतीय संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे थे। दूसरे स्थान पर अमेरिका में 27 लाख और सऊदी अरब में 25 लाख लोग रह रहे थे।

> वर्ष 2020 में 34.7 लाख भारतीय रह रहे थे यूएई में

वैश्विक स्थिति देखें तो मैक्सिको के करीब 1.1 करोड़ लोग अमेरिका में रह रहे हैं। इसके बाद सीरियाई अरब गणराज्य से लेकर तुर्की और रूस से लेकर यूक्रेन गलियारे का स्थान है, जो बड़े पैमाने पर नागरिक अशांति और जंग की वजह से लोगों के विस्थापन के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि रिपोर्ट में यह नहीं दिखाया गया है कि किस देश के लोग भारत में सबसे ज्यादा धन भेजते हैं। विश्व प्रवासन रिपोर्ट मंगलवार को जारी हुई, जो आईओएम द्वारा साल 2000 से हर दो साल पर जारी होती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पिछले 50 साल से ज्यादा समय से विश्व की आबादी में अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों की संख्या बढ़ी है। 1970 में कुल आबादी में प्रवासियों की हिस्सेदारी 2.3 फीसदी (8.4 करोड़) ही थी, जो 2020 के मध्य में बढ़कर 3.6 फीसदी हो गई है। इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को 2022 में रेमिटेंस (प्रवासियों द्वारा भेजे गए धन) से 111 अरब डॉलर से अधिक मिले हैं।

## खाद्य तेलों व दाल दलहन सहित सभी जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे। पाम ऑयल, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, उड़द दाल, चना, दाल चना, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6300-6400, दाल चना 7300-7400, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 10500-10600, उड़द दाल 12500-12600, अरहर दाल 11200-11300 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## वैश्विक कंपनियों के लिए बड़ा उत्पादन केंद्र बनने की राह पर भारत

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। यूरोप और अमेरिका की कंपनियां चीन पर निर्भरता कम कर रही हैं और अपने कारखानों को उभरते बाजारों में ले जाना चाहती हैं। इस वजह से, भारत उनके लिए सबसे पसंदीदा निवेश स्थल बन गया है। एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में निवेश करने वाली 759 कंपनियों के 65प्रतिशत वरिष्ठ अधिकारी पिछले तीन सालों के मुकाबले 50प्रतिशत ज्यादा निवेश करने की सोच रहे हैं।

भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया और अफ्रीका से आगे निकल चुका है, जो निवेश के लिए आकर्षक विकल्प बने हुए हैं। ये आंकड़े बताते हैं कि भारत वैश्विक कंपनियों के लिए एक बड़ा उत्पादन केंद्र बनने की राह पर है। कैपजेमिनी की एक रिपोर्ट का अनुमान है कि अगले तीन सालों में यूरोप और अमेरिकी कंपनियां उभरते बाजारों में 3.4 ट्रिलियन डॉलर तक का पुन: औद्योगिकीकरण निवेश करेंगी। इस रिपोर्ट के मुताबिक 58प्रतिशत से ज्यादा अधिकारी सप्लाई चेन के जोखिम को कम करने के लिए भारत जैसे देशों में निवेश की योजना बना रहे हैं।



> चीन की अपेक्षा भारत में निवेश बढ़ा रही अमेरिका व यूरोप की कंपनियां

ये कंपनियां अपने कारखाने, गोदाम और लॉजिस्टिक्स सेंटर जैसे अहम ठिकानों को उभरते बाजारों में ट्रांसफर करेंगी। ये सर्वे 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा सालाना कमाई वाली कंपनियों के 1300 से ज्यादा अधिकारियों पर किया गया था। कैपजेमिनी की रिपोर्ट बताती है कि एप्पल जैसे बड़ी कंपनियों के सप्लायर्स पिछले पांच सालों में चीन से बाहर निकलने की राह पर हैं और 16 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश कर चुके हैं। इनमें फॉक्सकॉन जैसी दिग्गज कंपनियां भी शामिल हैं, जिन्होंने अपनी कुछ फैक्ट्रियों को भारत में लगा लिया है।

बीएमडब्ल्यू ने भी भारत में निवेश बढ़ाकर 'चीन प्लस' रणनीति अपनाई है। ये कंपनियां भारत के स्किल्ड कारीगरों और कारोबार के लिए अनुकूल माहौल का फायदा उठा रही हैं। रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका-चीन तनाव की वजह से भी कंपनियां चीन से बाहर निकल रहीं हैं और उम्मीद है कि अगले तीन सालों में 23 फीसदी मैन्युफैक्चरिंग का काम 'फ्रेंडशोरिंग' हो जाएगा, यानी उन देशों में ट्रांसफर कर दिया जाएगा जिनसे अमेरिका के अच्छे संबंध हैं। भारत की तरह दूसरे देश भी अब घरेलू मैन्युफैक्चरिंग पर जोर दे रहे हैं, जिससे भविष्य में आयात कम होगा और रिपोर्ट के मुताबिक अगले तीन सालों में ऑफशोरिंग घटकर 49 फीसदी पर पहुंच जाएगी।

# खेल जगत

## शुभमन गिल पर लगा 24 लाख का जुर्माना

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। बीसीसीआई/आईपीएल के बयान में कहा गया है, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का दूसरा अपराध था, गिल पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 6 लाख रुपए या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया। कप्तान शुभमन गिल और बी. साई सुदर्शन ने चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी आक्रमण पर शानदार हमला करते हुए शतक जमाकर गुजरात टाइटंस को चेन्नई सुपर किंग्स पर 35 रन की आसान जीत दिलाई।



# जेम्स एंडरसन लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के पहले टेस्ट के बाद संन्यास लेंगे

**लंदन,** 11 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने घोषणा की है कि वह 10 जुलाई से लार्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले अपने आगामी घरेलू समर के पहले टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। 41 वर्षीय एंडरसन इस साल की शुरुआत में धर्मशाला में इंग्लैंड के भारत दौरे के पांचवें और अंतिम मैच के दौरान शेन वार्न और मुथैया मुरलीधरन के बाद 700 टेस्ट विकेट के आंकड़े तक पहुंचने वाले तीसरे गेंदबाज बने - किसी भी तेज गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक। ब्रिटिश मीडिया के विभिन्न वर्गों में रिपोर्टें सामने आईं कि इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम ने टेस्ट में देश के अग्रणी विकेट लेने वाले एंडरसन को 2025-26 में एशेज के मद्देनजर भविष्य के लिए एक टीम बनाने के लिए संन्यास लेने के लिए कहा है। हेलो। बस यह कहने के लिए एक नोट है कि लॉर्ड्स में गर्मियों का पहला टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा। अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए, उस खेल को खेलते हुए, जो मुझे बचपन से पसंद है, अविश्वसनीय 20 साल रहे हैं। एंडरसन ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि मैं



इंग्लैंड के लिए खेलना बहुत मिस करूंगा। लेकिन मुझे पता है कि अलग हटने और दूसरों को उनके सपनों को साकार करने देने का समय आ गया है, जैसा कि मैंने किया क्योंकि इससे बड़ी कोई भावना नहीं है। एंडरसन ने 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया और अब तक इस प्रारूप में 187 कैप अर्जित किए हैं, जो एक इंग्लैंड के लिए एक रिकॉर्ड भी है। वह सर्वकालिक टेस्ट मैचों की सूची में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने भारत के लिए 200 टेस्ट खेले हैं। डेनिएला, लोला, रूबी और मेरे माता-पिता के प्यार और समर्थन के बिना मैं यह नहीं कर पाता। उन्हें बहुत बहुत धन्यवाद, साथ ही, उन खिलाड़ियों और कोचों को भी धन्यवाद जिन्होंने इसे दुनिया का सर्वश्रेष्ठ काम बनाया है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए उत्साहित हूं, साथ ही अपने दिनों को और भी अधिक गोल्फ से भरने के लिए उत्साहित हूं। उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है, यह हमेशा बहुत मायने रखता है, भले ही अक्सर मेरे चेहरे पर यह दिखाई न दे। टेस्ट में मिलते हैं।

> मैं इंग्लैंड के लिए खेलना बहुत मिस करूंगा। लेकिन मुझे पता है कि अलग हटने और दूसरों को उनके सपनों को साकार करने देने का समय आ गया है, जैसा कि मैंने किया क्योंकि इससे बड़ी कोई भावना नहीं है : जेम्स एंडरसन

# साई सुदर्शन के बारे में कुछ और बात करने की जरूरत है : ग्रीम स्मिथ

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन ने चेन्नई सुपर किंग्स पर टीम की 35 रनों की जीत में अपने साथी शतकवीर शुभमन गिल के साथ अपना पहला आईपीएल शतक लगाया, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने कहा कि बाएं हाथ के बल्लेबाज के बारे में कुछ और बात करने की जरूरत है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुक्रवार की रात, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज रिद्धिमान साहा के चोटिल होने के कारण बाहर होने के बाद सुदर्शन ने बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए 201.96 के स्ट्राइक-रेट से पांच चौके और सात छक्के लगाए और शानदार 103 रन बनाए, जो उनका पहला आईपीएल शतक था। उन्होंने गिल के साथ 210 रन की ओपनिंग साझेदारी भी की और क्विंटन डी कॉक और के.एल. राहुल, जिन्होंने आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले विकेट के लिए 210 रन जोड़े थे, के आईपीएल ओपनिंग स्टैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की। सुदर्शन अब 12 मैचों में 47.91 के औसत से 527 रन के साथ चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। स्मिथ ने जियोसिनेमा पर कहा कि मैंने सोचा था कि मैथ्यू वेड पारी की शुरुआत करेंगे और सुदर्शन तीसरे नंबर पर रहेंगे, लेकिन यह एक शानदार कदम साबित हुआ। साझेदारी उत्कृष्ट थी, बाएं हाथ - दाएं हाथ का संयोजन, वे विकेटों के बीच अच्छी तरह से दौड़े; उन्होंने अपने लक्ष्य चुने, और उनका मैचअप बिल्कुल उत्कृष्ट था। सुदर्शन इस सीज़न में जीटी के लिए अग्रणी रन-स्कोरर हैं, छह पारियों के अंतर के साथ एक हजार आईपीएल रन बनाने वाले सबसे तेज़ भारतीय हैं, और उनके द्वारा यह एक शानदार शतक था।

## गिल-सुदर्शन की बल्लेबाजी से हैरान रह गए फ्लेमिंग

**अहमदाबाद,** 11 मई (एजेंसियां)। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल और बी. साई सुदर्शन के उच्च क्षमता वाले बल्लेबाजी प्रदर्शन से आश्चर्यचकित थे, जिन्होंने शानदार आक्रमण करते हुए मेजबान टीम को चेन्नई पर जीत दिलाई। गुजरात ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 35 रन की आसान जीत दर्ज की। गिल ने 189.09 की स्ट्राइक रेट से नौ चौके और छह छक्के लगाकर 104 रन बनाए, जो अहमदाबाद में उनका चौथा आईपीएल शतक था। दूसरी ओर, रिद्धिमान साहा के चोट लगने के कारण आउट होने के बाद सुदर्शन ने बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए 201.96 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और सात छक्के लगाकर 103 रन बनाए, जो उनका पहला आईपीएल शतक था। गिल और सुदर्शन के बीच 210 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप ने क्विंटन डी कॉक और के.एल. राहुल, जिन्होंने आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले विकेट के लिए 210 रन जोड़े थे, के बीच सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी के रिकॉर्ड की बराबरी की। फ्लेमिंग ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह एक अच्छा आक्रमण था और बल्लेबाजी उच्चतम क्षमता की थी। पहले ओवर से ही उन्होंने हमारी योजनाओं को बाधित कर दिया। बाद के चरणों तक हम कुछ नियंत्रण नहीं पा सके।



## पंत नहीं खेल पाएंगे आरसीबी के खिलाफ मुकाबला

**बेंगलुरु,** 11 मई (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह एक बड़ा झटका है, कप्तान और बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल 2024 टूर्नामेंट में तीसरी बार धीमी ओवर गति के अपराध के लिए मैच निलंबन के कारण रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम के आगामी मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। आईपीएल ने शनिवार को अपने बयान में कहा कि डीसी ने 7 मई को अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स पर 21 रन की जीत के दौरान सीजन की तीसरी धीमी ओवर गति का अपराध दर्ज किया। आरआर की पारी के आखिरी ओवर से पहले, डीसी के पारी के टाइमर पर दस मिनट कम पाए गए, जिसका मतलब था कि वे इन-गेम धीमी ओवर गति के दंड के अनुसार 30-यार्ड सर्कल के बाहर केवल चार क्षेत्ररक्षकों को मैदान में रख सकते थे। ओवर-रेट अपराधों के लिए आईपीएल आचार संहिता के तहत, पंत पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया, जिसका मतलब है कि पूरी संभावना है कि वह रविवार को आरसीबी के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले महत्वपूर्ण मैच में नहीं खेल पाएंगे, यह मैच आईपीएल 2024 प्लेऑफ़ में प्रवेश की दौड़ के संदर्भ में दिल्ली के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 8 के अनुसार, डीसी ने मैच रेफरी के फैसले को चुनौती देते हुए एक अपील दायर की।




# डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने के बाद 'खुश नहीं' हूं : नीरज चोपड़ा




डायमंड लीग इवेंट

> ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगा कि मैं 88 मीटर से आगे फेंक सकता हूं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ : नीरज चोपड़ा

**दोहा,** 11 मई (एजेंसियां)। ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा साल के अपने पहले डायमंड लीग इवेंट की भाला फेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहने के बाद खुश नहीं हैं। भारतीय स्टार ने दोहा में अपने छठे और अंतिम प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया, लेकिन केवल 0.2 मीटर से शीर्ष स्थान से चूक गए। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 88.36 मीटर था और वह चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च से पीछे रहे, जो 88.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ पहले स्थान पर रहे। नीरज ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगा कि मैं 88 मीटर से आगे फेंक सकता हूं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं इस बात से खुश हूं कि मैं अपने थ्रो में सुसंगत था, लेकिन अपने प्रयासों में नहीं। मेरा पहला थ्रो बहुत खराब (फाउल) था। यह मेरी पहली प्रतियोगिता है, अच्छी बात यह है कि मेरा शरीर चरम पर नहीं होने के बावजूद (मुझे नहीं पता कि किस कारण से), मैं 88 मीटर फेंक सका। आगे और भी प्रतियोगिताएं आने वाली हैं, मैं कड़ी मेहनत करूंगा और अगली प्रतियोगिता की तैयारी करूंगा। मैं पेरिस ओलंपिक से पहले तीन से चार प्रतियोगिताएं खेलूंगा। हालाँकि, नीरज 90 मीटर थ्रो को हासिल करने को लेकर आश्वस्त रहे। उन्होंने कहा कि आज मुझे लगा कि मैं यह कर सकता हूं, लेकिन कहीं न कहीं मैं नहीं कर सका। शायद भगवान चाहते हैं कि मैं इसे कहीं और करूं। लेकिन मैं अपने लगातार प्रदर्शन से खुश हूं और मैं 90 मीटर से अधिक फेंकूंगा। जैकब के साथ अपनी बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के बारे में बात करते हुए, जो टोक्यो ओलंपिक में नीरज से पीछे रहे और यूजीन विश्व चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर गिर गए, जिसमें भारतीय ने रजत पदक छीन लिया, नीरज ने कहा कि जैकब के साथ यह एक अच्छी प्रतिस्पर्धा थी, मैं बस 2 सेमी पीछे था।

## टूर्नामेंट के शेष भाग के लिए जीटी टीम में सुशांत मिश्रा की जगह गुरनूर बराड़ शामिल

**अहमदाबाद,** 11 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 चैंपियन गुजरात टाइटंस ने शनिवार को कहा कि उन्होंने आईपीएल 2024 के बाकी मैचों के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सुशांत मिश्रा के स्थान पर तेज गेंदबाज गुरनूर सिंह बराड़ को साइन किया है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज, छह फीट और पांच इंच लंबे हैं और उन्हें हिट-द-डेक तेज गेंदबाज के रूप में जाना जाता है। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में पांच प्रथम श्रेणी मैचों और एक लिस्ट-ए मैच में पंजाब का प्रतिनिधित्व किया है। 2023 के आईपीएल में, घायल ऑलराउंडर राज अंगद बावा के प्रतिस्थापन के रूप में चुने जाने के बाद, उन्होंने पंजाब किंग्स के लिए एक अकेला मैच खेला। उन्होंने आईपीएल 2024 के लिए 50 लाख रुपये के आरक्षित मूल्य पर जीटी टीम के साथ अनुबंध किया।

## सार संक्षेप

### इटालियन ओपन : जोकोविच ने मौटेट के खिलाफ पहले दौर में विजयी वापसी की

**रोम।** नोवाक जोकोविच ने इटालियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए फ्रांसीसी लकी लूजर कोरेंटिन मौटेट को हराकर टूर में विजयी वापसी की। पिछले महीने मोंटे-कार्लो सेमीफाइनल के बाद अपना पहला मैच खेल रहे सर्बियाई खिलाड़ी ने रोम में धीमी शुरुआत से उबरते हुए 6-3, 6-1 से जीत हासिल की। एक घंटे और छब्बीस मिनट के बाद, जोकोविच ने शुरुआती सेट में 1-3 के अंतर पर काबू पा लिया और दूसरे सेट में मौटेट के कोर्ट क्राफ्ट का प्रभावी ढंग से मुकाबला करके जीत हासिल की। अपने दूसरे लेक्सस एटीपी हेड-टू-हेड मैच में, जोकोविच ने मौटेट के खिलाफ लगातार हिट किया, जिससे फ्रांसीसी को अपनी क्षमताओं के साथ जोखिम लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, 98 बार के टूर-लेवल चैंपियन ने रोम में खेल के पहले दौर में 18-0 की बढ़त हासिल करने के लिए छह बार मौटेट की सर्विस तोड़ी।

### ओजस महलावत-अधिराज ने आईटीएफ जे-30 भुवनेश्वर टूर्नामेंट में युगल खिताब जीता

मोहाली। राउंडग्लास टेनिस अकादमी (आरजीटीए) के एथलीट प्रणील शर्मा ने एकल स्पर्धा में जीत हासिल की, जबकि ओजस महलावत और अधिराज ठाकुर की जोड़ी जे30 भुवनेश्वर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस जूनियर टूर 2024 के युगल वर्ग में विजयी हुई, जो भुवनेश्वर में आयोजित किया गया था। तीसरी वरीयता प्राप्त प्रणील ने शीर्ष वरीयता प्राप्त देबासिस साहू को सीधे सेटों में 6-4, 7-5 से हराकर खिताब का बचाव किया। सेमीफाइनल में उन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त शंकर हेइसनाम को तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 3-6, 6-2, 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनकी मुलाकात अपने युगल जोड़ीदार आदित्य मोर से हुई और जिसमें उन्होंने आदित्य को 7-6, 6-1 से हराया।

### निकहत जरीन को मिलेंगे हाई-टेक उपकरण, शरत कमल जर्मनी में लेंगे प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन को पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी के लिए उच्च तकनीकी (हाई-टेक) उपकरण उपलब्ध कराने अनुरोध और टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को जर्मनी में प्रशिक्षण को मंजूरी दे दी है। इन अत्याधुनिक उपकरणों में लेजर यूनिट-बीटीएल, एंकल रैप गेम रेडी, फुल लेग रैप गेम रेडी, हैंड रिस्ट रैप गेम रेडी और ट्रॉली बीटीएल लेजर यूनिट शामिल हैं।

# कोपा अमेरिका के लिए ब्राजील की टीम से बाहर हुए नेमार

**रियो डी जेनेरो,** 11 मई (एजेंसियां)। नेमार को घुटने की गंभीर चोट से उबरने के कारण कोपा अमेरिका के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है। देश के फुटबॉल परिसंघ ने यह जानकारी दी। नेमार ने अक्टूबर में अपने बाएं घुटने के क्रूसिएट लिगामेंट और मेनिस्कस के टूटने के बाद से नहीं खेला है और 32 वर्षीय नेमार के संयुक्त राज्य अमेरिका में 20 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए फिट होने की बहुत कम संभावना है। मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कासेमिरो और टोटेनहम हॉटस्पर के फॉरवर्ड रिचर्डसन भी चूक गए, जो अपने-अपने क्लबों में खराब फॉर्म और चोटों से जूझ रहे थे। जैसा कि अपेक्षित था, मैनेजर डोरिवल जूनियर ने अपनी 23 सदस्यीय टीम में रियल मैड्रिड जाने वाले पाल्मेरास के किशोर एंड्रिक को नामित किया। फारवर्ड, जो जुलाई में 18 साल का हो जाएगा, रियल मैड्रिड में शामिल हो जाएगा, उसने वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड पर 1-0 की जीत में और मार्च में सैंटियागो बर्नब्यू में स्पेन के खिलाफ 2-2 से ड्रा में ब्राजील के लिए गोल किया था। ब्राजील अपने कोपा अमेरिका अभियान की शुरुआत 24 जून को लॉस एंजेलिस में कोस्टा रिका के खिलाफ करेगा और ग्रुप चरण में पराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगा।



**ब्राज़ील टीम: गोलकीपर:** एलिसन (लिवरपूल), एडर्सन (मैनचेस्टर सिटी) बेंटो (एथलेटिको पैरानेंस)

**रक्षकों :** डैनिलो (जुवेंटस), यान कूटो (गिरोना), गुइलहेम अराना (एटलेटिको माइनिरो), वेंडेल (पोर्टो), बेराल्डो (पेरिस सेंट-जर्मेन), मार्क्विनहोस (पेरिस सेंट-जर्मेन), एडर मिलिटाओ (रियल मैड्रिड), गेब्रियल मैगलहेस (आर्सेनल)

मिडफील्डर : एंड्रियास परेरा (फुलहम), ब्रूनो गुइमारेस (न्यूकैसल), डगलस लुइज़ (एस्टन विला), जोआओ गोम्स (वॉल्वरहैम्प्टन), लुकास पाक्वेटा (वेस्ट हैम)

फॉरवर्ड: एंड्रिक (पालमीरास), इवानिलसन (पोर्टो), गेब्रियल मार्टिनेली (आर्सेनल), रफिन्हा (बार्सिलोना), सविन्हो (गिरोना), रोड्रिगो (रियल मैड्रिड), विनीसियस जूनियर (रियल मैड्रिड)।

## स्टब्स का खुलासा कि टीम साथी कुलदीप ने नेट्स में उन्हें गेंदबाजी करने से मना कर दिया

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां) दिल्ली कैपिटल्स के हरफनमौला खिलाड़ी ट्रिस्टन स्टब्स ने खुलासा किया है कि कुलदीप यादव नेट्स में उन्हें गेंदबाजी नहीं करते हैं। द ग्रेड क्रिकेटर पॉडकास्ट में ट्रिस्टन स्टब्स ने कहा कि वह मुझे गेंदबाजी नहीं करेगा, मैंने कई बार उसका सामना करने की कोशिश की है लेकिन वह मुझे गेंदबाजी नहीं करेगा। दक्षिण अफ्रीकी युवा खिलाड़ी ने 2024 आईपीएल के दौरान अपने लिए नाम कमाया है और हाल ही में शीर्ष चार की दौड़ में दिल्ली कैपिटल्स के पुनरुत्थान के पीछे एक प्रमुख कारण रहा है। अब तक खेले गए 12 मैचों में, मध्य क्रम के बल्लेबाज ने 188.17 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट के साथ 53 की औसत से 318 रन बनाए हैं। पॉडकास्ट पर जब स्टब्स से कुलदीप यादव की ट्रेडमार्क रोंग-अन डिलीवरी का सामना करने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने दोहराया कि बार-बार प्रयासों के बावजूद भारत के स्टार बाएं हाथ के चाइनामैन स्पिनर ने उन्हें गेंदबाजी करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वह इसे रहस्य बनाए रखने की कोशिश कर रहा है, इसलिए मैं आपको यह नहीं बता सकता कि मैंने उसका सामना करने की कोशिश की है लेकिन वह ऐसा नहीं कर सका। अपना पहला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे स्टब्स टी-20 विश्व कप के दौरान दक्षिण अफ्रीका के लिए अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं।

राइफल/पिस्टल शूटिंग

# मनु, अनीश, ओलंपिक चयन ट्रॉयल में शीर्ष स्थान के लिए तैयार



> ■ अनीश ने पुरुषों की 25 मीटर आरएफपी में 587 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। ओलंपियन मनु भाकर और भारत के शीर्ष पुरुष रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) निशानेबाज अनीश भनवाला पहले ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) राइफल/पिस्टल में क्रमश: उनके 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी3 मैचों में ठोस व क्वालीफिकेशन राउंड में शीर्ष स्थान पर बने रहे। भोपाल की एमपी राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में निशाना साधते हुए, अनीश ने पुरुषों की 25 मीटर आरएफपी में 587 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं, क्योंकि दोनों ने प्रत्येक स्पर्धा में पांच निशानेबाजों के बीच शीर्ष रैंक बनाए रखी। फाइनल रविवार को खेला जाएगा जब पांच योग्य निशानेबाजों को जीतने के लिए महत्वपूर्ण पोडियम अंक मिलेंगे। महिला पिस्टल वर्ग में, रिदम सांगवान ने दिल्ली में अपने मानकों के अनुसार दो सामान्य प्रदर्शन करने के बाद 586 के शीर्ष स्कोर के साथ वापसी की, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ ने मनु भाकर को 585 के साथ इनर 10 के माध्यम से पीछे छोड़ दिया। ईशा सिंह (579) चौथे और अभिदन्या अशोक पाटिल (575) पांचवें स्थान पर रहीं। इसका मतलब यह है कि रविवार को फाइनल में चाहे कुछ भी हो, मनु अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से कम से कम चार अंकों की बढ़त के साथ चौथे ट्रायल में उतरेंगी। दूसरे स्थान के लिए फिलहाल ईशा, रिदम और सिमरनप्रीत के बीच कड़ी टक्कर है।

## कामरान ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली,** 11 मई (एजेंसियां)। तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की पहली सीरीज में पाकिस्तान पर आयरलैंड की ऐतिहासिक जीत के बाद, पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों पर टीम की सामूहिक भलाई के बजाय व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया है। आयरलैंड के लिए अनुभवी एंडी बालबर्नी ने 55 गेंदों में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 77 रनों की पारी खेली, जिससे उन्होंने पाकिस्तान को 20 ओवरों में 182/6 पर रोकने के बाद एक गेंद शेष रहते 183/5 रन बनाकर लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। पाकिस्तान की यह टीम एक अजीब श्रृंखला से बाहर आ रही है जिसमें उन्हें घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड की दूसरी पंक्ति की टीम के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेलना पड़ा। उनकी खराब फॉर्म जारी है क्योंकि टीम आयरलैंड के खिलाफ शर्मनाक तरीके से हार गई, एक ऐसी टीम जिसका सामना उन्हें प्रतियोगिता के ग्रुप चरण में ग्रुप ए में भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के साथ करना था। अकमल ने अपने यूट्यूब चैनल, कैच एंड बैट विद अकमल पर कहा कि जब हम अच्छी क्रिकेट खेलने की कोशिश करेंगे तो हम बेहतर हो जाएंगे।



# वेस्टइंडीज 2024 में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश की मेजबानी करेगा

**सेंट जॉन्स (एंटीगा),** 11 मई (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज बहु-प्रारूप श्रृंखला के लिए मई से दिसंबर, 2024 के बीच दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की शुरुआत से पहले, 23 मई से सबीना पार्क में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के साथ घरेलू दौरे शुरू होंगे। जुलाई में इंग्लैंड के वेस्टइंडीज टेस्ट दौरे के बाद प्रोटियाज़ इस क्षेत्र में लौट आएंगे, जिसमें दो (2) टेस्ट मैचों की श्रृंखला त्रिनिदाद और गयाना में खेली जाएगी, जिसके बाद ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में दूसरी तीन (3) मैचों की टी20 श्रृंखला होगी। अक्टूबर में श्रीलंका में सफेद गेंद के दौरे के बाद, वेस्टइंडीज 31 अक्टूबर से तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जो एंटीगा, बारबाडोस और सेंट लूसिया में खेले जाएंगे। इसके बाद बांग्लादेश सभी प्रारूपों के दौरे के लिए 22 नवंबर से 19 दिसंबर के बीच कैरेबियाई दौरा करेगा, जिसमें एंटीगा और जमैका में दो टेस्ट मैच, सेंट किट्स एंड नेविस में तीन वनडे और सेंट विंसेंट में तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। वेस्टइंडीज 2014 के बाद पहली बार सेंट विंसेंट के अर्नोस वेले ग्राउंड में वापसी करेगा। बांग्लादेश एंटीगा में टेस्ट से पहले एक अभ्यास मैच भी खेलेगा। सीडब्ल्यूआई के मुख्य कार्यकारी, जॉनी ग्रेव ने कहा कि हमें शेष वर्ष के लिए अपनी वेस्ट इंडीज मेन्स होम सीरीज़ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो 2012 के बाद पहली बार सेंट विंसेंट सहित वेस्ट इंडीज में हमारे आठ मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश का स्वागत करेंगे। ग्रेनेडा में नेशनल स्टेडियम और डोमिनिका में विंडसर पार्क में महत्वपूर्ण सुधार किए जाने के कारण हम इस साल वहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी करने में असमर्थ रहे, लेकिन हम पहले से ही 2025 में दोनों स्थानों पर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं।



> ■ वेस्टइंडीज 2014 के बाद पहली बार सेंट विंसेंट के अर्नोस वेले ग्राउंड में वापसी करेगा।